

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- घुसपैठियों को बचा रहीं ममता
- 12



शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 753 अंक उछला
- 12



कांग्रेस ने बिरला को दिया प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस
- 13



शहीद अग्निवीर की मां की याचिका पर केंद्र ने चार महीने बाद भी नहीं दिया जवाब
- 14


आज का मौसम
42.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.38
सूर्यास्त 06.35

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:49 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 22 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 241, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## चूल्हे की चिंता



कानपुर में एक गैस एजेंसी के बाहर एलपीजी गैस भरवाने के लिए सुबह से ही लाइनें लगनी शुरू हो गईं, जो दोपहर तक लंबी कतार में बदल गईं। चिलचिलाती धूप और भीषण लू के थपेड़ों के बीच लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए।

# क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को सबरीमाला अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी से पूछा कि क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं है। कोर्ट की यह टिप्पणी मुख्य पुजारी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर जाता है तो यह किसी देवता की विशेषताओं के विरोध में नहीं हो सकता।

नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव व विभिन्न आस्थाओं को मानने वाले लोगों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। पीठ ने 'तंत्री' की



ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरि ने कहा कि किसी भी मंदिर में संपन्न होने वाले समारोहों और अनुष्ठानों की प्रकृति धर्म का अभिन्न अंग है और इसलिए यह एक धार्मिक प्रथा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रथा का जारी रहना, जो एक आवश्यक धार्मिक प्रथा है, पूजा के अधिकार का एक हिस्सा होगा जो धर्म या धार्मिक

### सबरीमाला मामला

- सुप्रीम कोर्ट ने पूछा - क्या जन्म या वंश के आधार पर भगवान को छूने से रोकना संवैधानिक है
- नौ जजों की संविधान पीठ भेदभाव व धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं पर कर रही है सुनवाई

संप्रदाय में विश्वास रखने वाले प्रत्येक सदस्य के लिए है। गिरि ने कहा, जब कोई भक्त पूजा के लिए मंदिर जाता है, तो वह देवता के गुणों के विरुद्ध नहीं जा सकता, क्योंकि उसका उद्देश्य देवता की पूजा करना है। भक्त देवता में निहित दिव्य ओज के प्रति समर्पण करता है। उसे देवता के मूल गुणों को स्वीकार करना होता है।

### सृष्टिकर्ता और सृष्टि में कोई अंतर नहीं हो सकता : न्यायमूर्ति अमानुल्ला

न्यायमूर्ति अमानुल्ला ने प्रश्न किया, जब मैं किसी मंदिर में जाता हूं, तो मेरी मूल मान्यता यह होती है कि वह भगवान है, वह मेरा सृष्टिकर्ता है, उसने मुझे बनाया है, है ना? न्यायमूर्ति अमानुल्ला ने कहा, मैं वहां शत प्रतिशत आस्था के साथ जाता हूं। मैं पूरी तरह समर्पित हूं, मेरे हृदय में कोई अशुद्धता नहीं है और वहां मुझे बताया जाता है कि जन्म, वंश या किसी विशेष परिस्थिति के कारण, आपको देवता को छूने की अनुमति नहीं है। अब, क्या संविधान मेरी मदद नहीं करेगा? उन्होंने कहा कि सृष्टिकर्ता और सृष्टि में कोई अंतर नहीं हो सकता। इस पर गिरि ने उत्तर दिया कि यदि किसी के पुजारी बनने पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो इसका ध्यान या तो अनुच्छेद 25(2)(बी) कानून द्वारा रखा जाए या इसका ध्यान स्वयं राज्य द्वारा रखा जाए। यदि पुजारी का अर्थ वह व्यक्ति है जिसे शास्त्रों में पूजा-अर्चना करने और देवता की आराधना करने का निर्देश दिया गया है, यदि किसी व्यक्ति के जन्म के आधार पर पुजारी बनने और फिर 'सेवा' करने पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो इसका समाधान या तो अनुच्छेद 25(2)(ख) के तहत कानून बनाकर किया जाएगा या राज्य द्वारा स्वयं किया जाएगा।" मामले में सुनवाई जारी है।

## ब्रीफ न्यूज

### शरद पवार मुंबई में अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य शरद पवार को स्वास्थ्य जांच के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 85 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार को दो दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक सूत्र ने बताया, उन्हें जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोई गंभीर बात नहीं है। हाल ही में, पवार ने व्हीलचेयर पर बैठकर राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने दिल्ली में मीडिया को भी संबोधित किया था। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पवार को इस साल फरवरी में, सीने में संक्रमण और शरीर में पानी की कमी के कारण दो बार पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### 20 महिला कर्मियों के उत्पीड़न का आरोप

**चंडीगढ़।** एक सरकारी स्कूल की 20 से अधिक महिला कर्मियों ने एक पुरुष शिक्षक के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई और उस पर कामकाज का प्रतिकूल वातावरण बनाने का आरोप लगाया है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला कर्मियों ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में, महिलाओं ने अपने पुरुष सहकर्मी पर प्रतिकूल, असुरक्षित और अपमानजनक वातावरण बनाने का आरोप लगाया।

# विपक्ष के खिलाफ मुख्यमंत्री संग सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पदयात्रा, हजारों महिलाओं की भागीदारी

- योगी ने विपक्ष पर लगाया महिला विरोधी होने का आरोप, कहा- सबक सिखाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पद यात्रा का नेतृत्व संभाला, तो कड़ी धूप के बावजूद जनसैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा हाथ में लहराते समूचा मंत्रिमंडल, भाजपा और सहयोगी दलों के शीर्ष नेता भी कदमताल करते दिखे।

हजारों महिलाओं का हुजूम कांग्रेस-सपा समेत विपक्षी दलों के खिलाफ बैनर-पोस्टर और तख्तियों के साथ आक्रोशित नजर आया। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आधी आबादी अब सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक पहुंची इस रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री




लखनऊ में आयोजित 'जन आक्रोश महिला पद यात्रा' में सम्मिलित मुख्यमंत्री योगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया।

उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाएं इस अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रही हैं और लखनऊ की यह पदयात्रा उसी जनभावना का प्रतीक है।

### धधक रहा था महिलाओं का आक्रोश

सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ हुई इस पदयात्रा के समय भी चुभने वाली तेज धूप थी, लेकिन महिलाओं का आक्रोश उससे कहीं अधिक धधक रहा था। सुबह 7 बजे से ही मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं का जुटना शुरू हो गया था। हाथों में विपक्ष की कुत्सित राजनीति की निंदा करते हुए स्लोगन लिखी हुई तख्तियां और 'बहन- बेटियों का अपमान-नहीं सहेगा हिंदुस्तान, महिला अधिकारों पर वार-सपा-कांग्रेस जिम्मेदार, कांग्रेस का हाथ-नारी शक्ति के खिलाफ, नारी के सम्मान में-एनडीए मैदान में' जैसे गूंजते नारों के साथ यह रैली विपक्ष को बेनकाब करती हुई आगे बढ़ी। हर कदम पर महिलाओं का हुजूम साफ संदेश दे रहा था कि आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं, कोई चुप्पी नहीं, कोई माफी नहीं। महिलाओं ने सपा और कांग्रेस के विरुद्ध नारेबाजी की और महिला-विरोधी मानसिकता को खुलकर चुनौती दी।

### अभूतपूर्व दृश्य, सरकार ही सड़क पर

लखनऊ के लिए यह एक अभूतपूर्व दृश्य था, जब पूरी सरकार ही सड़क पर थी। हजारों महिलाओं संग मुख्यमंत्री योगी सबसे आगे थे। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सहयोगी दलों के नेता, मंत्रिमंडल के सदस्यों और भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला। युवा, वृद्ध, छात्राएं और कामकाजी महिलाएं, हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। आम जनता ने भी तालियों और नारों से इस पदयात्रा का समर्थन कर फूल बरसाए।

# वार्ता में शामिल होगा ईरान, ट्रंप बोले समझौता नहीं हुआ तो करेंगे बमबारी

इस्लामाबाद, एजेंसी

अमेरिका और ईरान ने संकेत दिया है कि वे इस्लामाबाद में नए दौर की युद्धविराम वार्ता में शामिल होंगे। दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब न तो अमेरिका और न ही ईरान ने सार्वजनिक रूप से वार्ता के समय की पुष्टि की है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर तेहरान बुधवार को समाप्त हो रहे दो सप्ताह के युद्धविराम से पहले अमेरिका के साथ किसी समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो वह ईरान पर बमबारी शुरू कर देंगे।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि की गई है कि शीर्ष वार्ताकार, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कलिबाफ, वार्ता में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए बुधवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम समाप्त होने वाला है। दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं।

ईरान के मुख्य वार्ताकार ने कहा है कि तेहरान के पास युद्ध के मैदान में ऐसे नए पत्ते हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। अगर बातचीत फिर से शुरू होती है तो युद्धविराम की अवधि बढ़ने की संभावना है। 'व्हाइट हाउस' ने कहा है कि वेंस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, लेकिन ईरान ने यह नहीं बताया है कि वह किसे भेजेगा। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को एक संदेश प्रसारित किया जिसमें कहा गया कि ईरान से कोई प्रतिनिधिमंडल अभी तक इस्लामाबाद नहीं गया है। होर्मुज पर नियंत्रण वार्ता की कुंजी है।

- सीजफायर पर आर या पार, आज संघर्षविराम की समय सीमा हो रही खत्म
- पाकिस्तान में नए दौर की युद्धविराम वार्ता से जुड़े क्षेत्रीय अधिकारियों ने दिए संकेत



### अमेरिकी सेना का ईरान के पूर्व में प्रतिबंधित पोत पर कब्जा

**वाशिंगटन।** रक्षा विभाग ने मंगलवार को बताया कि अमेरिकी सेना के जवान एक तेल टैंकर पर धावा बोलकर उसपर सवार हो गए और उसे अपने कब्जे में ले लिया है। इस टैंकर पर पहले एशिया में ईरानी कच्चे तेल की तस्करी के आरोप में प्रतिबंध लगाया गया था। पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी सेना ने यात्रा के अधिकार के तहत समुद्री अवरोध उत्पन्न किया और एम/टी टिफानी नामक टैंकर पर उसके जवान बिना किसी प्रतिरोध के सवार हो गए। जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि टिफानी श्रीलंका और इंडोनेशिया के बीच हिंद महासागर में था। घोषणा के अनुसार यह घटना रात में घटित हुई।

# जब मानवता की हदें पार कर दी जाती हैं तो जवाब निर्णायक होता है : सेना


- बरसी से एक दिन पहले भारतीय सेना की आतंकियों को चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का अपना संकल्प दोहराया और कहा, जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है। पिछले साल 22 अप्रैल को, आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों को मार डाला था, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने इसके जवाब में 7 मई को एक सैन्य अभियान शुरू किया और पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ढांचों को तबाह कर दिया।

सेना ने एक्स पर कहा, भारत एकजुट है। इस पोस्ट में एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें भारत के मानचित्र की छायांकित तस्वीर के साथ कैप्शन है- 'सम बाउंड्रीज शुड नेवर बी क्रॉस्ड' (कुछ हदें कभी पार नहीं की जानी चाहिए)। इसमें अंग्रेजी शब्द 'क्रॉस्ड' का 'ओ' अक्षर सिंदूर की एक कटोरी की तरह चित्रित किया गया है और नीचे सुर्ख लाल रंग में लिखा है इंडिया डज नॉट फॉरगेट (भारत भूलता नहीं है)। भारत ने पहलगाम हमले के बाद गत वर्ष सात-आठ मई की दरमियानी रात को निर्णायक सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। सेना ने देर रात 1.51 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, पहलगाम आतंकी हमले में इंसाफ किया गया है। जय हिंद। इसके साथ ही एक डिजिटल पोस्टर भी था जिस पर 'ऑपरेशन सिंदूर' लिखा था। सरकार ने इस अभियान को यही नाम दिया था। बाद में पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले शुरू किए, और भारत के बाद के सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए।

### पहलगाम अटैक की पहली बरसी आज



पहलगाम में टूरिस्ट स्थल पर मोटरबोट से गस्त करते सुरक्षाकर्मी।

# विधायक निधिः 12.47 अरब रुपये मंजूर

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 12 अरब 47 करोड़ 50 लाख की धनराशि जारी करने की स्वीकृति दी है।

इस राशि में विधानसभा के 403 में से 400 सदस्यों (3 सीटें रिक्त) के लिए 10 अरब तथा विधान परिषद के 100 में से 99 सदस्यों (1 सीट रिक्त) के लिए 2 अरब 47 करोड़ 50 लाख शामिल हैं। इस प्रकार कुल 499 (400 99) जनप्रतिनिधियों को प्रथम किश्त के रूप में प्रति सदस्य 2 करोड़ 50 लाख (जीएसटी सहित) की धनराशि दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों और शासनादेशों के अनुरूप ही किया जाए। विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए।



- हर जनप्रतिनिधि को 2.5 करोड़ 499 सदस्यों को मिलेगा लाभ

# दो साल से कम अंतर पर भी दूसरा मातृत्व अवकाश मान्य

विधि संवाददाता, लखनऊ

### हाईकोर्ट का फैसला

- कहा, सरकार की वित्तीय हैंड बुक मातृत्व लाभ कानून के ऊपर नहीं

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि पहली मातृत्व अवकाश लेने के दो वर्ष के भीतर दूसरे मातृत्व अवकाश पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

कोर्ट ने यह भी कहा कि इस विषय में वित्तीय हैंडबुक के प्रावधान मातृत्व लाभ कानून के ऊपर नहीं हो सकते। उक्त आदेश न्यायमूर्ति करुणेश की एकल पीठ ने मनीषा यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में 4 अप्रैल 2026 को पारित उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके जरिए याची की दूसरी मातृत्व अवकाश की मांग को अस्वीकार कर दिया गया था। याची की ओर से अधिवक्ता चिन्मय मिश्रा ने दलील दी कि मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 एक लाभकारी कानून है और इसके प्रावधानों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वहीं, राज्य की ओर से वित्तीय हैंडबुक के नियम 153(1) का हवाला देते हुए कहा गया कि दो प्रसूति अवकाश के बीच कम से कम दो वर्ष का अंतर होना आवश्यक है। कोर्ट ने पूर्व के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि मातृत्व लाभ अधिनियम संसद द्वारा बनाया गया कानून है और यह किसी भी कार्यपालिका निर्देश या वित्तीय हैंडबुक के प्रावधानों से ऊपर है। ऐसे में, यदि दोनों में कोई विरोधाभास हो, तो अधिनियम के प्रावधान ही प्रभावी होंगे। कोर्ट ने पाया कि याची की पहली संतान 2021 में हुई थी और इसके बाद उन्होंने वर्ष 2022 में दूसरी प्रसूति अवकाश के लिए आवेदन किया था, जिसे गलत आधार पर खारिज कर दिया गया।

# एप्पल के सीईओ पद से हटेंगे टिम कुक जॉन को सौंपेंगे कमान

**सैन फ्रांसिस्को।** एप्पल के सीईओ टिम कुक ने अपने पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी है और उनके बाद कंपनी के हार्डवेयर इंजीनियरिंग प्रमुख जॉन टर्नस यह जिम्मेदारी निभाएंगे। स्टीव जॉब्स के बाद यह जिम्मेदारी संभालने वाले टिम कुक का सीईओ के रूप में लगभग 15 साल का कार्यकाल सितंबर में समाप्त हो जाएगा। उनके कार्यकाल में आईफोन की बढ़ती मांग के कारण कंपनी का बाजार मूल्य 3,600 अरब डॉलर से भी अधिक पहुंच गया। कुक (65) एक सितंबर को सीईओ की जिम्मेदारियां जॉन टर्नस को सौंप देंगे लेकिन वह कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो स्थित इस कंपनी में कार्यकारी चेयरमैन के तौर पर जुड़े रहेंगे।

### चेतावनी

आईएमडी के महानिदेशक ने कहा- कुछ इलाके मौसम की दृष्टि से संवेदनशील, यूपी समेत अन्य राज्यों में पड़ेगी भीषण गर्मी

# उत्तर भारत में सामान्य से अधिक दिनों तक चलेगी हीट वेव

नई दिल्ली, एजेंसी

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि इस साल सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों के उत्तरी हिस्से, पूर्वी तटीय राज्यों, पश्चिमी राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र तथा उनसे लगे क्षेत्रों में सामान्य से अधिक दिनों तक हीट वेव चलने की आशंका है। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां मौसम की दृष्टि से हर साल अत्यधिक गर्मी पड़ने की आशंका बनी रहती है।

इन इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना है, ऐसा उन क्षेत्रों में भी हो सकता है जहां शायद ऊष्ण लहर नहीं चलती है। उन्होंने कहा, कुछ इलाके मौसम की दृष्टि से संवेदनशील हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में साल के इस समय सामान्य तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। इसी तरह उत्तर प्रदेश और हरियाणा में मई आने तक सामान्य तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। महापात्रा ने कहा, इसलिए हमें अधिक तापमान वाले ऐसे दिनों के लिए तैयार रहना चाहिए। जिन लोगों के मौसम की चरम परिस्थितियों से सर्वाधिक प्रभावित होने का खतरा है, उनकी मदद के लिए आईएमडी की ओर से उठाए जा रहे कदमों के बारे में पूछे जाने पर महापात्रा ने कहा कि विभाग ने रेहड़ी-पटरी वालों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों समेत खुले में रहने वाले लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए ''व्हाट्सएप'' समूह बनाए हैं। इसके अलावा सूचना पट भी लगाए गए हैं, जिन पर गर्मी की स्थिति और उससे बचाव के लिए किए जा सकने वाले उपायों की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति तक पहुंचना और मौसम संबंधी आईएमडी के पूर्वानुमान की जानकारी उपलब्ध कराना है। हम सरकार के माध्यमों से भी जानकारी देते हैं। इनमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) का साझा चेतावनी प्रोटोकॉल (कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल) भी शामिल है, जिससे मोबाइल फोन रखने वाला कोई भी व्यक्ति यह जानकारी प्राप्त कर सकता है।



- इन इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना

### हर दिन जिला स्तर पर चेतावनी की जाती है जारी

महापात्रा के अनुसार, हर साल खासकर अप्रैल और मई तथा मानसून से पहले जून में तापमान अधिक रहने की संभावना रहती है लेकिन साल-दर-साल इसमें कुछ अंतर हो सकता है। तापमान में सालाना और रोजाना होने वाले उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए आईएमडी एक सीजन पहले ही ऊष्ण लहर का पूर्वानुमान जारी करता है। इसके बाद हर गुरुवार अगले चार सप्ताह के लिए विस्तारित अवधि का पूर्वानुमान भी जारी किया जाता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के महीनों में हर दिन जिला स्तर पर सात दिन की चेतावनी भी जारी की जाती है। आईएमडी ने फरवरी के अंत तक मार्च, अप्रैल और मई के लिए ऊष्ण लहर और गर्मियों के तापमान का पहला पूर्वानुमान जारी किया था। बाद में मार्च के आखिरी दिन अप्रैल, मई और जून के लिए इसे अद्यतन किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच कई स्थानों पर ऊष्ण लहर की स्थिति बन सकती है।

**न्यूज ब्रीफ**

## यूपी विधानसभा का दूसरा सत्र 30 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा का वर्ष 2026 का द्वितीय सत्र 30 अप्रैल से शुरू होगा। विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद से पारित न होन के खिलाफ चर्चा कराना है। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस सत्र को आहूत करने की मंजूरी दे दी है। विधानसभा सचिवालय प्रशासन के मुताबिक, गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को प्रात: 11 बजे से विधानसभा मंडप, विधान भवन, लखनऊ में सत्र की कार्यवाही प्रारंभ होगी। यह सत्र वर्ष 2026 का दूसरा सत्र होगा, जिसमें सरकार विभिन्न विधायी और नीतिगत कार्यों को आगे बढ़ा सकती है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, सत्र बुलाने का यह निर्णय संवैधानिक प्रक्रिया के तहत लिया गया है। आमतौर पर ऐसे सत्रों में सरकार द्वारा विधेयक पेश किए जाते हैं, महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर चर्चा होती है और विपक्ष को भी अपने मुद्दे उठाने का अवसर मिलता है।

## आवास विकास बोर्ड बैठक कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक 23 अप्रैल को महात्मा गांधी मार्ग स्थित मुख्यालय के नवीन सभागार में प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में होगी। बैठक में परिषद की विकसित कालोनियों में सम्पत्तियों के दाम बढ़ाने की तैयारी है। इनमें लखनऊ की वृंदावन योजना और अवध विहार योजना शामिल हैं। यहां डीएम सर्किल रेट के बराबर जमीन की कीमत निर्धारित की जाएगी। जहां कालोनियां अभी विकसित हो रही हैं वहां 8.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से जमीन की कीमत बढ़ाई जाएगी। बोर्ड बैठक में मार्जिन कॉस्ट लैंड रेट (एमसीएलआर) अधिनियम परिषद अंगीकृत करेगा। नई योजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण और संचालन के लिए बजट बढ़ाया जाएगा। भूमि अधिग्रहण के लिए करीब 1500 करोड़ और विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये का बजट पास हो सकता है। लखनऊ के मोहनलालगंज में न्यू जेल रोड पर जल्द ही लैंड पूलिंग पर अपनी पहली योजना शुरू करने जा रहा है।

## ऊर्जा संविदा कर्मियों का सत्याग्रह तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के संविदा कर्मियों ने मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर मंगलवार को सभी जिलों में सत्याग्रह किया गया। महासंघ अध्यक्ष आरएस राय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा में संविदा कर्मियों को विभाग से वेतन भुगतान, वेतन वृद्धि और ईपीएफ की सुविधा देने की घोषणा की गई थी, लेकिन पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों को इससे बाहर रखना चाहता है। प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने कहा कि छंटनी और ठेकेदारों के शोषण से बचने के लिए आउटसोर्स निगम में शामिल होना आवश्यक है। महासंघ के मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पाण्डेय ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 मई को प्रस्तावित कार्य बहिष्कार के बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई, तो पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। संविदा कर्मियों का यह आंदोलन आने वाले दिनों में और व्यापक रूप ले सकता है, जिससे प्रदेश की बिजली व्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

# विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दिखेगी 'आधी आबादी' की ताकत



लखनऊ में हुए प्रदर्शन में महिलाओं ने कुछ ऐसे विरोध दर्ज कराया।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर हर स्तर पर जवाब की तैयारी**
- **महिला मंत्रियों समेत हजारों की भागीदारी, विपक्ष पर तीखा हमला**

**अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर राजधानी में आयोजित 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' ने साफ संकेत दिया कि आने वाले 2027 विधानसभा और 2029 लोकसभा चुनाव में महिलाएं निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

पदयात्रा में प्रदेश सरकार की कई महिला मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों ने भाग लिया। मंच से वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक को गिराकर विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों का हनन किया है, जिसका जवाब अब पंचायत से लेकर संसद तक दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि महिलाओं को विपक्ष की "संकीर्ण सोच" को पहचानना होगा और अपने अधिकारों के लिए संगठित होना होगा। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने वोट की ताकत से 2027 और 2029 में स्पष्ट संदेश दें।

महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि संसद में विधेयक के विरोध के दौरान विपक्षी महिला सांसदों का व्यवहार "दुर्भाग्यपूर्ण" रहा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस "अपमान" को याद रखें और लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दें। पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए यह पहल लेकर आए, लेकिन विपक्ष ने इसे रोककर अपनी मानसिकता उजागर कर दी। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं एकजुट होकर अपनी शक्ति का परिचय देंगी। पदयात्रा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं की भागीदारी ने इसे व्यापक जनसमर्थन का स्वरूप दिया। नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई का प्रतीक है, जो आने वाले चुनावों में निर्णायक असर डालेगा।

### चुनावी असर का संकेत

इस पदयात्रा ने साफ कर दिया है कि महिला मतदाता अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि राजनीति की दिशा तय करने वाली शक्ति बन चुकी हैं। नेताओं ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि यदि महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी हुई, तो उसका जवाब सीधे चुनाव में मिलेगा। 2027 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर दिया गया संदेश इस आंदोलन को राजनीतिक रूप से और महत्वपूर्ण बनाता है। महिला भागीदारी का यह स्तर संकेत देता है कि आने वाले समय में चुनावी रणनीतियों में 'आधी आबादी' केंद्र में रहेगी और कोई भी दल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकेगा।

### महिला नेतृत्व की मजबूत उपस्थिति

पदयात्रा की एक खास बात महिला नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी रही। प्रदेश सरकार की महिला मंत्रियों से लेकर संगठन की पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि तक, सभी ने मंच और सड़क दोनों जगह अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इससे यह संदेश गया कि महिलाओं की भूमिका केवल समर्थक की नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भी है। विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने भी इस आंदोलन को मजबूती दी। यह सहभागिता दर्शाती है कि महिला सशक्तिकरण अब केवल नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर एक सशक्त जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

# विपक्ष के खिलाफ सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी की अगुवाई में निकली पदयात्रा में शामिल हुईं हजारों महिलाएं



सपा के विरोध में बैनर लहराती महिला।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पद यात्रा का नेतृत्व संभाला, तो कड़ी धूप के बावजूद जनसैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा हाथ में लहराते समूचा मंत्रिमंडल, भाजपा और सहयोगी दलों के शीर्ष नेता भी कदमताल करते दिखे। हजारों महिलाओं का हुजूम कांग्रेस-सपा समेत विपक्षी दलों के खिलाफ बैनर-पोस्टर और तख्तियों के साथ आक्रोशित नजर आया। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आधी आबादी अब सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक पहुंची इस रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाएं इस अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रही हैं और लखनऊ की यह पदयात्रा उसी जनभावना का प्रतीक है। सुबह 7 बजे से ही 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ा और धूप तेज होती गई, वैसे-वैसे महिलाओं का जोश और आक्रोश भी बढ़ता गया। हाथों में पोस्टर-बैनर लिए महिलाएं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करती नजर आईं। पदयात्रा शुरू होने से पहले ही मुख्यमंत्री आवास के बाहर हजारों महिलाओं का हुजूम जुट चुका था। मंच से नेताओं ने इस भागीदारी को नारी शक्ति का प्रतीक बताया और महिलाओं के संकल्प को नमन किया। करीब 9 बजे जैसे ही कार्यक्रम ने गति पकड़ी, महिलाओं ने 'नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान', 'महिला आरक्षण पर राजनीति बंद करो' जैसे नारों के साथ विरोध दर्ज कराया। पोस्टरों पर विपक्ष पर महिला विरोधी होने के आरोप लिखे हुए थे।


मुख्यमंत्री योगी की अगुवाई में 5-कालीदास मार्ग से निकली जन आक्रोश यात्रा में तिरंगे, तख्तियां और बैनर लेकर शामिल महिलाएं व अन्य।

### सूरज से अधिक धधकता दिखा महिलाओं का आक्रोश

सुबह करीब 10 बजे मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ हुई इस पदयात्रा के समय भी चुभने वाली तेज धूप थी, लेकिन महिलाओं का आक्रोश उससे कहीं अधिक धधक रहा था। सुबह 7 बजे से ही मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं का जुटना शुरू हो गया था। हाथों में विपक्ष की कुत्सित राजनीति की निंदा करते हुए स्लोगन लिखी हुईं तख्तियां और 'बहन- बेटियों का अपमान-नहीं सहेगा हिंदुस्तान, महिला अधिकारों पर वार-सपा-कांग्रेस जिम्मेदार, कांग्रेस का हाथ-नारी शक्ति के खिलाफ, नारी के सम्मान में-एनडीए मैदान में' जैसे गूंजते नारों के साथ यह रैली विपक्ष को बेनकाब करती हुई आगे बढ़ी। हर कदम पर महिलाओं का हुजूम साफ संदेश दे रहा था कि आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं, कोई चुप्पी नहीं, कोई माफी नहीं। महिलाओं ने सपा और कांग्रेस के विरुद्ध नारेबाजी की और विपक्ष की महिला-विरोधी मानसिकता को खुलकर चुनौती दी।

### तख्तियां और पोस्टर पर दिखे विपक्ष के खिलाफ तीखे संदेश

पदयात्रा में शामिल महिलाओं के हाथों में तख्तियां और पोस्टर थे, जिन पर विपक्ष के खिलाफ तीखे संदेश लिखे थे। 'सपा की पहचान—नारी शक्ति का अपमान', 'महिला आरक्षण पर घटिया राजनीति बंद करो', 'आधी आबादी का हक दिलाओ' जैसे नारों ने पूरे माहौल को गरमा दिया। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि उनके अधिकारों के साथ समझौता स्वीकार नहीं है। यह विरोध केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सम्मान और बराबरी की लड़ाई है। नारों की गूंज ने यह स्पष्ट कर दिया कि महिलाएं अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और मुखर हो चुकी हैं।

### पूरे मार्ग पर दिखा अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम

राजधानी लखनऊ के लिए यह एक अभूतपूर्व दृश्य था, पूरी सरकार ही सड़क पर थी। हजारों महिलाओं संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे आगे थे। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सहयोगी दलों के नेता, मंत्रिमंडल के सदस्यों और भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला। युवा, वृद्ध, छात्राएं और कामकाजी महिलाएं, हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। जगह-जगह आम जनता ने भी तालियों और नारों के साथ इस पदयात्रा का समर्थन-स्वागत और फूल भी बरसाए।



धूप से बचने को सिर पर पंफलेट पहने महिला।

## मंच पर पहुंचते ही महिलाओं ने योगी का किया नारों से स्वागत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** करीब 9:40 बजे योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचते ही माहौल और उत्साहित हो उठा। महिलाओं ने जोरदार नारे लगाते हुए उनका स्वागत किया। इसके बाद करीब 10 बजे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पदयात्रा शुरू हुई, जो मुख्यमंत्री आवास से सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक पहुंची। तपती धूप के बावजूद हजारों महिलाएं बिना रुके, बिना थके पदयात्रा में शामिल रहीं।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पूरी यात्रा पैदल तय की। रास्ते भर लोगों ने उनका अभिवादन किया और पदयात्रा में शामिल महिलाओं के समर्थन में नारे लगाए। विधान भवन के सामने समापन पर मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं का आभार जताते हुए कहा कि यह आक्रोश नारी सम्मान के लिए है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### कई जिलों से आईं महिलाएं

इस पदयात्रा में केवल राजधानी ही नहीं, बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। हरदोई, बाराबंकी, उन्नाव और अयोध्या सहित कई जिलों से महिलाएं सुबह-सुबह लखनऊ पहुंचीं। छात्राएं, गृहिणियां और कामकाजी महिलाएं—हर वर्ग की भागीदारी ने इस आयोजन को व्यापक स्वरूप दिया।


जन आक्रोश यात्रा में शामिल मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, ओपी राजभर, पंकज चौधरी व अन्य।

**साजिश**

**फर्जी कॉन्फ्रेंस के नाम पर छात्राओं को दिल्ली ले जाने की थी तैयारी, पुलिस कर रही जांच**

# केजीएमयू में पकड़ा गया फर्जी डॉक्टर, धर्मांतरण रैकेट की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन ने मंगलवार को एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए धर्मांतरण रैकेट की आशंका में एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी हस्साम अहमद 12वीं पास है, लेकिन खुद को मेडिकल छात्र बताकर विवि में सक्रिय था।

केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने ब्राउन हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मड़ियांव के अजीज नगर सेमरा गौढ़ी निवासी आरोपी ने कार्डियो सेवा संस्थान नाम से एक ट्रस्ट बना रखा था। वह विश्वविद्यालय में घूमकर खुद को सीनियर छात्र बताता और छात्रों-छात्राओं पर प्रभाव जमाता था। इतना ही नहीं, वह इलाज के लिए आने वाले मरीजों से वसूली भी करता था। जांच में सामने आया कि 13 अप्रैल को आरोपी ने केजीएमयू की कई छात्राओं को दिल्ली में होने वाली एक कथित कॉन्फ्रेंस के नाम पर फर्जी चयन पत्र जारी किया। इस पत्र पर प्रो. केके सिंह के फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें अमेरिका के डॉक्टरों से मुलाकात का लालच भी दिया गया था। आरोपी इन छात्राओं को 29 अप्रैल को दिल्ली ले जाने की तैयारी में था। इससे पहले 20 अप्रैल को वह छात्राओं को हुसैनाबाद घंटाघर के पास लगे एक चिकित्सा शिविर में भी ले गया था। छात्राएं उसके प्रभाव में थीं और उसके साथ दिल्ली जाने को तैयार थीं। मामला संदिग्ध लगने पर प्रशासन ने फर्जी पत्र जब्त किया और शिविर की जांच की। मंगलवार को जैसे ही आरोपी जनरल सर्जरी विभाग के पास पहुंचा, छात्रों की मदद से उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उसके खिलाफ तहरीर दे दी गई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



पत्रकारों को जानकारी देते डॉ.केके सिंह, डॉ. प्रेमराज सिंह, डॉ. ओपी सिंह और डॉ. अमिय अग्रवाल और मीडिया के सवालों का जवाब देता आरोपी हस्साम अहमद। अमृत विचार

### ऐसे लेता था झांसे में

आरोपी हस्साम अहमद ने स्वीकार किया है कि वह केजीएमयू का डीन बनकर व्हाट्सएप पर छात्रों से संपर्क करता था। उसकी प्रोफाइल फोटो में डीन की तस्वीर लगी होने के कारण छात्र-छात्राएं आसानी से उसके प्रभाव में आ जाते थे। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले छात्रों से विश्वास कायम करता, फिर उन्हें एक कथित कॉर्डियो सेवा फाउंडेशन से जोड़ने का लालच देता था। वह फाउंडेशन के नाम पर पुरस्कार, सम्मान और करियर में मदद का झूठा सपना दिखाता था। इसी जाल में फंसकर एक छात्रा पूरी तरह प्रभावित हो गई। उसने बिना अपने परिवार या केजीएमयू प्रशासन को सूचना दिए दिल्ली जाने का फैसला तक कर लिया। पूछताछ के दौरान छात्रा ने बताया कि आरोपी ने उसे कई पुरस्कार मिलने का भरोसा दिलाया था। पत्रकार वार्ता में ट्रॉमा सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. अमिय अग्रवाल, डॉ. भास्कर अग्रवाल, डॉ. अंकुर बजाज डॉ. कुमार शांतनु मौजूद रहे।

### डॉक्टरों के नाम का दुरुपयोग

आरोपी ने दावा किया कि उसके ट्रस्ट से एसजीपीजीआई और शहर के दो नामी निजी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर जुड़े हैं। मीडिया को डॉक्टरों के नाम भी बताए। उसके दावों की सत्यता की जांच की जा रही है।

### व्हाट्सएप पर लगा रखी थी केजीएमयू प्रवक्ता की फोटो

विश्वास जीतने के लिए आरोपी ने अपने व्हाट्सएप डीपी पर प्रो. केके सिंह की फोटो लगा रखी थी और उसी के नाम से दस्तावेज जारी कर रहा था। चयनित छात्राओं ने पत्र को सोशल मीडिया पर डाल रखा था। जिसके बाद यह मामला पकड़ में आया।

### विदेश भेजने की साजिश

प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी विशेष रूप से हिंदू छात्राओं को निशाना बनाता था। शक है कि वह धर्मांतरण के साथ उन्हें विदेश भेजने की साजिश बना रहा था, जहां उनके साथ अनैतिक गतिविधियों की आशंका जताई जा रही है। हिन्दू लड़कियां आसानी से उसके झांसे में आ जाएं इसके लिए वह अपने धर्म के लोगों को जोड़ने के साथ ही एमबीबीएस कर रहे लड़कों को भी जोड़ता था।

# 40.32 लाख महिलाओं का सहारा बनी विधवा पेंशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री का निर्देश, कोई भी पात्र महिला योजना से न रहे वंचित**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर सरकार लगातार सक्रिय है। प्रदेश की 40.32 लाख से अधिक विधवा महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री की स्पष्ट हिदायत है कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे।

निदेशालय की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन योजना प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए संबल बनकर उभरी है। इस योजना के अंतर्गत सहायता राशि वर्ष में चार किस्तों में दी जाती है। हर तीन महीने की राशि एक साथ लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती है। अप्रैल-जून, जुलाई-सितंबर, अक्टूबर-दिसंबर और जनवरी-मार्च—इन चार चरणों में भुगतान सुनिश्चित किया जाता है। वर्ष 2021 में सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए पेंशन राशि को 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया था। यह धनराशि सीधे आधार लिंक बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। वर्ष 2016-17 से पहले जहां लगभग 17.31 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 40 लाख से अधिक हो गई है। यह वृद्धि दर्शाती है कि सरकार अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। योजना का लाभ केवल उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी उन महिलाओं को मिलता है, जिनके पति का निधन हो चुका है, जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है और परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम है।

न्यूज ब्रीफ

### सीआरपीएफ जवान को दी अंतिम विदाई

**राजपुर।** सट्टी थाना क्षेत्र के हरी पुरवा निवासी सीआरपीएफ जवान मुकेश कटियार पुत्र केशरी लाल सीआरपीएफ में 60 बटालियन के उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे। इन दिनों वह झारखंड में तैनात थे। उन्हें ब्रेन हेमरेज होने के कारण झारखंड से न्यू दिल्ली एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीते दिवस इलाज के दौरान करीब एक बजे दिन में उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगलवार को 70 बटालियन का स्कॉर्ट ड्यूटी के साथ सीआरपीएफ की चार गाड़ियों द्वारा लखनऊ से शव लाया गया। जवान का अंतिम संस्कार कराया गया। जवान के बेटे शिवम् कटियार ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। दिल्ली व लखनऊ बटालियन से निरीक्षक रमेश कुमार, सहायक कमांडेंट जितेन्द्र सिंह छविनाथ सिंह निरीक्षक बीआर सिंह निरीक्षक, सट्टी थानाध्यक्ष कालीचरन, समाजवादी पार्टी के नेता नरेंद्र पाल उर्फ मनु भैय्या, मोतीलाल कटियार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जहरीले कीड़े के काटने से बच्चे की मौत

**रनियां।** गजनेर थाना क्षेत्र के विजयनगर मोहाना गांव में घर के बाहर खेल रहे रिषभ उर्फ रिषी उम्र करीब 8 वर्ष पुत्र जयकरन को सोमवार की शाम अचानक किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मंगटा ललित कुमार ने मंगलवार को शव को पीएम के लिए भिजवाया। थानाध्यक्ष गजनेर सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों ने सांप काटने से मौत की सूचना दी थी, इस पर शव को पीएम के लिए भिजवाया गया है।

### कारीगर ने फांसी लगा की आत्महत्या परिजनों में हड़कंप

**कानपुर देहात:** शिवली थाना क्षेत्र के रैपालपुर के मजरा चंपतपुर गांव में एक दलित युवक ने सोमवार की रात घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में छत के पंखे में अंगौछा के सहारे गले में फंदा डालकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची शिवली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार शिवली थाना क्षेत्र के रैपालपुर के मजरा चंपतपुर गांव निवासी दिलीप पासवान पुत्र मुंशीलाल पासवान उम्र 25 वर्ष शटरिंग का काम करता था। बताया गया कि वह शराब पीने का वह आदी था जिससे घर में आए दिन लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। सोमवार को माता पिता खेतों पर गेहूं काटने गए थे। इसी दौरान दिलीप शराब के नशे में घर आया और घर में दूसरी मंजिल पर बने कमरे में छत के पंखे में अंगौछा के सहारे गले में फंदा डालकर फांसी लगा ली। जब काफी देर तक वह छत से नीचे नहीं आया तो परिजन छत पर पहुंचे तो वहां कमरे में दिलीप का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। इसकी जानकारी होते ही कोहराम मच गया। मृतक की मां प्रेमा बदहवास हो गई। वहीं भाई वीरेंद्र संदीप कुलदीप का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक के पिता मुंशीलाल की सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी सोमवीर ने घटना की जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

# खेतों में आग लगने से कई बीघे गेहूं की फसल और पराली जलकर राख

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** मकरंदपुर कहिंजरी में अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल एवं अवशेष पराली में आग लग जाने से लगभग सात बीघा गेहूं की फसल एवं लगभग 30 बीघा पराली जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल कर्मियों को दी गई किंतु उनके सिकंदरा में व्यस्त होने से वे देर से पहुंच सके तब तक ग्रामीणों ने मशक्कत से आग पर काबू पाया।

मकरंदपुर कहिंजरी के ग्राम प्रधान मोहनलाल ने बताया कि उनके गांव के लाखन त्रिवेदी एवं भोला पांडेय के गेहूं की पकी खड़ी फसलों में अज्ञात कारण से आग लग गई । जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग ने समीप के खेतों में पड़े अवशेष पराली को भी अपनी चपेट में ले लिया और विनोद कुमार ,पवन कुमार ,दिनेश कुमार ,सुंदर कुशवाहा, मनोज आदि किसानों की भूसा बनाने के लिए खेतों में रखी लगभग 30 बीघा पराली भी जलकर खाक हो गई। ग्राम प्रधान ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना 101 नंबर डायल कर अग्निशमन कर्मियों को दी किंतु उन्होंने बताया कि वह इस समय सिकंदरा में है। जब तक कोई वहां पहुंचे तब तक ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। किसानों ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दी है। एसडीएम सर्वेश सिंह ने बताया की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल को क्षती आकलन के लिए मौके भेज कर आख्या मंगाई गई है। झींझक मंडी समिति को आख्या भेज कर पीड़ित किसानों को विधिक आर्थिक सहायता दिलवाई जाएगी।



मकरंदपुर कहिंजरी के गेहूं के खेतों में लगी आग। अमृत विचार

# महिला से दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा

संवाददाता, रसूलाबाद

- दोषी पर कोर्ट ने 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया



**अमृत विचारः** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत रसूलाबाद पुलिस द्वारा गत 21 अगस्त 2022 को पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना के संबंध में रसूलाबाद वार्ड नंबर 6 शास्त्री नगर निवासी सतीश दिवाकर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसमें न्यायालय एडीजे 15 द्वारा दोषी सिद्ध करते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 15 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थ दंड अदा न करने पर अभियुक्त को 10 माह के कारावास की अतिरिक्त सजा भुगतान होगी

इस संबंध में थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि गत 21 अगस्त 2022 को रसूलाबाद वार्ड नंबर 6 शास्त्री नगर निवासी सतीश दिवाकर के द्वारा पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना किए जाने पर थाना रसूलाबाद में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण विवेचना करते हुए वास्तविक तथ्यों के आधार पर साक्ष्य संकलन कर विवेचना निस्तारित कर मुकदमे में नामित अभियुक्त सतीश दिवाकर के विरुद्ध आरोप पत्र 20 अक्टूबर 2022 को न्यायालय प्रेषित किया था।

न्यायालय में पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त सतीश दिवाकर को दोषी ठहराया गया। पीड़िता को त्वरित न्याय व अपराधियों को सजा दिलाये जाने हेतु ऑपरेशन कनविक्शन चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में थाना रसूलाबाद पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन व मॉनिटरिंग सेल द्वारा सतत् एवं प्रभावी पैरवी करते हुए सही तथ्यों पर गवाहान की गवाही माननीय न्यायालय के समक्ष कराई गई। इस मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई व गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर वास्तविक तत्वों के आधार पर साक्ष्य संकलन न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। न्यायालय द्वारा आरोपी के विरुद्ध दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 15 हजार रुपए आर्थिक दंड से दंडित किया गया । अर्थ दंड अदा करने पर अभियुक्त को 10 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। यह सजा समाज में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम व कानून और शान्ति व्यवस्था एंव अपराधों में अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# ऑटो से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक की गई जान

## गजनेर थाना क्षेत्र के बिल्टी के पास हुआ हादसा, रनियां के गेस्ट हाउस में खाना बना लौट रहा था

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रायपुर-गजनेर मार्ग पर सोमवार की देर रात एक गेस्ट हाउस में खाना बनाने के बाद वापस घर लौट रहे एक बाइक सवार हलवाई की बाइक आगे चल रहे ऑटो के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से भिड़ गई। भिड़ंत में हलवाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी गजनेर भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



बलवीर उर्फ मोहित।

कानपुर नगर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के बलाहपारा पतरा निवासी बलवीर उर्फ मोहित उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र लल्लू पेशे से हलवाई का काम करता था। बताया जाता है कि सोमवार को रनियां के आर्यनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में वह खाना बनाने के लिए पहुंचा था। देर रात करीब ग्यारह बजे काम निपटा कर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान गजनेर थाना क्षेत्र के बिल्टी गांव के पास सड़क पर आगे चल रहे एक तेज रफ्तार आटो के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से बाइक सवार हलवाई पीछे से घुस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज पामा मोहन वीर सिंह ने उपचार के लिए सीएचसी गजनेर भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित था, माता-पिता का भी देहांत हो चुका है। तीन भाइयों संतोष, बलबीर व मोहन में मृतक बलबीर मंझला था। थानाध्यक्ष गजनेर सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पीएम को भिजवाया गया है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**राजपुर :** थाना राजपुर क्षेत्र के जैनपुर गांव के सामने मुगल मार्ग पर तेज रफ्तार से आती कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक ही बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद डाक्टरों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसमें एक की कानपुर में मौत हो गयी। मौत की खबर परिजनों को लगते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। क्षेत्र के बैना गांव निवासी सत्यम कुमार 20 वर्ष पुत्र सत्य नारायण प्रशांत कुमार 21 वर्ष पुत्र सतेन्द्र सिंह मंगलवार को किसी काम से शाहजहांपुर गए थे। वापस आते समय जैनपुर गांव के सामने मुगल मार्ग भोगनीपुर की ओर से आ रही टाटा पंच कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर घायलों को स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद डाक्टरों ने चिंता जनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन सत्यम को कानपुर ले गए। कानपुर में सत्यम कुमार की मौत हो गयी। मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां सावित्री देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। राजपुर थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि सत्यम कुमार की कानपुर नगर इलाज के लिए ले गये थे। वहीं उसकी मौत हो गयी है। कार को कब्जे लिया गया है। चालक गिरफ्तार है। मृतक की ओर से तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# एचटी लाइन की चपेट में आया ननिहाल में रह रहा युवक, मौत

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र के जोधेपुर गांव में खेतों से ट्रैक्टर ट्राली में भूसा लादकर घर लौट रहे एक युवक की रास्ते में लटक रहे बिजली के तारों में करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने गजनेर चौराहे पर शव रखकर जाम लगाया। सूचना पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व पुलिस के समझाने व बिजली विभाग द्वारा लिखित मुआवजे के आश्वासन के बाद पुलिस ने शव पोस्ट मार्टम को भेजा।



घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम। अमृत विचार

मूल रुप से कानपुर नगर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के राहा गांव निवासी मिथलेश उर्फ दिनेश कमल पुत्र बाबूराम बचपन से ही गजनेर गांव सभा के मजरा जोधेपुर में अपनी ननिहाल में मामा रामप्रकाश कमल में रहकर पढ़ाई लिखाई कर रहा था। जवानी की दहलीज पर कदम रखने के बाद खेती-बाड़ी में भी मामा का हाथ बंटाता था। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर वो ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेतों में पड़ा भूसा लेने गया था और वहां से वापस लौटते समय रास्ते में ट्रैक्टर में उलझे हाई-टेंशन लाइन के एक झूलते हुए तार को हाथों से हटाने लगा। इस दौरान तारों में करंट दौड़ रहा था और युवक उसमें चिपक गया और देखते ही देखते कुछ ही देर में उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी गांव पहुंची तो हड़कंप मच गया और गांव वाले आक्रोशित हो शव लेकर गजनेर चौराहे पर पहुंचे और बिजली विभाग की लापरवाही से मौत पर हंगामा कर दिया। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष गजनेर सूर्य प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद सीओ सदर संजय सिंह, एक्सईएन रनियां पुष्प देव, एसडीओ जैनपुर अंशुमान पांडेय सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घंटों चले बवाल में पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोक हुई। इस संबंध में एक्सईएन ने बताया कि विभागीय मुआवजा साढ़े सात लाख रुपए और तहसील का मुकदमा पांच लाख रुपए दिए जाने के लिखित आश्वासन के बाद पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। पिछले नवरात्र में उसकी गोदभराई हो गई थी। अगले महीने उसकी शादी होनी थी।

### एएसपी और सीओ के साथ एसपी ने किया पैदल भ्रमण

**कानपुर देहात।** एसपी श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय मंगलवार को अकबरपुर शहर के कई मोहल्लों का पैदल भ्रमण किया। हाल में यहां कार्य भार ग्रहण करने वाले अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद और क्षेत्राधिकारी अकबरपुर संजय कुमार सिंह भी साथ थे। अफसरों ने विभिन्न मार्गों, चौक-चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों का सघन निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों से जनसंवाद किया गया। दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया गया। जिन दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं थे, उन्हें सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु अपील की। एसपी ने नागरिकों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी समस्याओं तथा पुलिस द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। नागरिकों द्वारा दिए गए सुझावों को भी सुना।

# किसान के बेटे ने फहराया परचम, जेईई में हुए सफल

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** रसूलाबाद के एक स्कूल के छात्र संजय यादव ने कड़ी मेहनत से जेईई मेंस सेकेंड सीजन की परीक्षा में 98 परसेंटाइल प्राप्त कर सफलता हासिल की है और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

रसूलाबाद के कठारा ग्राम निवासी संजय यादव के पिता राम किशोर यादव किसान है व उनकी मां रुचि यादव घरेलू महिला है। उन्होंने अपने पुत्र की एवं बहन योग्यता यादव ने भाई की इस सफलता पर खुशी जताई है। संजय ने निजी स्कूल में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की शिक्षा प्राप्त की और 2025 इंटरमीडिएट परीक्षा में स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय के होनहार छात्र की इस सफलता पर प्रधानाचार्य दुर्गेश त्रिपाठी व पीटआई जितेंद्र त्रिपाठी ने संजय को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय में मौजूद को-आर्डिनेटर प्रीति यादव सहित शिक्षक योगेंद्र शुक्ला, सचिन यादव, शैलेन्द्र सिंह, नीरज द्विवेदी, अजय तिवारी, आशीष मिश्रा, अनुजा शुक्ला, आरती त्रिवेदी, जानकी प्रसाद और समस्त विद्यालय स्टाफ ने संजय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



संजय यादव।

# तय मियाद में करें आईजीआरएस, तहसील दिवस के मामलों का निस्तारण : डीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- डीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा

**अमृत विचारः** मंगलवार को कपिल सिंह की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। इसमें स्टांप, आबकारी, वाणिज्यकर, परिवहन, विद्युत, वन, खनिज तथा बाट-माप सहित विभिन्न विभागों की राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को राजस्व वसूली के वार्षिक लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करने को कहा।

जिलाधिकारी ने बड़े बकाएदारों पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा लंबित राजस्व वादों, स्टाम्प वादों, ऑडिट आपत्तियों एवं बेदखली वादों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली एवं वाद निस्तारण में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में एंटी भू-माफिया अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने शासन के मंशानुरूप आईजीआरएस, तहसील दिवस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा जनप्रतिनिधियों के संदर्भों से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर बल दिया।

उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण के दौरान शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क स्थापित किया जाए तथा फीडबैक प्राप्त किया जाए, जिससे निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस प्रातः 10बजे से 12बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों द्वारा आमजन से मधुर व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा क्रय केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तथा समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

### 336 में से 315 लोगों में सामान्य से अधिक क्रोमियम

**कानपुर देहात।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह ने बताया कि जनपद के रनियां स्थित ग्राम पालनपुरवा, केशवनगर, उमरन, बजरंग नगर, अंबेडकर नगर, श्याम सुंदर नगर, यादवपुरवा, शिवनाथपुरवा, चौहानपुरवा, धनारामपुर, पीएचसी रनियां में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर 336 व्यक्तियों का रक्त सैंपल लिया गया था।

इसके बाद 18 मार्च से 28 मार्च के मध्य डा राम मनोहर लोहिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ जांच हेतु भेजा गया। वहां से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 336 व्यक्तियों में से 315 व्यक्तियों में क्रोमियम की मात्रा सामान्य से आंशिक अधिक पाई गई। आधा दर्जन व्यक्तियों में क्रोमियम की मात्रा 20यूनिट से अधिक पाई गई। इन व्यक्तियों का प्राथमिकता पर नियमित रुप से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार नैदानिक जांच-उपचार कराए जाने हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवनखेड़ा-रनियां को निर्देशित किया गया है।

# पिकअप और ट्रक में भिड़ंत चालक गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** मंगलवार को रसूलाबाद कानपुर मार्ग पर पहाड़ीपुर के समीप पुत्तीलाल डिग्री कॉलेज के सामने एक तेज रफ्तार पिकअप सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। इससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी रसूलाबाद लाया गया है जहां उसकी गंभीर दशा के चलते उसे हैलट कानपुर रेफर किया गया है।



हादसे में क्षतिग्रस्त पिकअप। अमृत विचार

असालतगंज निवासी 25 वर्षीय भूरा अपनी पिकअप का फिटनेस कराने के लिए माती स्थित आरटीओ कार्यालय जा रहा था। पहाड़ीपुर के समीप पुत्तीलाल डिग्री कॉलेज के सामने पहुंचते ही कहिजरी की ओर से आ रहे एक ट्रक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक भूरा केबिन में फंस गया।

हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। तब इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के ईएमटी जितेंद्र यादव और पायलट सुधीर मौके पर पहुंचे उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद घायल बड़ा को पिकअप के केबिन से बाहर निकाल और एंबुलेंस से सीएचसी रसूलाबाद ले गए। सीएचसी में मौजूद डॉक्टर एन चंद्रा ने घायल का प्राथमिक उपचार कर उसकी गंभीर दशा के चलते हैं उसे हैलट कानपुर रेफर किया है।

### अभियान चलाकर करें सहायता समूहों का गठन

**कानपुर देहात।** विकास भवन सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की अध्यक्षता में समूह गठन के संबंध में समीक्षा बैठक हुई।

इसमें सीडीओ ने समूहों के गठन, उनके सुदृढ़ीकरण तथा आजीविका गतिविधियों से जोड़ने की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र महिलाओं को शीघ्रता से स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए, जिससे उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समूह गठन केवल औपचारिकता न होकर उसे बैंक लिंकेज, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण एवं विपणन व्यवस्था से जोड़ना अनिवार्य है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विकास खंड में समूह गठन की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक समूहों का गठन नहीं हुआ है, वहां विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य पूर्ण किया जाए।बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि गठित समूहों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उपलब्ध योजनाओं का लाभ दिलाया जाए तथा उन्हें स्थानीय उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण एवं विपणन से जोड़ा जाए, ताकि समूह की आय में निरंतर वृद्धि हो सके।

तैयारी | 25, 26 और 27 अप्रैल को होगा इम्तिहान

# छह केंद्रों पर होगी होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जिलाधिकारी ने लिया तैयारियों का जायजा, दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स एनरोलमेंट परीक्षा को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में तैयारी बैठक हुई। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं सह केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बताया गया कि जनपद में 25, 26 एवं 27 अप्रैल को कुल 6 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से 5बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा के लिए अकबरपुर इंटर कॉलेज, श्री कृष्ण औद्योगिक इंटर कॉलेज (मोहम्मदपुर), श्री रामस्वरूप ग्रामोद्योग इंटर कॉलेज (पुखरायां), आरपीएस इंटर कॉलेज (रूरा), विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कॉलेज (पुखरायां) एवं दयानंद ग्राम औद्योगिक इंटर कॉलेज (बाढ़ापुर) को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक पाली में लगभग 2448 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों का पुनः भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा पेयजल, स्वच्छ शौचालय, विद्युत, पंखे एवं स्वच्छता सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखी जाएं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने पुलिस विभाग को प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नकल रोकने हेतु सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने को कहा गया।

सभी केंद्रों पर सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की गई है, जिन्हें पूर्व निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए।

परिवहन एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात सुचारू रखा जाए तथा वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही अभ्यर्थियों के आवागमन हेतु पर्याप्त परिवहन साधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, नकल अथवा परीक्षा को बाधित करने वाली गतिविधियों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चौबेपुर में पत्रकार को मातृ शोक


मनोरमा शुक्ला।

**चौबेपुर।** क्षेत्र रौतापुर कलां गांव निवासी एक दैनिक हिंदी समाचार के पत्रकार सौरभ शुक्ला की मां मनोरमा शुक्ला( 68 ) का लंबी बीमारी के चलते सोमवार देर रात निधन हो गया। मंगलवार को बिठूर गंगा तट पर हुए अंतिम संस्कार के दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने शोक व्यक्त कर सौरभ व उनके भाइयों नीरज व धीरज शुक्ला को ढांढस बंधाया।

### भतीजे पर घर छोड़ने का दबाव बनाने का आरोप लगाया

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के निवादा गांव निवासी जब्बार खां ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि घर में अकेला रहता है। भाई सत्तार खां का पुत्र अनस आए दिन परेशान करता चला आ रहा है। घरेलू सामान की चोरी कर ले जाता है। मंगलवार को दोपहर में खाना बनाते समय घर में आ गया है और अभद्रता कर हंगामा मचाते हुए खाना के समान को बाहर फेंक दिया। घर में खड़ी बाइक में पत्थर से वार कर हेडलाइट को तोड़ दिया। साथ ही घर छोड़कर भाग जाने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। पीड़ित ने आरोपी भतीजे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसआई रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि आरोपी की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### शराबी पति ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी जूली पत्नी नीरज कुमार वर्मा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 3 साल पहले शादी हुई थी, उसके दो बच्चे हैं। पति शराब पीने का आदी है और आए दिन शराब के नशे में मारपीट कर प्रताड़ित करता चला आ रहा है। दो दिन पहले नशे में आकर मारपीट करते हुए हाथ की चूड़ियों को तोड़कर घर से बाहर निकाल दिया। फोन से जानकारी देने पर पिता उसे मायके स्वासा गांव ले आए। महिला ने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसआई विकास यादव ने बताया कि उसके शराबी पति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढीहा डेरा निवासी सुमित ( 22 ) पुत्र सभाजीत बाइक से पढोरी आ रहा था तभी पढोरी के निकट अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे लगे झाड झखाड में चली गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पेट में कांटे लग गए। परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए मौदहा के सरकारी अस्पताल लाया गया।

### वृद्ध महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मांचा गांव निवासी महिला ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मांचा गांव निवासी 62 वर्षीय अनारकली पत्नी प्रहलाद ने अज्ञात कारण के चलते मंगलवार दोपहर में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसको लेकर सीएचसी इलाज के लिए आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### हाईवे पर बाइक में स्टंट करता नजर आया युवक

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे से गुजरे नेशनल हाईवे 34 को खूनी हाईवे के रूप में जाना जाता है। इससे गुजरने वाले लोग बेहद सतर्कता के साथ ड्राइविंग करते हैं। लेकिन इन सब बातों को धता बताकर एक युवक भारी वाहनों के मध्य बाइक से गुजरते हुए स्टंट करता नजर आया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसकी पुष्टि अखबार नहीं करता है। मंगलवार को नेशनल हाईवे 34 में एक युवक बाइक से गल्ला मंडी के सामने दोनों हाथ छोड़कर बाइक में स्टंट करता नजर आया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

# दो कारों की भिड़ंत, विवाद में युवक पुल से गिरा, मौत

## कानपुर पुलिस ने दूसरी कार सवार चार युवकों को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


यमुना पुल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार।

**अमृत विचार।** सोमवार की देर रात यमुना नदी के पुल पर दो कारों की टक्कर के बाद झगड़े के दौरान मप्र के छतरपुर जिले के युवक की संदिग्ध हालात में पुल से नीचे रेत में गिरने से मौत हो गई। हमीरपुर और कानपुर नगर की पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संभावना जताई जा रही है कि दोनों कारों के आपस में टकराने के बाद युवक को पुल से नीचे फेंका गया या फिर धक्का-मुक्की में वो नीचे रेत में गिरा। कानपुर नगर के थाना सजेती पुलिस ने दूसरी कार सवार चार लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मप्र के छतरपुर जिले के नौगांव कस्बा के गायत्री नगर मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय आदित्य जैन पुत्र चक्रेश जैन अपनी कार से कानपुर को निकला था। सोमवार की रात से ही कानपुर-सागर हाईवे पर जाम लगा था। इसी जाम से निकलते समय आदित्य की कार की टक्कर एक अन्य कार से हो गई। जिसके बाद झगड़ा हुआ और आदित्य यमुना पुल के बीचों-बीच से नदी की रेत में नीचे जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल से पुलिस ने दो कारें बरामद की हैं। एक कार में पीछे भारत सरकार रक्षा मंत्रालय लिखा है। जबकि दूसरी कार आदित्य की बताई जा रही है। जो ड्राइवर साइड से डैमेज हुई है। आशंका जताई गई है कि इन दोनों कारों की टक्कर के बाद दोनों पक्षों में हुए झगड़े में ही आदित्य को पुल से नीचे फेंका गया है या फिर धक्का-मुक्की के दौरान आदित्य नीचे गिर गया है। घटना की सूचना मिलते ही कानपुर नगर के सजेती थाना पुलिस और हमीरपुर पुलिस मौके पर पहुंची रेस्क्यू कर युवक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम जिला मुख्यालय में कराया जा रहा है। मृतक आदित्य अविवाहित बताया जा रहा है। और अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। बताया गया कि वह रजिस्ट्री ऑफिस में लेखक के रूप में कार्य करता था। सदर कोतवाली प्रभारी देवेंद्र मिश्र ने बताया कि परिजनों ने पहले ही छतरपुर एसपी को सूचना दी थी कि युवक किसी बात से नाराज होकर घर से निकला है और कानपुर की ओर जा सकता है। इस पर छतरपुर पुलिस ने बांदा समेत आसपास के जनपदों को अलर्ट किया था कि यदि युवक दिखाई दे, तो उसे कबरई-मौदहा क्षेत्र में रोका जाए। उनका कहना है कि आदित्य की जिस कार से टक्कर हुई थी, उसमें चार लोग सवार थे, जिनसे सजेती पुलिस कस्टडी में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## पत्नी के शादी में जाने से आहत पति ने लगाई फांसी, मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ले में पत्नी के शादी समारोह में जाने से आहत पति ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।


अंगद श्रीवास की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी अंगद श्रीवास (35) पुत्र ढोलाराम अपने परिवार के साथ रहता था। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि अंगद की पत्नी शादी समारोह में जाने की जिद कर रही थी। अंगद शादी में भेजने के लिए तैयार नहीं था। इसके बाद उसकी पत्नी बिना अंगद की मर्जी के शादी में चली गई। सोमवार की शाम अंगद ने आहत होकर घर में आकर शराब के नशे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब परिजनों ने अंगद को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि अंगद मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ था।


खरीद केंद्र पर तौल के लिए पड़ा गेहूं। अमृत विचार

# गेहूं बेचने को किसान लगा रहे लेखपालों के चक्कर

संवाददाता, मौदहा हमीरपुर

- किसान रजिस्ट्री की बाध्यता खत्म होने के बाद भी किसानों की समस्याएं कम नहीं

**अमृत विचार।** नगर में संचालित गेहूं खरीद केंद्रों में गेहूं बेचने वाले किसानों को खासी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सूबे के मुखिया ने किसान रजिस्ट्री की बाध्यता को खत्म कर दिया है। इसके बाद भी मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। विपणन शाखा खरीद केंद्र प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि अभी तक 43 किसानों का 3708 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। एक ट्रक में 290 क्विंटल गेहूं एफसीआई छानी भेज दिया है। गेहूं बेचने को ऑनलाइन करने वाले किसान तुरंत गेहूं बेचने के लिए संबंधित लेखपालों से सत्यापित कराने के लिए भागदौड़ कर रहे हैं। कम्हरिया निवासी बदर अली ने बताया कि 91 क्विंटल गेहूं विवरण शाखा में बेचा है। उनका रजिस्ट्रेशन मशीन में शो नहीं कर रहा है और लेखपाल रिपोर्ट लगाने में आनाकानी कर रहा है। इसी प्रकार क्रय विक्रय केंद्र में 4115 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उठान न होने से खरीद पांच दिनों से बंद है। वहीं भारतीय खाद्य निगम प्रभारी राहुल यादव ने बताया कि अभी तक 85 किसानों से पांच हजार 290 क्विंतल खरीद की जा चुकी है। केंद्र में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है खरीद जारी है।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाले दो गिरफ्तार

**हमीरपुर।** चिकासी थानाक्षेत्र में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता को मंगरौठ मोड़ से बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर 18 अप्रैल को इमरान उर्फ सिप्टेन (27) और रिहान (18) निवासी नूरपुर थाना अमरिया जनपद पीलीभीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

आरोपी क्षेत्र में हार्वेस्टर मशीन चलाने का काम करते थे। इसी दौरान उनका पीड़िता के परिवार के नलकूप पर आना-जाना हुआ, जहां किशोरी से जान पहचान हो गई। आरोपियों पर किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप है। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराएं बढ़ाई गई हैं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि उस पर धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी सरीला शाहरुख खान ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता के बयान के आधार पर जांच की जाएगी। साथ ही धर्म परिवर्तन से जुड़े आरोपों की भी जांच की जा रही है।

# सीएसए की पुरानी प्रतिष्ठा बहाल करने को प्रतिबद्ध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालय परिवार ने एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया है। यह बात नवागंतुक कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कही।

कुलपति डॉ. गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय का पुराना गौरव वापस लाने के लिए सभी को मिलजुलकर शोध, प्रसार व शिक्षण कार्यों को सशक्त बनाना होगा। समन्वित प्रयासों से ही विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुनः पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर शासन से अनुमति मिलने के बाद शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुलपति ने कृषि नवाचारों पर विशेष बल देते हुए प्राकृतिक खेती, आधुनिक तकनीकों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इससे कृषि लागत में कमी आएगी। इस अवसर पर डॉ. सीएल मौर्य, डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. महक सिंह, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, वैज्ञानिक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ

**हमीरपुर।** अग्निशमन विभाग द्वारा जिला अस्पताल में अग्निशमन मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल के स्टाफ को आग की घटनाओं के समय किस प्रकार से आग पर काबू पाया जाए आदि के बारे में जानकारी देने के साथ फायर एक्टिगयूसर व फायर हाइड्रेंट से आग को बुझाने के बारे में प्रयोग कर के दिखाया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी रेहान अली ने बताया कि मंगलवार को जिला चिकित्सालय में पुरुष एवं महिला चिकित्सालय के स्टाफ को साथ लेकर अग्निशमन मॉक ड्रिल की गई। इसके साथ ही भवन में स्थापित फायर एक्टिगयूसर व फायर हाइड्रेंट से आग को स्टाफ द्वारा बुझाया गया।

# बिना मान्यता संचालित स्कूल की शिकायत पर हुई जांच

संवाददाता, चौबेपुर

- जवासी बगिया गांव में बिना मान्यता प्राप्त सीबीएसई विद्यालय संचालित होने का मामला



विद्यालय की जांच पड़ताल करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जवासी बगिया गांव में बिना मान्यता प्राप्त किए सीबीएसई बोर्ड के नाम से इंटर कॉलेज संचालित किए जाने की शिकायत पर सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम ने मौके पर जाकर जांच -पड़ताल की। उन्होंने कहा कि मामले की रिपोर्ट संयुक्त शिक्षा निदेशक को भेजी जाएगी।

क्षेत्र के जवासी बगिया गांव निवासी राहुल द्विवेदी ने बीती 27 जनवरी 2026 को जनसुनवाई समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली उ.प्र. के माध्यम से संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल को भेजी शिकायत में बताया था कि गूबा गार्डन, कल्यानपुर कानपुर नगर निवासी मानसिंह यादव बिना मान्यता प्राप्त किये गांव में सीबीएसई बोर्ड के नाम से जीपी वर्ल्ड इंटर कॉलेज का संचालन कर रहे हैं। मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. संतोष कुमार राय ने जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की।

इसमें अर्चना सैनी प्रधानाध्यापिका राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिंहपुर, कानपुर नगर, शाहीन जहां प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल राय गोपालपुर, कानपुर नगर व मनीषा गंगवार प्रधानाध्यापिका राजकीय हाई स्कूल रामपुर भीमसेन, कानपुर नगर शामिल थीं।

इसके बाद टीम ने गांव जाकर मामले की विधिवत जांच पड़ताल की। टीम के सदस्यों ने बताया कि उक्त रिपोर्ट संयुक्त शिक्षा निदेशक को भेजी जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

संवाददाता शिवराजपुर


भागवत कथा में सुनते श्रद्धालु।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सदिकामऊ गांव में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। आचार्य गोपाल जी महाराज ने जैसे ही भगवान श्री कृष्ण के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया। वैसे ही पूरा पंडाल हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान हजारों भक्त मौजूद रहे।

कथा व्यास आचार्य गोपाल जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन की शुरुआत राजा बलि और भगवान वामन के चरित्र का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला। कथा के मध्य में जब श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, तो समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। टोकरी में बाल स्वरूप कान्हा के दर्शन पाकर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। आचार्य जी द्वारा प्रस्तुत भजनों की धुन पर वहां पर मौजूद भक्त झूमने को मजबूर हो गये। मुख्य यजमान के रूप में अशोक दीक्षित एवं सुधा दीक्षित ने व्यास पीठ का पूजन कर आरती उतारी।इस दौरान मुख्य रूप से श्याम सुंदर, अनुज, सूरज, ऋषि उमेश चंद्र अवस्थी पूर्व प्रधानाचार्य संस्कृत विद्यालय, विशाल, वेदांत, देवांश, रिद्धि, सिद्धि, परिधि, मुकुंद, सीमा आरती समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से कच्चे मकान में लगी आग

**कुरारा (हमीरपुर)।** मंगलवार कच्चे घर मे आग लग जाने से उसमे भरा किसान का अनाज जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

थानाक्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी बृजगोपाल पुत्र स्व.धनीराम के कच्चे मकान में मंगलवार सुबह अज्ञात कारण के चलते आग लग जाने से उस कच्चे मकान में भरा अनाज, अरहर सहित आदि अन्य सामान जल गया। सूचना पर पहुंचे दमकल दस्ते के मनोज कुमार व फायरमैन अंकित कुमार ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि साल भर का खाने पीने का अनाज उसी कच्चे घर में भरा हुआ था जो जल गया है। पीड़ित ने लाखों का नुकसान बताया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रोजगार मेले में 450 छात्रों को मिला रोजगार

**घाटमपुर।** घाटमपुर के कुं. शिवनाथ सिंह कुशवाहा आईटीआई में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में हांडा कंपनी समेत कई कंपनी पहुंची और छात्र व छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये।

रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पंजाब, झारखण्ड, वेस्ट बंगाल, उडीसा समेत कई राज्यों से छात्र-छात्राएं पहुंचे और साक्षात्कार दिया। यहां पर 537 छात्रों का कम्पनी ने लिखित व मौखिक परीक्षा लेकर 450 छात्रों का फाइनल सेलेक्सन किया।

यह रोजगार मेला कंपनी और संस्थान की देखरेख में किया गया। जिसमें संस्थान के प्रबन्धक इन्द्रजीत सिंह कछवाह एंव संस्थान के प्रधानाचार्य आशीष शर्मा व संस्थान के अनुदेशक बलजीत सिंह व अनीस कुमार और कंम्पनी से आये अधिकारी जितेन्द्र व जसवन्त, अमितव गुफरान और संस्थान के सभी अनुदेशक मौजूद रहे।


साक्षात्कार देने आये छात्र। अमृत विचार

## दो गांवों में आग लगने से 70 बीघे की पराली जली

**कुरारा (हमीरपुर)।** किसानों द्वारा खेत मे हार्वेस्टर चलवाने के बाद खड़ी पराली में आग लगने का सिलसिला थम नहीं रहा है। आए दिन किसी न किसी खेत मे पराली में आग लगने की घटनाएं हो रही है।

मंगलवार को ही दो गांवों में पराली में आग लगने की दो घटनाएं हुई। जिसमें झलोखर गांव के पास जालदास बाबा के समीप खेतों में खड़ी पराली में आग लग जाने से करीब 20 बीघा का खेत धू धूकर जलने लगा। वही दूसरी घटना सिकरोड़ी गांव में हुई, जिसमें मुन्ना तिवारी, राकेश तिवारी आदि के लगभग 50 बीघे के खेत में खड़ी पराली में शाम को आग लग गई। दोनों ही घटनाओं में दमकल के जवानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी तब देर शाम तक आग पर काबू पाया जा सका।

**परेशानी** | प्रशासन की अनुपस्थिति से बिगड़े हालात, एम्बुलेंस और वीवीआईपी भी जाम में जूझते हुए दिखाई दिये

# शादियों के सीजन में फंसे लोग, घंटों रेंगते रहे वाहन

संवाददाता बिल्हौर


भीषण जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में शादियों के सीजन और भारी वाहनों के अनियंत्रित दबाव के चलते मंगलवार की पूरी रात सैकड़ों लोग 'जाम के झाम' में फंस गये। जाम के चलते जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे कई किलोमीटर तक आवागमन पूरी तरह से ठप रहा। हैरानी की बात यह रही कि घंटों लगे इस जाम के दौरान मौके पर पुलिस प्रशासन नदारद दिखा, जिससे स्थिति और भी बेकाबू हो गई।

मंगलवार रात शादियों के के चलते कस्बे में जबरदस्त जाम लग गया। जल्दी निकलने के चलते देखते ही देखते जाम विकराल हो गया। जाम में तमाम वाहनों के साथ साथ जीवनदायिनी एम्बुलेंस भी जाम में घंटों फंसी रही, जिससे मरीजों की जान पर बन आई। वहीं, क्षेत्र से गुजर रहे कई वीवीआईपी भी जाम का शिकार हुए और अपनी गाड़ियों में कैद नजर आए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की मुस्तैदी न होने के कारण ट्रक और डंपर बेतरतीब ढंग से खड़े हो गए, जिसके चलते जाम बढ़ता ही चल गया।

मंगलवार को जाम की गंभीरता को देखते हुए एसीपी सुभाष चंद्र ने बताया कि बिल्हौर में लगे जाम का मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

## उल्टी दिशा से आ रहे ट्रक से भिड़ा लोडर, दोनों के चालक घायल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पनवाड़ी मार्ग पर सैदपुर गांव के पास एक उल्टी दिशा से आ रहे एक ट्रक और कैमिकल से लदे लोडर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद पिकअप में लोड केमिकल सड़क पर फैल गया। ट्रक और लोडर की भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह राठ पनवाडी मार्ग पर पनवाड़ी की ओर से एक ट्रक उल्टी दिशा में आ रहा था। इसी मार्ग पर एक लोडर तेज गति से जा रहा था। सैदपुर गांव के पहुंचने पर अचानक दोनों वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गई। घायलों की पहचान ट्रक चालक दीप चंद्र पुत्र अमृत सिंह निवासी सुनेरी नगर थाना कोतवाली, जनपद एटा और पिकअप चालक अमन निवासी कोसी, जनपद मथुरा घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को कस्बे के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## नगर निगम सो रहा, स्मार्ट सिटी रो रहा



ट्रिपल इंजन की सरकार मेरे शहर में, वायदों की भरमार मेरे शहर में, तेज तर्रार अम्मा की ललकार मेरे शहर में और पीताम्बरधारी विधायक की मीठी वाणी का व्यापार मेरे शहर में...पर सब सिस्टम है बेकार मेरे शहर में। दशकों से शहर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा। हर पांच साल में वादावीर नेता देव तुल्य जनता को झूठ की चाशनी में डुबोकर मलाई चाट जाते हैं और जनता फिर पांच साल दांत किटकिटाती रहती है। अब तो स्मार्ट सिटी का लॉलीपाप चल रहा है, सैकड़ों करोड़ अफसरों-नेताओं की बलि चढ़ गए हैं लेकिन सिटी स्मार्ट नहीं, बदहाल ही है। तस्वीर शास्त्री नगर सेंट्रल



पार्क से पांडु नगर जाने वाली सड़क की है जहां 15-20 दिन पहले आए तूफान में ये भारी-भरकम पीपल का पेड़ गिर गया था। तीन दिन तक रास्ता ही बंद रहा था। हो-हल्ला मचने पर बमुश्किल कांट-छांट कर सड़क के किनारे किया गया और तबसे वहीं पड़ा है। वाहन बच-बच कर निकलते हैं लेकिन रात में टकरा जाते हैं। नगर निगम खामोश है, एसी कमरों में स्मार्ट सिटी के बजट पर लार टपकाई जा रही है, जनता गाना गाए जा रही है, वादा तेरा वादा, वादे पे तेरे मारा गया बंदा ये सीधा साधा, वादा तेरा वादा....

फोटो आशू अरोड़ा

## जहरखुरानों ने मुंबई से लौट रहे युवक की जान ली

**कानपुर।** मुंबई से घर लौट रहा युवक रायपुरवा क्षेत्र में सड़क किनारे मृत मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उर्सला भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत बता दिया। युवक के पास मिले कागजात से शिनाख्त हुई। युवक के जेब में सिर्फ 30 रुपये मिले।

गोंडा के परसा समई निवासी 42 सोलहू निषाद मुंबई में ढाबा पर काम करते थे। परिवार में पत्नी प्रभावती व सीमा, समई समेत पांच बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि सोलहू मुंबई से गांव के लिए तीन दिन पहले वहां से निकले थे। परिजन इंतजार कर रहे थे, लेकिन समय पर वह गांव नहीं पहुंचे। इस बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। पुलिस ने अचेत अवस्था में मिलने की खबर दी। इस पर परिजन उर्सला पहुंचे, जहां सोलहू को मृत पाया। घरवालों के अनुसार उसके जेब से आधार कार्ड व 30 रुपये मिले हैं। सोलहू कई माह बाद गांव आ रहा था, इतना लंबा सफर तीस रुपये लेकर तो नहीं करेगा।

### सिटी ब्रीफ

## महिला अधिवक्ता के घर में चोरी

**कल्याणपुर।** पनकी में काम पर निकले दंपती के बंद घर में घुसे चोर बाथरूम की टोटियों समेत लाखों की माल पार कर ले गए। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। पीडित दंपती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पनकी ई ब्लाक निवासी भरत कुमार मिश्रा निजी स्कूल में अध्यापक व उनकी पत्नी पेशे से अधिवक्ता है। भरत के मुताबिक गत 13 अप्रैल को वह पत्नी समेत काम पर चले गए। शाम साढ़े चार बजे जब वह घर वापस लौटे, तो गैलरी का ताला टूटा पड़ा मिला। चोर बाथरुम की टोटियां, बिजली का तार, मिक्सी, पीतल के बर्तन, सिलिंडर व कांच के बर्तन समेत अन्य कई वस्तुएं उठा ले गए। घटना पड़ोसी के घर लगे कैमरे में कैद हुई है।

## दिव्यांगजनों के लिए चिह्नाकन शिविर

**कानपुर।** दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए कानपुर नगर में 22 अप्रैल से चिह्नांकन शिविरों की शुरुआत हो रही है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से आयोजित इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इन शिविरों में दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, शादी प्रोत्साहन, दुकान निर्माण व संचालन, शल्य चिकित्सा और कॉक्लियर इंप्लांट जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। शिविर सुबह 10 :30 बजे से शाम 4 :30 बजे तक विकास खंड और तहसील परिसरों में आयोजित होंगे। 22 अप्रैल को बिधनू, 24 अप्रैल को भीतरगांव, 28 अप्रैल को पतारा, 2 मई को घाटमपुर तहसील, 5 मई को सरसौल, 8 मई को चौबेपुर, 12 मई को शिवराजपुर, 16 मई को बिल्हौर और 19 मई को कल्याणपुर में शिविर लगाए जाएंगे।

### पेड़ की टहनियों को रखकर जाम लगाया, पुलिस-पीएसी बुलाई गई, दोपहर सवा एक बजे पहुंची गाड़ी तो मिल पाए लोगों को सिलेंडर

# धूप में तपते लोग सिलेंडर के लिए उबले, पीएसी बुलाई

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेके मंदिर के पास भगवत गैस एजेंसी में तेज धूप में सिलेंडर के लिए लाइन लगाए लोगों को तीन दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिला तो गुस्सा फूट पड़ा। नाराज लोगों ने सड़क जाम कर जमकर हंगामा काटा। पेड़ों की टहनियां तोड़कर सड़क पर रख दीं और यातायात रोक दिया। हंगामे और भीषण गर्मी के कारण तीन लोग गश खाकर गिर पड़े। जिन्हें पास के ही मेडिकल स्टोर से लाकर ओआरएस घोल पिलाया गया। लोगों की तबीयत बिगड़ने पर हंगामा व शोर-शराबा तेज हो गया। सूचना पाकर मौके पर नजीराबाद व काकादेव थाने की पुलिस पहुंची। पीएसी तक बुलानी पड़ गई। पुलिस ने एजेंसी मालिक से बातकर मामले को समझा। जिसके बाद लोगों को भी शांत कराया गया। पुलिस के हस्तक्षेप से पहले एजेंसी वाले लोगों को टरका रहे थे लेकिन बाद में गाड़ी आने की सूचना दी गई। लोग बता रहे हैं कि शहर में सिर्फ इसी गैस एजेंसी में सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। बाकी जगह लोगों को आसानी से सिलेंडर मिल जा रहे हैं।

100 मीटर की दूरी पर अमित गैस एजेंसी का भी वितरण प्वाइंट है जहां लोगों को आसानी से सिलेंडर मिल जा रहा है। लोगों की नाराजगी इस बात की है कि काम-धंधे छोड़ पिछले तीन दिनों से लाइन लगाए खड़े हैं लेकिन उन्हें सही जवाब नहीं दिया जा रहा है। उपभोक्ता बोल रहे हैं कि आश्वासन देकर टरका दिया जा रहा है। दोपहर करीब पौने एक बजे 525 सिलेंडर लदी एक ट्रक पहुंचा। जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली।



भागवत गैस एजेंसी पर तेज धूप में सैकड़ों लोग सिलेंडर की लाइन में लगे रहे। अमृत विचार



तेज धूप में एक महिला बेहोश हो गई। अमृत विचार

### जिम्मेदारों के नंबर भी नहीं लग रहे

हाल ही में जिला प्रशासन ने हर एजेंसी के हिसाब से नोडल अधिकारियों के नंबर जारी किए थे। लोगों को परेशानी होने पर इन अधिकारियों को समस्या बताने के बारे में कहा गया था। लेकिन जिम्मेदार ही लापरवाह बन गए तो लोगों को परेशानी हो रही है। जिला प्रशासन ने एजेंसी के हिसाब से ही क्षेत्र के पूर्ति अधिकारियों के नंबर भी जारी किए थे। लेकिन किसी का कॉल रिसीव नहीं होता है। वहीं, गैस एजेंसी के मालिक गौरव मिश्रा की भी लोगों से नोकझोंक होती रही। गौरव ने बताया कि तीन दिन से ही कंपनी से लोड नहीं मिल रहा है तो परेशानी बढ़ी है।



15 दिन से परेशान हैं। दीदी के नाम कनेक्शन है तो घर से हम लोगों को आना पड़ता है। पहले तो दीदी ही आईं तो लगा आसानी से सिलेंडर मिल जाएगा कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन टरका दिया जाता है।

– मन्नू, छपेड़ा पुलिया



18 अप्रैल को बुकिंग का मैसेज आया कि जाकर सिलेंडर रिसीव कर लीजिए। यहां आने पर पता चल रहा है कि सिलेंडर नहीं मिल पाएगा। चूल्हे से खाना पक रहा है। कोई अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहा है। – धर्मेंद्र, पी.रोड

### बोले लोग



18 अप्रैल को सिलेंडर दिए जाने का मैसेज मिला। उस दिन पहुंचे तो बाद में आने को बोला गया। सिलेंडर खत्म हैं तो किसी तरह काम चलाया जा रहा है। सिलेंडर के कारण पापा को अपनी दुकान बंद कर चक्कर मारना पड़ रहा है।

– विशाल कुमार, नमक फैक्ट्री



तीन दिन से परेशान हैं लेकिन सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। रोज सुबह चार से पांच बजे के बीच लाइन लगानी पड़ रही है। शाम को बाद में आने को कह कर टरकाया जा रहा है लेकिन कब सिलेंडर मिल पाएगा ये नहीं बताया जा रहा है।

– मुद्दसिर, इफ्तिखाराबाद



पिछले माह 9 को बुकिंग कराई थी। 10 अप्रैल को सिलेंडर मिलना था। तब से दौड़ लगाई जा रही है। लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिल पा रहा है। – दानिश, बेकनगंज

## निलंबित प्रो.मुकेश रंगा को दिया आरोप पत्र, मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमे स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के प्रो. मुकेश रंगा को आरोप पत्र दिया। साथ ही अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिनों का समय भी दिया। कहा कि इस अवधि में अगर प्रो. मुकेश रंगा अपना पक्ष नहीं रखते है तो उनपर कार्रवाई तय की जाएगी। बता दें कि प्रो.मुकेश रंगा को 23 मार्च को कुलपति ने लगातार विभागीय अकादमिक बैठकों में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने के कारण निलंबित कर दिया था। आरोप है कि संकाय सदस्यों की परिचर्चा व विभागीय अकादमिक प्रस्तुतिकरण के लिए आयोजित बैठक में भी प्रो. रंगा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे।

इससे पहले भी उन्हें शैक्षणिक दायित्वों में लापरवाही और अनुशासनहीनता के लिए चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन उनके व्यवहार में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ था। इसलिए निलंबित कर स्कूल निदेशक कार्यालय से संबद्ध किया गया।

## दरोगा को घायल कर भागी बोलेरो ने एक को रौंदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चेकिंग के दौरान भागी थी बोलेरो सड़क किनारे खड़े टेंट हाउस कर्मी की जान ली

**अमृत विचार।** बिठूर में सोमवार रात चकेरी के दौरान दरोगा को टक्कर मारकर भागी तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े होकर अधेड़ को रौंद दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दरोगा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद अनियंत्रित बोलेरो भी खंती में जा घुसी। चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भिजवाया और बोलेरो कब्जे में लेकर चालक के बारे में पता कर रही है।



फूल सिंह।

कल्याणपुर के कश्यपनगर निवासी 51 वर्षीय फूल सिंह बिठूर स्थित टिकरा में टेंट हाउस दुकान में काम करते थे। परिवार में पत्नी कमलादेवी व तीन बच्चे ओमजी, बेबू, ओमश्री हैं। परिजनों ने बताया कि फूलसिंह सोमवार रात दुकान से घर के लिए निकले थे। बाबा बाजार में सड़क किनारे खड़े होकर सवारी वाहन का इंतजार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मारकर रौंद दिया। पुलिस के अनुसार रात करीब एक बजे वाहन चेकिंग हो रही थी। तभी तेज रफ्तार बोलेरो दरोगा प्रदीप कुमार को टक्कर मारकर भागी थी। हादसे के बाद चालक ने बाबा बाजार में सड़क किनारे खड़े फूल सिंह को टक्कर मारकर रौंद दिया। पुलिस के अनुसार बोलेरो अनियंत्रित होने से खंती में जा घुसी। हादसे में फूलसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक के बारे में पता कर रही है।

**घायल दरोगा का चल रहा इलाज:** बिठूर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया पुलिस ने क्षतिग्रस्त बोलेरो को जेसीबी की मदद से निकलवा कर टिकरा चौकी परिसर में खड़ा कराया है। घायल दरोगा प्रदीप कुमार का सिंहपुर स्थित पारस अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** जूही में पैदल राहगीर को तेज गति ट्रक ने रौंद दिया। गंभीर घायल युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा। खबर पाकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हमीरपुर रोड जूही खुर्द निवासी राम नरेश का 34 वर्षीय बेटा विनोद कश्यप बर्रा स्थित गत्ता फैक्ट्री में काम करता था। परिवार में मां सुशीला देवी व दो भाई प्रमोद व मनोज हैं। विरोध अविवाहित था। भाइयों ने बताया कि रत्तुपुरवा पेट्रोल पंप के सामने पैदल जाते समय तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे देख राहगीरों ने परिजनों को खबर दी। तत्काल समीप के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। विनोद अविवाहित था। पुलिस ट्रक नंबर के आधार पर उसके मालिक व चालक के बारे में पता कर रही है।




YOGI ADITYANATH
Hon'ble Chief Minister, U.P.

UPSIDA
UTTAR PRADESH STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
"Golden Opportunity Extended Don't Miss Your Chance!"



NAND GOPAL GUPTA 'NANDI'
Minister for Industrial Development, U.P.

TO GET RESIDENTIAL PLOTS IN TRANSGANGA CITY, UNNAO

*Fulfill your wishes for your*
DREAM
RESIDENTIAL
PROPERTY

MEGA E-Auction now Extended
Dates extended due to Tremendous Response



REGISTRATION DATE EXTENDED TILL 05.05.2026

Last Date for online Processing Fee & EMD by: 04-05-2026 | 06:00 pm
Last Date for Final Submission of Documents : 05-05-2026
E-Auction Date is NOW 11-05-2026 (10 am to 1 pm)

TRANSGANGA CITY SECTOR - 3, 4 & 8

| S.N. | Area of Plots | No. of Plots |
|---|---|---|
| 1. | 120 sq.m - 200 sq.m | 275 |
| 2. | 200 sq.m - 250 sq.m | 107 |
| 3. | 251 sq.m - 320 sq.m | 196 |

CONNECTIVITY
Road
- Lucknow-Kanpur Highway (NH-25) ~ Aprx. 11 Km.
- Lucknow-Agra Expressway ~ Aprx. 60-70 Km.
Rail
- Kanpur Central Railway Station ~ Aprx. 10 Km.
Airport
- Lucknow Airport (Amausi) ~ Aprx. 75 Km.
- Kanpur Airport (Chakeri) ~ Aprx. 25 Km.

*"Don't miss this extended opportunity - Apply Now!"*
*Visit : https://upsida.project247.in/*

For details Regarding Registration & E-Auction Process:
Helpline No.: 9106196864 | Email : eauction@upsida.co.in

UPSIDA
Uttar Pradesh State Industrial Development Authority
UPSIDA COMPLEX, A-1/4, LAKHANPUR, KANPUR-208024
@ UPSIDA @UPSIDAOfficial @UPSIDA_Official @UPSIDA_Official @upsidaofficial


### आयोजन

### 21 और 22 मई को सम्मेलन होगा लखनऊ में

# अंतरराष्ट्रीय चीनी सम्मेलन में कई देशों के प्रतिनिधि आएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शुगर मिल्स एसोसिएशन (यूपीएसएमए) की ओर से 21 और 22 मई को लखनऊ में चीनी उद्योग भविष्य के लिए सतत विकास का मार्ग विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न चीनी उत्पादक राज्यों के साथ थाईलैंड, नेपाल, श्रीलंका, मिस्र, इंग्लैंड, अमेरिका, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने बताया कि वर्ष 2025-26 में गन्ने के कम उत्पादन के चलते प्रदेश में करीब 90 लाख मीट्रिक टन चीनी उत्पादन का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष यह 92.45 लाख मीट्रिक टन था। उन्होंने बताया कि गन्ने की उन्नत किस्मों की कमी इसका प्रमुख कारण है। सम्मेलन में गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए नई किस्मों के विकास, वैज्ञानिक खेती, मशीनीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही, वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए घरेलू और वैश्विक चीनी संतुलन, एथेनॉल ब्लेंडिंग की आवश्यकता तथा वर्ष 2026-27 के उत्पादन पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता वाली चीनी के उत्पादन, पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने और भारतीय मानकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप बनाने पर जोर रहेगा। सम्मेलन में आधुनिक तकनीकों के जरिए चीनी मिलों में प्रसंस्करण सुधार और सह-उत्पादों जैसे जैव ऊर्जा, जैव रसायन व बायोप्लास्टिक के उत्पादन को बढ़ाने के उपाय भी सुझाए जाएंगे। एसोसिएशन के महासचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, नीति निर्माता, वैज्ञानिक और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उद्योग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को शुगर भूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा।

- गन्ने के कम उत्पादन के चलते प्रदेश में करीब 90 लाख मीट्रिक टन चीनी उत्पादन का अनुमान



प्रेस वार्ता करते प्रो. नरेंद्र मोहन व महासचिव दीपक गुप्ता। अमृत विचार

**सिटी ब्रीफ**

### केडीए में शार्ट सर्किट से बिजली पैनल में लगी आग

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण में मंगलवार उस समय हड़कंप मच गया, जब शार्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। आग लगने से तीसरी मंजिल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अधिकारी व कर्मचारी सबसे पहले बाहर की ओर निकले और खुद को सुरक्षित किया। गार्ड व कर्मियों ने मिलकर आग पर काबू पाया। मोतीझील स्थित कानपुर विकास प्राधिकरण की तीसरी मंजिल पर दाहिने ओर बने कार्यालय से मंगलवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे अचानक से स्विच पैनल से धुआं निकलने लगा, जो देखते ही देखते पूरे परिसर में फैल गया। फिर आग की लपट उसमे से निकलने लगी और धुंआ पूरे कार्यालय में भर गया। गार्डों व कर्मचारियों ने आग पर अग्निशमन यंत्रों की मदद से काबू पाने का प्रयास किया और करीब 30 मिनट बाद वह आग पर काबू पा सके, जिसके बाद मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। लेकिन इस केडीए में हड़कंप मचा रहा। आग लगने से कार्य भी कुछ देर तक प्रभावित रहा। जांच में सामने आया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से स्विच पैनल में आग लगी। केडीए वीसी मदन सिंह ने मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों से की।

### जूता फैक्ट्री में भीषण आग से अफरातफरी

**कानपुर।** मंगलवार को देर रात जाजमऊ के वाजिदपुर स्थित एक जूता फैक्ट्री में भीषण आग लगी जिससे अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान लाखों की कीमत का माल जलकर राख हो गया। फैक्ट्री में केमिकल रखे होने के कारण काला धूआं आसपास भर गया जिससे लोगों को श्वास लेने में दिक्कत हुई। फैक्ट्री कर्मियों ने पहले आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे तो फायर ब्रिगेड की घटना की जानकारी दी।? जाजमऊ फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और देर रात तक आग से जूझकर उसपर काबू पाया। फैक्ट्री जलकर राख हो गयी। इस संबंध में अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

**चौपट काम, जीना हराम**





मेट्रो की लापरवाही के कारण खोदाई के दौरान दादानगर पुल पर पानी की लाइन फट गई। दमकल स्टेशन के अंदर पानी भर गया। एक लेन पर ट्रैफिक बाधित हो गया। दूसरी लेन पहले से ही बंद चल रही है। इस कारण भीषण जाम लगा। ● अमृत विचार

## कानपुर परिक्षेत्र से 420 परिवहन बसों की डिमांड

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे जिसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा कानपुर परिक्षेत्र से 420 बसों की डिमांड की गई है। परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सारी बसों को पूरी तरह फिट करें, यदि किसी बस में कोई खामी मिली तो सख्त कार्रवाई होगी।

इस संबंध में कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार ने आजाद नगर, विकास नगर, किदवई नगर, फजलगंज, माती, उन्नाव एवं फतेहपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को 21 अप्रैल 2026 यानी मंगलवार को दिशा निर्देश जारी किये हैं।

# बेटी का गला दबाते सीसीटीवी कैमरे में दिखा पिता शशि रंजन

## आठ सीसीटीवी फुटेज में दिखे हत्याकांड के कई साक्ष्य, पुलिस कर रही बारीकी से जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर वाई-ब्लाक स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में शनिवार देर रात जुड़वा बेटियों के सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में पुलिस को आठ सीसीटीवी फुटेज से कुछ साक्ष्य मिले हैं।



हत्यारोपी पिता।



जुड़वा बेटियां जिनकी हत्या हुई।

आरोपी पिता शशि रंजन के कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे का एक फुटेज मिला है। जिसमें वह एक बेटी का गला दबाते नजर आया है। हालांकि तस्वीर धुंधली हैं। पुलिस बच्चियों के सुरक्षित विसरे को जांच के लिए आगरा भेजेगी।

मूलरूप से बिहार के गया निवासी शशि रंजन मिश्रा चंडीगढ़ की एक कंपनी में एमआर था। अशोक नगर स्थित एक ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली मूलरूप से बंगाल के सिलीगुड़ी कोलिंगो निवासी रेशमा से उसकी मुलाकात हुई और प्रेम संबंध हो गए थे।

● **हत्या से पहले रात भर जागता रहा था आरोपी**

इसके बाद उसने 2014 ने मंदिर प्रेम विवाह कर लिया। शादी के बाद शशि ने रेशमा की नौकरी छुड़वा थी। इस बीच उसने चंडीगढ़ से ही खुद दवाओं का होलसेल काम शुरू कर दिया। इसके बाद रेशमा ने जुड़वां बेटियां रिद्धि व सिद्धि को जन्म दिया। शशि परिवार समेत गोविंदनगर में कुछ समय किराए पर रहा। तब बेटियां सिर्फ छह माह की थी। इसके बाद सात- आठ साल से वह त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में किराए पर रह रहा था। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी के अनुसार जिस कमरे में वारदात हुई, उस कमरे में सीसीटीवी फुटेज में देखने में आ रहा है, कि आरोपी बेटी का गला दबा रहा है। मामले में नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह का कहना है कि बच्चियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह गला रेतने से हुई है। पुलिस घटना के पीछे हर पहलू पर नजर बनाए है।

### शशि ने पहले भाई से की थी बात

- बेटियों की हत्या के पहले शशिरंजन ने भाई राजीव को फोन किया। राजीव फोन नहीं उठा पाया तो उसने करीब दो घंटे बाद कॉल बैक की। इस बार शशि भी फोन नहीं उठा पाया। इस बात की पुष्टि पुलिस जांच में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी के मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की गई। इसमें उसके भाई को फोन मिलाने और न उठने की बात सामने आई। उसके की मिस कॉल भी मोबाइल में है। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि जब दोनों बच्चियां, पत्नी व बेटा अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। उसके काफी देर बाद तक आरोपी फोन पर व्यस्त रहा। 12.48 बजे वह बच्चियों वाले कमरे में गया। 2.14 बजे वह एक बेटी के साथ कमरे से बाहर निकलता दिखा। दोनों बच्चियों को मारने के बाद वह 4.24 पर बाहर आया। फिर दो बार किचेन में गया। जूते पहनकर बाहर लॉबी में गया। फिर 4.32 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी।

# पिता-पुत्र ने खुन्नस में युवक को पीट-पीट कर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छावनी में पुराने विवाद में दबंग पिता-पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर युवक को पीटकर बेदम कर दिया। पता चलने पर परिजन उसे समीप के अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर दूसरे नर्सिंगहोम रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान युवक की सोमवार देर रात मौत हो गई। आरोप है कि मारपीट पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। युवक की मौत होने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

गोलाघाट नई बस्ती निवासी तिलक राम का 32 वर्षीय बेटा दुर्गेश कुमार इलेक्ट्रीशियन था। परिवार में मां प्रेमादेवी, भाई तरुण व योगेश हैं। तरुण के अनुसार इलाके के विनय पांडेय से पुराना विवाद है। उसी खुन्नस में विनय अपने बेटे अतुल व दो अन्य के साथ बीती 14 अप्रैल को दुर्गेश को घर के पास से अपने साथ ले गया था। समीप ही चेतन पार्क ले जाकर चारों ने मिलकर उसे जमकर पीटा। भागते समय धमकी दी कि अगर दो लाख रुपये रंगदारी नहीं दी तो दोबारा यही हाल करूंगा। पता चलने पर गंभीर अवस्था में दुर्गेश को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चांदनी नर्सिंगहोम रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान सोमवार रात उसकी मौत हो गई। तरुण का आरोप है कि पिटाई की चौकी में शिकायत करने पर पुलिस ने सुनवाई नहीं की। मौत के बाद थाना प्रभारी से शिकायत करने पर उन्होंने कहा कि मारपीट की उन्हें जानकारी नहीं है। इसके बाद आरोपी पिता-पुत्र, दो अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लिया है।



दुर्गेश।

● **घर से बुलाकर आरोपियों ने पीटा परिजनों में मचा कोहराम**

# नकली जेवर देख बिना दुल्हन लौटी बारात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी में चढ़ावे में नकली जेवर देखकर वर-वधू पक्ष में जमकर विवाद हुआ। सूचना पर पुलिस पहुंची और रात में कई घंटे थाने में पंचायत हुई। आखिर में फैसला हुआ कि बिना दुल्हन बारात लौटनी पड़ी। थाने में चली पंचायत में दोनों पक्षों में समझौता हुआ।

बर्रा गांव में फल का ठेला लगाने वाले पीड़ित पिता ने बीएससी पास बेटी का विवाह पनकी के रतनपुर इलाके का रहने वाला एमबीए युवक से तय की थी। बीती दो नवंबर को बरीक्षा और गोदभराई हुई थी। पीड़ित पिता के अनुसार लड़के ने कहा था कि उसकी मां को कैंसर है, इसलिए शादी जल्दी करना चाहता है। सोमवार रात रात गुजैनी स्थित गेस्ट हाउस में शादी समारोह होना था। रात में बारात पहुंचने के बाद जयमाल की रस्म के बीच सभी बरातियों ने जमकर डांस किया। देर रात जब फेरों की रस्म शुरू हुई, बखेड़ा तब खड़ा हुआ। लकड़ी पक्ष का आरोप है कि वर पक्ष दुल्हन के चढ़ावे के लिए पांच जेवर लाए थे। जिसमें तीन नकली थे। इसका पता चलने पर महिलाओं ने नाराजगी जताई। पहले वर पक्ष के लोग उसे असली बताते रहे, बाद में स्वीकार किया कि नकली है। बाद में जेवर बनवा देंगे। कहासुनी के बीच दोनों पक्षों में हो-हल्ला होने लगा। विवाद बढ़ता देखकर दोनों पक्षों के बड़े-बुजुर्गों ने बीच-बचाव कर बात संभालने की कोशिश की। हालांकि मंगलसूत्र को छोड़कर सभी जेवर नकली होने की बात पर लड़की पक्ष ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली और दोनों पक्ष थाने पहुंच गए।

● **चार जेवर नकली निकले महिलाओं ने पकड़ा**

## बेकनगंज की सड़ी-गली सुधारने को शिकायत

**कानपुर।** मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर जिलाधिकारी कानपुर नगर तक बेकनगंज की सड़ी गली की समस्या को दुरुस्त करने के लिए ज्ञापन दिया गया लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ तो अब डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपा गया है।

कर्मचारी संगठन के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद परवेज आलम ने बताया कि 20 अप्रैल 2026 सोमवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या को ज्ञापन सौंपते हुए बेकनंगज की सड़ी गली को ठीक कराने की गुहार लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर के वार्ड नंबर 83 उस्मानिया स्कूल बेकनगंज के पीछे सड़ी गली में सीवर लाइन नहीं होने के कारण गंदगी से लोग परेशान हैं। 9 सितंबर 2025 को जिलाधिकारी नगर को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया गया था कि सड़ी गली में सीवर लाइन नहीं होने के कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है।

# 11 सौ रुपये में लें सोने का सिक्का

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विवाह समारोह के बीच सराफा बाजार में सोने के उपहारों की नई रेंज ने दस्तक दी है। इनमें छोटे सोने के सिक्के भी शामिल हैं। इनकी कीमत 11 सौ रुपये से शुरू हो जाती है। यह सिक्का वैवाहिक समारोह में रिश्तेदारों की ओर से दिए जाने वाले उपहारों में खास बन रहा है।

सोने व चांदी के दामों में इजाफा होने के बाद सराफा बाजार खरीदारों की कमी से जूझ रहा है। बड़ी संख्या में निवेशकों ने भी बाजार से फिलहाल दूरी बना रखी है। अब बाजार के इस सेग्मेंट के लिए अब नया प्रोडक्ट लांच हुआ है। खास बात यह है कि सोने का यह सिक्का सिर्फ उपहार में देने के लिए बनाया गया है।

यह सिक्का 24 कैरेट गोल्ड का है। सिक्के का वजन 50 मिलीग्राम से शुरू होता है। 50 मिली ग्राम के सिक्के की कीमत 1150 रुपये है। इसी तरह सौ मिली ग्राम का सिक्का दो हजार रुपये व 2 सौ मिली ग्राम का सिक्का 37 सौ रुपये का खरीदारों के लिए उपलब्ध है। कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने बताया कि लंबे समय से खरीदारों के न आने से परेशान खासतौर पर छोटे सराफा कारोबारियों को राहत मिलेगी।





### वटवृक्ष की आकृति है

- सोने के छोटे सिक्कों में वटवृक्ष की आकृति बनी हुई है। इसके अलावा भी अन्य आकृतियों के सिक्के भी जल्द ही बाजार में मौजूद हो सकेंगे। जिस तरह की मांग खरीदारों की ओर से की जा रही है उसके अनुसार सिक्कों में डिजाइन में बदलाव किया जा सकेगा।

### कारीगरों के पास काम लौटा

- आभूषण कारोबार में मंदी के बाद बाजार के कारीगरों के पास भी काम की कमी है। कई कारीगर वापस लौट चुके हैं। अब खरीदारों के आने की उम्मीद से कारीगरों को भी उम्मीद जाग गई है। उनका मानना है कि अब बाजार में गहनों को साफ कराने आने वाले और उसे दुरुस्त करने के लिए भी काम वापस आ सकता है।

**आक्रोश** | मकड़ीखेड़ा के पार्षद के साथ क्षेत्रीय लोगों ने किया विरोध

# बिना सीवर चैंबर बनाए सड़क बनाने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मकड़ीखेडा में जल निगम द्वारा वर्ष 2019 में डाली गई सीवर लाइन शुरू नहीं हुई और पाइप लाइन डालने का कार्य बीते माह शुरू कर दिया गया। आरोप है कि पाइप लाइन डालने के दौरान सीवर लाइन के छोटे कई चैंबर तोड़ दिए गए, शिकायत के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लेने पर आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया।

नगर निगम के वार्ड 44 के मकड़ीखेड़ा में एक करोड़ 32 लाख से सीएनजी पेट्रोल पंप से मैनावती मार्ग तक करीब एक किलोमीटर तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन सड़क को बनाने से पहले मार्ग पर वाटर लाइन डालने के लिए तोड़े गए छोटे सीवर चैंबर नहीं बनाए गए है, जिसके संबंध में क्षेत्र के लोगों ने जानकारी क्षेत्रीय पार्षद कुंती राम विलास निषाद को दी। पार्षद ने मामला संज्ञान लिया और जल निगम को टूटे सीवर चैंबरों के निर्माण के लिए पत्र लिखा, लेकिन जल निगम ने इसको गंभीरता से नहीं लिया, जिसकी वजह से आक्रोश लोगों ने मंगलवार पार्षद के नेतृत्व में सड़क निर्माण का कार्य रूकवा दिया और हाथ में बैनर लेकर जल निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पार्षद कुंती राम विलास निषाद के मुताबिक वर्ष 2019 में मार्ग पर सीवर लाइन डाली गई थी, जो आज तक चालू नहीं हो सकी है। करीब एक माह पहले जल निगम द्वारा अमृत योजना-2 के तहत वाटर लाइन डालने के लिए खुदाई की थी, जिसके तहत सीवर चेंबर टूट गए। चेंबर टूटे होने के बावजूद बीते तीन दिन पहले सीएनजी पेट्रोल पंप से मैनावती मार्ग तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया, उसको बनाना भी जरूरी नहीं समझा। क्षेत्र के संजय श्रीवास्तव, सुरेश चन्द्र कटियार, सुराती देवी, विश्वनाथ प्रजापति, रामविलास निषाद, मनोज भूषण पाण्डेय, विपिन विश्वकर्मा, राकेश कपूर व विनीत पटेल आदि ने कार्य की जांच कराने की मांग की।




निर्माणाधीन मार्ग पर लोगों के साथ प्रदर्शन में शामिल पार्षद कुंती राम विलास निषाद।

● **पार्षद कुंती निषाद के नेतृत्व में लोगों ने किया प्रदर्शन, कार्यों की जांच की मांग**

# ईयर फोन लगा स्कूटी चला रही युवती डंपर में घुसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता में कान में ईयर फोन लगाकर बात करते हुए स्कूटी चला रही युवती डंपर में पीछे से घुस गई। पहियों के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

यशोदानगर के देवकीनगर निवासी युवती 38 वर्षीय इशरत खान स्कूली बच्चों की डिजानइर ड्रेस बनाती थी। पिता लोडर चालक अशरफ ने बताया कि परिवार में मां नसीम, भाई हमजा, बहन नुसरत व मुंतशा हैं। घरवालों ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे वह घर से काकादेव स्थित एक स्कूल में बच्चों की तैयार डिजाइनर ड्रेस देने के लिए स्कूटी से निकली थी। तभी यशोदानगर बाइपास की तरफ जाते समय हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती कान में ईयर फोन लगाकर बात करते हुए स्कूटी चला रही थी। उधर डंपर हाईवे रैंप से उतर रहा था। इसी बीच अचानक डंपर देखकर युवती हड़बड़ाई और पीछे से भिड़ गई। डंपर के पिछले पहिए के नीचे आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने बताया कि युवती के पास हेलमेट था, मगर लगाए नहीं थी। हादसे के बाद चालक भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस को तलाशी में मिले कागजात से परिजन को सूचना दी गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचीं मां ने बेटी का शव देख चीख पड़ी। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि चौराहा पर मौजूद कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि युवती फोन पर बात करते हुए सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान डंपर ने रौंद दिया।

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मेरा आधार कार्ड में नाम सफीक Safeeq पुत्र नफीस, पता- ग्राम गांधी नगर सिकंदरा कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम सफीक Safeeq पुत्र नफीस को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। सफीक Safeeq पुत्र नफीस निवासी गांधी नगर सिकंदरा कानपुर देहात।

**सूचना**
मेरा आधार कार्ड में नाम Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान पता ग्राम बारा कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान निवासी बारा कानपुर देहात।

**सूचना**
मैं रशीद अहमद (RASHEED AHMED) पुत्र स्व0 रफीक अहमद (RAFIQ AHMED), निवासी 109, गढ़ी जिन्दौर, परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ, उ0प्र0, मेरे डी0एल0 पर मेरा नाम रशीद अहमद सिद्दीकी (RASHEED AHMAD SIDDIQUIE) लिख गया है। जबकि आधार कार्ड पर रशीद अहमद (RASHEED AHMED) लिखा है जो क सही व सत्य है। मैं दो नामों से जाना-व पहचाना जाता है यह दोनों नाम मेरे ही हैं।

**सूचना**
मैं NITIN पुत्र श्री DURJAN, निवासी-ग्राम-किरहन खेड़ा, पोस्ट-चैत्रा, किरहन खेड़ा, जिला-उन्नाव, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर NITIN KUMAR कर रहा हूँ, अब से मुझे NITIN KUMAR के नाम से जाना पहचाना और माना जाये।

**सूचना**
मेरा पुत्र अरुन मुझे परेशान करता है। मेरे जीवन काल में ही मेरी संपत्ति हड़पना चाहता है। मेरा मानसिक शोषण करता है जिसके चलते आज की तारीख से मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरी संपत्ति से मेरे पुत्र अरुन का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। मैं/ **राम नारायण पुत्र भगौती पाल पूरे मकरहन मजरे व पोस्ट ऐहार तहसील डलमऊ जिला रायबरेली।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र के अनुसार उसका नाम तय्यबा है जो कि गलत है, मेरी पुत्री का सही नाम बेबी तय्यबा व मां का नाम सलमा परवीन है, जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र व अन्य सभी अभिलेखों में सही दर्ज कराना आवश्यक है। **मोहम्मद इकबाल, पुत्र मोहम्मद शफी निवासी- 346/112, मेंहदीगंज, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम NASIR था से बदलकर NASEER AHMAD रख लिया है। अब मुझे NASEER AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ABDUL BAREE ADD-VILL-CHANDNAPUR POST-MALLAPUR PS-RAMNAGAR DIST-BARABANKI-225201(U.P.)

**सूचना**
पहले मेरा नाम ZABED AHMAD था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHMMAD JAVED रख लिया है भविष्य में मुझे MOHMMAD JAVED के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O JAMSHED AHMAD R/O SULEMANPUR GANAULI POST RAUZAGAON AYODHYA-224120

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम GAJALA SIDDIQUI था से बदलकर GAZALA SIDDIQUI रख लिया है। अब मुझे GAZALA SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MATEEN AHMAD ADD-ED-366 SECTOR-Q ALIGANJ SO-DIST-LUCKNOW-226024 (U.P.)

**NOTICE**
I hereby inform the general public that I have changed my name from MOHAMMAD NASEEB to MO HASEEB. Henceforth, I shall be known and recognized by the name MO HASEEB for all purposes.MO HASEEBS/o TALUK ALIAddress: Village Bhudehari, Post–Ram Sanehi Ghat,District–Barabanki, Uttar Pradesh, Pin–225409

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2032995 एवं इंटरमीडिएट व्यक्तिगत परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 3163941 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र खो गया है। **शिवेंद्र शर्मा पुत्र यज्ञ प्रसाद शर्मा निवासी मकान नंबर 502 निकट गांधी पार्क मालवीय नगर गोंडा। (उत्तर प्रदेश) 271001**

## सिटी ब्रीफ

### वाईएमसीसी, वान्डर्स और स्काई क्लब की शानदार जीत

**कानपुर।** के सी ए द्वारा आयोजित केडीएमए क्रिकेट लीग में मंगलवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां वाईएमसीसी, वान्डर्स क्लब, स्काई क्लब, कानपुर साउथ और पैरामाउंट क्लब ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। मंधना के चन्द्रा मैदान पर वाईएमसीसी ने उत्कर्ष तिवारी (45) की मदद से 182 रन बनाए। जवाब में एसएस क्लब 138 रन पर सिमट गया। वीर ने 4 और राहुल पाल ने 3 विकेट लेकर वाईएमसीसी को 44 रन से जीत दिलाई।

### वान्डर्स क्लब ने जिमखाना को हराया

**कानपुर।** पीएसी मैदान पर साउथ जिमखाना के 192 रनों के लक्ष्य को वान्डर्स क्लब ने निलेश कौल (75) और अतुल (57) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

### स्काई क्लब ने रोलैंड को पीछे छोड़ा

**कानपुर।** राम लखन भट्ट मैदान पर हुआ मैच बेहद रोमांचक रहा। स्काई क्लब के 227 रनों के जवाब में रोलैंड क्लब की टीम 226 रन ही बना सकी और मात्र 1 रन से मैच हार गई। अनुरुद्ध सिंह ने स्काई क्लब के लिए सर्वाधिक 77 रन बनाए

### कानपुर साउथ व पैरामाउंट की जीत

**कानपुर।** कानपुर साउथ ने जतिन चौहान (71) की पारी की बदौलत तरुण क्लब को 46 रन से हराया, जबकि पैरामाउंट क्लब ने अमर क्लब को 25 रन से शिकस्त दी। आयुष शुक्ला ने पैरामाउंट के लिए 4 विकेट चटकाए।

### स्पास्टिक्स सेंटर में मनाया पृथ्वी दिवस

**कानपुर।** स्पास्टिक्स सेंटर में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया, जिसमे एडीजी की पत्नी आकांक्षा सिंह शामिल हुई। ग्रीन फिंगर्स के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेंटर के विशेष बच्चों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। पहल के तहत 100 से अधिक पौधे लगाए गए, जिससे हमारे ग्रह की सुरक्षा और संरक्षण के महत्व को बल दिया गया। बताया कि यह आयोजन बच्चों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित करने की दिशा में एक सार्थक कदम था। इस दौरान पीयूष अग्रवाल, अनुराधा वाष्र्णेय, विजय पारिख, डॉ.राव विक्रम सिंह, नीतू सिंह व परियोजना निदेशक भारती गर्ग आदि रहे।

यात्रियों की भीड़ जहां की अधिक होगी, वहां विशेष ट्रेनों को भेज देंगे, वटवा से हावड़ा विशेष ट्रेन आज से

# ट्रेन ऑन डिमांड, स्टेशनों पर रिजर्व रहेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जब कोई बड़ा त्योहार आता है तो भीड़ को समेटने के लिए परिवहन निगम अपनी कुछ बसें रिजर्व कर देता है और जिस जिले की भीड़ अधिक होती है, वहां बसों को रवाना कर दिया जाता है। इसी तर्ज पर रेलवे प्रशासन ने ट्रेन ऑन डिमांड सेवा की शुरुआत की है। ये विशेष ट्रेनें जहां के यात्रियों की संख्या अधिक होगी, वहां रवाना की जाएंगी। फिलहाल ये सेवा अभी वटवा से आरंभ की गई है। देश के विभिन्न स्टेशनों से ये सेवा चालू की जाएगी।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि ट्रेन ऑन डिमांड सेवा के अंतर्गत पहली गाड़ी संचालित होगी जिसमें फर्स्ट एसी 1, थर्ड एसी 3, स्लीपर 6, जनरल 4 कोच होंगे। इसी क्रम में पहली गाड़ी संख्या 09481 वटवा- हावड़ा विशेष ट्रेन का संचालन वटवा स्टेशन से 21, 22 एवं 27 अप्रैल कुल 3 फेरे लगाएगी। ऐसे ही गाड़ी संख्या 09482 हावड़ा-वतवा ट्रेन ऑन डिमांड का संचालन 23, 24 एवं 29 अप्रैल 2026 को कुल 3 फेरे लगाएगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 09481 अपने प्रारंभिक स्टेशन वटवा से समय सायं 4.45 बजे रवाना होगी। गोधरा स्टेशन सायं 7.55 बजे, रतलाम रात 10.20 बजे, बीना प्रातः 6.45 बजे, वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी प्रातः 9 बजे, कानपुर सेंट्रल दोपहर 1.15 बजे, प्रयागराज स्टेशन सायं 4 बजे, बनारस सायं 6.30 बजे, वाराणसी सायं 7.15 बजे, सासाराम रात 9.50 बजे, गया रात 11.25 बजे, आसनसोल प्रातः 5.25 बजे के बाद हावड़ा सुबह 10:00 बजे पहुंचेगी I

गाड़ी संख्या 09482 हावड़ा रेलवे स्टेशन से रात 8 बजे रवाना होगी। दुर्गापुर रात 11.30 बजे, आसनसाल रात 11.35 बजे, धनबाद रात 1.35 बजे, सासाराम प्रातः 6.20 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रातः 08:30 बजे, वाराणसी 10:00, बनारस 10:30, प्रयागराज दोपहर 1.50 बजे, कानपुर सायं 4.30 बजे, झांसी रात 9 बजे, बीना रात 11.30, रतलाम प्रातः 8 बजे, गोधरा 11 बजे एवं वटवा दोपहर 2.25 बजे पहुंचेगी।

## कानपुर समेत कई स्टेशनों और ट्रेनों पर छापेमारी, भारी जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रेनों में लोग बेटिकट चल रहे हैं और साथ में लगेज भी नहीं बुक कराते
- ट्रेनों में बिना बुक किये माल ले जाते पकड़े गये कई यात्री, जुर्माना भरना पड़ा

**अमृत विचार।** ट्रेनों में कितने बड़े पैमाने पर लोग टिकट लिये बिना सफर कर रहे हैं, इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब इस माह अप्रैल के 20 दिनों में ही सिर्फ कानपुर में बेटिकट, बिना बुक माल ले जाने समेत कई प्रकार के 19695 यात्रियों की धर पकड़ की गई और रेलवे ने 1 करोड़, 53 लाख, 40 हजार 756 रुपये की वसूली की।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने कहा कि ट्रेन यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हरिमोहन के निर्देशन में विविध अभियान चलाया जा रहा है। प्रयागराज मण्डल सभी यात्रियों को अच्छा भोजन, शुद्ध पेय जल, स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ टिकट रहित और अनियमित यात्रा करने वालो पर अंकुश लगाने के लिए स्टेशनों एवं गाड़ियों में निरंतर टिकट चेकिंग अभियान चला रहा है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलाये गए सघन टिकट चेकिंग अभियान में बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, अनबुक्ड लगेज एवं धूम्रपान एवं गंदगी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 78,023 यात्रियों को प्रभारित कर उनसे 5,83,96,071 रुपए जुर्माना वसूल किया गया।

### रेलवे स्टेशनों पर जुर्माना

- बिना टिकट यात्रा करने वाले 38,440 यात्रियों से 3,57,00,097 रुपये जुर्माना
- अनियमित यात्रा करने वाले 38043 यात्रियों से 2,23,15,269 जुर्माना
- अनबुक्ड लगेज के लिए 35 यात्रियों से 18,164/- रुपये जुर्माना लिया।
- धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने के लिए 1505 यात्रियों से 3,62,541 रुपये जुर्माना वसूला गया।




## गर्मी में एसी कोचों की संख्या बढ़ाई गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंदपुरी स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या का लोड बढ़ाया गया

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए लोग अपने परिवार के साथ कहीं दूर दराज पहाड़ी क्षेत्रों में चले जाते हैं, कोई शादी समारोह में शामिल होने के लिए रिश्तेदारों के यहां चला जाता है। ऐसे पूरी गर्मी की छुट्टी लोग बिताते हैं जिससे ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। इस बार रेलवे ने एसी कोचों की संख्या बढ़ाते हुए विशेष ट्रेनों की संख्या भी बढ़ा दी है। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर गर्मी की छुट्टियों में बढ़ाई जाने वाली ट्रेनों का भार अधिक नहीं पड़े, इसके लिए गोविंदपुर स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

### सूबेदारगंज से दादरी तक ट्रेन

- गाड़ी संख्या 02417 सूबेदारगंज से प्रतिदिन 22 अप्रैल से 30 अप्रैल एवं गाड़ी संख्या 02418 दादरी से प्रतिदिन 23 अप्रैल से 1 मई तक चलेगी। इस ट्रेन में 2 पार्सलयान, सामान्य -05, स्लीपर -08, एसी तृतीय -01, एसी द्वितीय -01 कोच होगा।
- गाड़ी संख्या 02417 सूबेदारगंज से रात 8.05 बजे चलेगी। सिराथू रात 8.38 बजे, फतेहपुर रात 9.33 बजे, कानपुर रात 11 बजे, दादरी प्रात: 5.15 बजे पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 02418 दादरी से प्रात: 7.15 बजे रवाना होगी। टूंडला 9.30 बजे, कानपुर सेंट्रल दोपहर 2.30 बजे, फतेहपुर सायं 4.08 बजे, सिराथू सायं 4.58 बजे एवं सूबेदारगंज सायं 6.05 बजे पहुंचेगी।

**उदयपुर सिटी से आसनसोल**

- गाड़ी संख्या 09623 उदयपुर सिटी से मंगलवार 28 अप्रैल को चलेगी जबकि गाड़ी संख्या 09624 आसनसोल से गुरुवार 30 अप्रैल को चलेगी। इस गाड़ी में पार्सलयान 2, एसी द्वितीय -2, एसी तृतीय -6, इकॉनमी कोच -2, स्लीपर -6, सामान्य -4 डिब्बे होंगे।
- गाड़ी संख्या 09623 उदयपुर सिटी से रात 10.30 बजे रवाना होगी। भीलवाड़ा रात 1.20 बजे, नसीराबाद रात 3.24 बजे, जयपुर प्रात: 6.30 बजे, गोविंदपुरी सायं 4.20 बजे, आसनसोल प्रात: 7.15 बजे पहुंचेगी।

## मस्जिद शेख हुमायूं से सादगी से निकाह की शुरुआत की गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अपने शहर में मस्जिद शेख हुमायूं कर्नलगंज से सादगी के साथ मस्जिद में निकाह करने की शुरुआत मौलाना हफीजुर्रहमान अशरफी ने की। असलाफ (पूर्वजों) की परंपराओं, सादगी और सुन्नत के पालन को मार्गदर्शक बनाया जाए।

मंगलवार को कर्नलगंज में मौलाना हफीजुर्रहमान अशरफी की याद में आयोजित जलसे में ये बात जमीअत उलेमा उत्तर प्रदेश के महासचिव मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने अपने संबोधन में कही। मौलाना हफीजुर्रहमान अशरफी के दिशा निर्देशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया और कहा गया कि मौलाना की नसीहतों को अपने जिंदगी में भी उतारें। मदरसा मजहरुल उलूम बेकनगंज के प्रधान अध्यापक मुफ्ती इकबाल अहमद कासमी ने कहा कि वर्तमान समय के फितनों (विवादों) और मतभेदों के बीच संयम और सावधानी बरतना हजरत की सबसे बड़ी विशेषता थी। जामा मस्जिद पटकापुर स्थित जामे उल उलूम के हदीस के उस्ताद मुफ्ती अब्दुर्रशीद कासमी ने कहा कि कर्नलगंज में मस्जिद के अंदर निकाह पढ़ाने की शानदार परंपरा शुरू की और गैर-इस्लामी रस्मों (जैसे आतिशबाजी) पर सख्ती से रोक लगाई, जिसकी बदौलत आज इस इलाके में शरीयत के अनुसार सादगी से निकाह का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि मतभेदों की स्थिति में उलमाओं की ओर रुख करना चाहिए ताकि समाज शैतानी फितनों से सुरक्षित रह सके। संचालन उस्ताद मौलाना महम्मद अकरम जामई ने किया। मुफ्ती मोहम्मद फुरकान, मस्जिद के मुतवल्ली अब्दुल मुईद, रशीद बाबा, हाफिज मोहम्मद असजद, कारी अनीस अहमद साबरी, मंजूर चौधरी, मौलाना अंसार अहमद, अनीसुर्रहमान कासमी रहे।



कर्नलगंज में जलसा हुआ। अमृत विचार

## भारत-नेपाल के संबंधों को मजबूत करने का संदेश

**कानपुर।** शहर की महापौर प्रमिला पांडेय अपने साथियों व कुछ पार्षदों के साथ मंगलवार को नेपाल मेयर के विशेष आमंत्रण पर काठमांडू पहुंची और नाथ संप्रदाय के पूज्य गुरु मछेंद्रनाथ की भव्य शोभायात्रा में शामिल हुईं।

शोभायात्रा के दौरान महापौर व पार्षदों का स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

उन्होंने भारत-नेपाल के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने का संदेश दिया। महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता सदियों पुराना है। नाथ संप्रदाय के गुरु मछेंद्रनाथ की यह शोभायात्रा आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत प्रतीक है। दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान व नगर विकास के कई पहलुओं पर चर्चा की।

## 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित मामलों का निस्तारण होगा

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लंबे समय से अटके मामलों के निस्तारण के लिए 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में यह लोक अदालत दीवानी न्यायालय परिसर और कलेक्ट्रेट में लगेगी, जहां विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सहमति से त्वरित निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक प्रकरण, एनआई एक्ट की धारा 138 के मामले, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, बिजली-पानी व टेलीफोन बिल, वैवाहिक विवाद, राजस्व एवं सिविल वादों को प्राथमिकता से निपटाया जाएगा। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज (सीडी) अभिनव तिवारी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रसोई, अस्पताल व बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर भी आयोजित कराया।



जेल का निरीक्षण कर निकलते अधिकारी। अमृत विचार

### बैठक में बैंकों की कम सहभागिता पर सख्त रुख

- राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में बैंकों की कम सहभागिता पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नाराजगी जताई है। 20 अप्रैल को हुई बैठक में केवल कुछ ही बैंक प्रतिनिधि उपस्थित हुए, जबकि अधिकांश बैंक अनुपस्थित रहे। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए सचिव अभिनव तिवारी ने भारतीय रिजर्व बैंक को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक ऋण वसूली मामलों के निस्तारण में बैंकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है, ताकि अधिक से अधिक मामलों का समझौते के आधार पर समाधान हो सके।



समारोह को संबोधित करते सतीश महाना अमृत विचार

### महाराजपुर को आदर्श विधानसभा बनाएंगे

**कानपुर।** देवीगंज स्थित फूलमति मंदिदर परिसर में मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पहुंचे। ढोल व ताशा के साथ जुलूस निकालकर उनको कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा बनाई जाने वाली 98 गलियों का लोकार्पण किया। सतीश महाना ने कहा कि हम लोग टीम भावना से काम करते हैं। पहले यह नारा था कि महाराजपुर की आस छावनी जैसा विकास और वह सपना साकार हो रहा है। अब यह प्रयास रहेगा कि महाराजपुर विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा बना सकूं। इस दौरान करण महाना, आदित्य शुक्ला, मोहिनी शुक्ला, विवेक शुक्ला, मनोज बाली, धनराज स्वामी, लालू पाल, सकुंतला शर्मा, सुरेंद्र यादव, विमला वर्मा, मुकेश कुमार, सरोज कुशवाहा, अनिता परमार व अधिशासी अभियंता दिवाकर भास्कर आदि रहे।

## पंचायत चुनाव की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव

कार्यालय संवादाता, कानपुर


- राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने जारी की नई समय-सारणी
- सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे निर्वाचन कार्यालय

**28** मई तक पूरा किया जाएगा मतदाताओं का डुप्लीकेशन

**अमृत विचार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। राज्य निर्वाचन आयोग ने नई अधिसूचना जारी की है। जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को संशोधित समय-सारणी जारी कर दी है। संशोधित समय-सारिणी के अनुसार तीन चरणों में काम होगा। पहले चरण में मतदाताओं के डेटा का शुद्धिकरण कर कम्प्यूटर पर फीडिंग की जाएगी। ये काम 28 मई तक पूरी की जाएगी। दूसरा चरण 29 मई से 9 जून के बीच मतदान केंद्रों का क्रमांक तय होंगे। वार्डों की मैपिंग, मतदाता सूची डाउनलोड करने और उनकी फोटो प्रतियां तैयार करने का काम चलेगा। तीसरे चरण में सभी संशोधनों के बाद 10 जून को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

**अवकाश में भी चलेगा काम**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य की संवेदनशीलता को देखते हुए समय-सारणी में पड़ने वाले सभी सार्वजनिक अवकाशों के दौरान भी कार्यालय खुले रहेंगे। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नियत समय के भीतर सभी तकनीकी और प्रशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं जिससे कि अंतिम प्रकाशन में कोई चूक न रहने पाए।



### विकास नगर डिपो में चालक परिचालकों का हंगामा

**कानपुर।** आएदिन जनरथ बसों के खराब होने से गुस्साये चालकों एवं परिचालकों ने विकास नगर डिपो में जमकर हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। विकास नगर डिपो में ही एसी जनरथ बसों का रखरखाव होता है लेकिन बसें बनकर डिपो से निकलने के बाद ही खराब हो जाती हैं जिससे यात्री चालक और परिचालकों से अभद्रता करते हैं। सबसे ज्यादा एसी खराब होने की शिकायते हैं। मंगलवार को गुस्साये चालक, परिचालकों ने हंगामा किया। उनका कहना था कि रास्ते में ही बसें खराब होने से उनका रुट पूरा नहीं हो रहा है जिससे उनका वेतन भी कम मिल रहा है। दरअसल मंगलवार को सुबह जनरथ एसी बस नंबर यूपी 78-एफटी-7596 विकास नगर डिपो से वाराणसी के लिए रवाना हुई लेकिन रामादेवी चौराहा के पास ही बस ने पिकअप लेना बंद कर दिया।


## कार्यालय-जिला उद्यान अधिकारी

कमरा नं0-18, 21, विकास भवन, रावतपुर, कानपुर नगर

पत्रांक: 55-56/त.स./ सामग्री आपूर्ति / 2026-27 दिनांक : 21.04.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान अधिकारी, कानपुर नगर के अधीन जनपद में संचालित दो राजकीय पौधशालाओ, राजकीय पौधशाला विधनू एवं राजकीय पौधशाला चम्पतपुर में पौध उत्पादन एवं वृहद् वृक्षारोपण योजना के तहत पौध उत्पादन तथा हाई-टेक नर्सरी के तहत पौधो के उत्पादन हेतु पालीथीन बैग (काली) 55 & 65 माइक्रान साइज 4"x6", 5"x7", 6"x9", 7"x9", 8"x10" एव काली मल्चिंग शीट 200 गेज, प्रो.ट्रे (98-छेद), पैकिंग बॉक्स (गट्टा) (47.5x38.5x20Cm.) की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म में टेक्नीकल बिड एवं वित्तीय बिड के प्रपत्र सम्मिलित हैं, जिसे अलग अलग बन्द लिफाफे में भरकर प्रस्तुत करना होगा तथा इन लिफाफों में स्पष्ट रूप से तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अंकित होना चाहिये। दोनों सीलबन्द लिफाफों को पुनः एक अन्य लिफाफे में बन्द कर इस कार्यालय में 28 अप्रैल, 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/व्यक्तिगत रूप से प्रेषित करना होगा। इच्छुक पॉलीथिन बैग के मूल निर्माता, जारी शर्तो एवं अनुबन्धों के साथ दिनांक 23 अप्रैल, 2026 से दिनांक 27 अप्रैल, 2026 तक अपरान्ह 05:00 बजे तक किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र नगद मूल्य से/ बैंक ड्राफ्ट से विभागीय कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कानपुर नगर से प्राप्त कर सकते है, जिसको दिनांक 28 अप्रैल, 2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोले जायेंगे। यह निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मान्य होगी।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का नाम | साइज | निविदा प्रपत्र शुल्क | धरोहर धनराशि | आपूर्ति स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कानपुर नगर | पालीथीन बैग- 55 & 65 माइक्रान (काली) | 4"x6" 5"x7" 6"x9" 7"x9" 8"x10" | 500 रू0 | 10,000 रू0 | कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कानपुर नगर |
| 2 | | काली मल्चिंग शीट | 200 गेज | | | |
| 3 | | प्रो-ट्रे | 98-छेद | | | |
| 4 | | पैकिंग बॉक्स (गट्टा) | 47.5X38.5 X20 Cm. | | | |

(उमेश चन्द्र उत्तम)
जिला उद्यान अधिकारी
कानपुर नगर।


राजनीति नारी शक्ति का सम्मान केवल नारों और विज्ञापनों तक सीमित नहीं होना चाहिए

# महिला आरक्षण में देरी अन्याय है- साधना भारती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तिलक हॉल में प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण बिल को जनगणना और परिसीमन के नाम पर टालना महिलाओं के साथ सीधा अन्याय है।

प्रवक्ता ने मांग उठाई कि महिला आरक्षण को आगामी चुनावों में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। इसमें ओबीसी वर्ग की हिस्सेदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए, क्योंकि उनकी संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने 131वें संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए कहा कि यह महिला आरक्षण से ज्यादा परिसीमन से जुड़ा कदम था, जिसे इंडिया गठबंधन ने नकार दिया है। साधना भारती ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने केवल राजनीतिक लाभ के लिए यह बिल पास किया, जबकि जमीनी स्तर पर महिलाओं को अधिकार देने की कोई ठोस मंशा नजर नहीं आती। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता, ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला, अटल पाल, मदन मोहन शुक्ला, राज लक्ष्मी सिंह, दुर्गा मिश्रा, शिव शंकर कुशवाहा, शंकर दत्त मिश्रा, रितेश यादव समेत पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती व अन्य कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### शिवम की शतकीय पारी से मिली टीम को जीत

कानपुर। गोल्ड कप में बुधवार को खेले गए मुकाबले में शिवम की शतकीय पारी से कानपुर जेम्स एकादश ने कानपुर रेड को 108 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। फूलबाग स्थित डीएवी मैदान में पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर जेम्स एकादश ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाए। इसमें शिवम शर्मा ने 111 रनों की शतकीय पारी खेली। साहिल ने 61 और मनिंदर ने 46 रन बनाकर टीम को मजबूत किया। जवाब में कानपुर रेड एकादश निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 147 रन ही बना सकी। वेद ने 59 रनों की जुझारू पारी खेली। गेंदबाजी में कामर्शियल के विकास और मनिंदर ने तीन-तीन विकेट चटकाए।

### कामर्शियल एकादश ने रोवर्स जूनियर को हराया

कानपुर। रोवर्स अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को खेले गए मुकाबले में कामर्शियल एकादश ने रोवर्स जूनियर को 61 रन से हराया। जाजमऊ के रोवर्स मैदान में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए कामर्शियल एकादश ने 25 ओवर में सात विकेट पर 161 रन बनाए। इसमें सलामी बल्लेबाज कार्तिकेय जूनियर ने सर्वाधिक 63 रन बनाए। उनका साथ 37 रन बनाकर कप्तान रुद्र सैनी ने दिया। गेंदबाजी में रोवर्स जूनियर के प्रिंस ने तीन और अली मेहंदी तथा विहान ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में रोवर्स जूनियर 25 ओवर में आठ विकेट पर 100 रन ही बना सकी। सलामी और मध्यक्रम बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अंतिम श्रेणी के बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने का भरसक प्रयास किया। विहान ने 19, आर्यन ने 12, अरमान ने 14 और ध्रुव ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में कामर्शियल के अंश ने तीन, प्रतीक ने दो विकेट लिए।

### केडीए ने की कार्यवाही

कानपुर। केडीए ने मंगलवार को सहजनी शुक्लागंज में करीब पांच हजार वर्ग मीटर, ग्राम चिरान में करीब 12 हजार वर्ग मीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर सीलिंग की कार्यवाही की। ग्राम बैरी अकबरपुर बांगर में एक हजार वर्ग मीटर और बगदौदी बांगर में 13 हजार वर्ग मीटर में की जा रही प्लाटिंग के खिलाफ ध्वतीकरण नोटिस दी, समय पर अवैध निर्माण नहीं हटाने पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

### ओटीएस में 63 ने किया आवेदन

कानपुर। केडीए में ओटीएस योजना 18 अप्रैल से शुरू की गई है, तब से 21 अप्रैल तक एसबीआई बैंक की शाखाओं के माध्यम से 63 आवेदकों ने आवेदन किया। प्रोसेसिंग फीस व प्रारम्भिक धनराशि के रूप में सात लाख चार हजार एक सौ रुपये जमा किया गया। इसके अलावा एक्सिस बैंक की विभिन्न शाखाओं के माध्यम से केडीए को आठ आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### घर-घर की जांच

कानपुर। श्याम नगर स्थित बल्ला टटिया क्षेत्र में जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने टीम के साथ मलीन बस्ती में घर-घर चल रहे दस्तक व संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण किया। संयुक्त टीम ने 30 घरों का सर्वे किया, जिसमें कोई भी घर संक्रमित नहीं पाया गया।

# एचबीटीयू में प्रोजेक्ट और शोध राइटिंग पर हुआ मंथन

## 250 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता से संवाद किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अमृत विचार

अमृत विचार। हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "रिसर्च मेथडोलॉजी एंड प्रोजेक्ट राइटिंग स्किल्स" का पहला दिन मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आए शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 10 बजे भव्य उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. समशेर ने शोध के महत्व, नवाचार की आवश्यकता और उच्च शिक्षा में अनुसंधान की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को शोध में मौलिकता, अनुशासन और निरंतरता बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यशाला की अध्यक्षता डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन शोधार्थियों को न केवल दिशा प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें प्रभावी प्रोजेक्ट प्रस्ताव तैयार करने में भी सक्षम बनाते हैं। संयोजक प्रो. निशांत कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि आयोजन सचिव डॉ. शिवम श्रीवास्तव और डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तकनीकी सत्रों में देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान दिए। वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों ने शोध पद्धति, प्रोजेक्ट लेखन, फंडिंग एजेंसियों की अपेक्षाओं और टेक्नोलॉजी कमर्शियलाइजेशन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने शोध में स्पष्टता, सटीकता और प्रभावी प्रस्तुति के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विशेषज्ञों से संवाद किया और अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। दिनभर चले सत्रों में शोध लेखन, डेटा प्रस्तुति, प्रकाशन नैतिकता और आधुनिक डिजिटल टूल्स के उपयोग पर भी चर्चा हुई। पहले दिन का समापन प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण अनुभवों और सारगर्भित चर्चाओं के साथ हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आशा जताई कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध होगी। कार्यशाला का दूसरा दिन बुधवार को आयोजित होगा, जिसमें नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से जुड़े विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे।

## जिला खो-खो संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष बने रतन

कानपुर। जिला खो-खो संघ में करीब 20 वर्ष के बाद कार्यकारिणी में बदलाव हुआ। मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित होटल कैप्सूल में हुई एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कानपुर ओलिंपिक संघ के सचिव रजत आदित्य दीक्षित की अगुवाई में कार्यवाहक अध्यक्ष रतन श्रीवास्तव और सचिव पद पर विपिन सोनकर के नाम पर मुहर लगी। रतन श्रीवास्तव को रणवीर सिंह मलिक और विपिन को अजय शंकर दीक्षित के स्थान पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई। एसोसिएशन का उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा को बनाया गया। वूमेंस विंग की सचिव डा. प्रीति पांडेय बनीं।

कोषाध्यक्ष शिवलाल पाल और सह कोषाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह को चुना गया। सह सचिव आनंद गुप्ता, रोहित सोनकर और आरके यादव बने। वहीं, तकनीकी बोर्ड के चेयरमैन डा. महेश चंद्र झा, चयन बोर्ड का चेयरमैन शिवलाल यादव, रेफरी बोर्ड का चेयरमैन रामजी प्रजापति, मीडिया प्रभारी अभिमन्यु सिंह को चुना गया। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य मुकेश सोनकर, सुशील प्रजापति, नूतन शुक्ला, अजय मिश्रा, मुनेंद्र कुशवाहा, प्रिया सचान, ज्योति वर्मा, प्रीतम कुमार को चुना गया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



खादी मंत्री से मुलाकात करते सुरेश गुप्ता। अमृत विचार

# जून में लगेगा वृहद रोजगार मेला 10 हजार युवाओं को मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद रमेश अवस्थी ने मेले के आयोजन को लेकर मंत्री को पत्र भेजा था
- शहर के सुरेश गुप्ता ने खादी मंत्री चौधरी जयंत सिंह से मुलाकात कर किया फाइनल

अमृत विचार। प्रदेश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जून माह में कानपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता से हुई मुलाकात के दौरान दी।

बैठक में प्रदेश में ग्रामोद्योग के जरिए रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सुरेश गुप्ता ने कहा कि यदि गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं, तो युवाओं का शहरों की ओर पलायन काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने ग्रामोद्योग को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। बताया गया कि कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी द्वारा भी रोजगार मेले के आयोजन को लेकर मंत्री को पत्र भेजे गए थे। इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए मंत्री ने मेले के आयोजन की सहमति दी।

प्रस्तावित रोजगार मेले में करीब 10 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें ग्रामोद्योग के साथ-साथ बड़ी औद्योगिक इकाइयों और कंपनियों को भी आमंत्रित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।





कुलपति को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# पांच वर्ष पूरे होने पर कुलपति का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक का एएनडी कालेज में किया गया सम्मान

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के कार्यकाल के पांच वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय, हरजेंदर नगर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. पाठक मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी व प्रो. विवेक द्विवेदी ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई।

इसके बाद अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में औषधीय वाटिका का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आरती सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी व अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमेधा पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंकिता अवस्थी ने किया।

# प्रशिक्षण में शामिल न होने वाले कर्मियों के लिए फिर कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों से जानकारी लेते नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय।

- किसी कारण नहीं कुछ कर्मी नहीं ले रहे प्रशिक्षण, विभाग तैयार करेगा इनकी सूची
- जनगणना-2027 के लिए नगर निगम कर रहा तैयारियां, नगर आयुक्त ने परखी व्यवस्थाएं

अमृत विचार। नगर निगम के सीमा अंतर्गत जोन क्षेत्रों में जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना संबंधित तैयारियों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमे कुछ कर्मी किसी कारण प्रशिक्षण नहीं ले रहे हैं, जबकि प्रशिक्षण सभी के लिए अनिवार्य है। इसलिए प्रशिक्षण न लेने वाले कर्मियों की सूची तैयार की जाएगी और प्रशिक्षण के लिए दोबारा से प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने मंगलवार को जोन-6 के अन्तर्गत एवीपी, आईआईटी सेंटर काकादेव थाने के पास प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्हें सेंटर पर 18 फील्ड ट्रेनर व दो सौ प्रशिक्षु मिले। उन्होंने फील्ड ट्रेनर से वार्ता की। नगर आयुक्त ने कहा कि पूरे देश में जनगणना शुरू होने वाली है। पहले चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। दूसरे चरण में जनगणना का कार्य शुरू होगा। यहां पर सुपरवाइजर व प्रगणक के प्रशिक्षण का कार्य चल रहा है, प्रशिक्षण के बाद में इस बार जनगणना के अंदर सेल्फ न्यूमरेशन की भी सुविधा दी गई है और उसमें काफी विस्तृत विवरण का उपयोग किया गया है, जिसको खुद भी भरना है, वह ऑनलाइन खुद भी भर सकता है। मई व जून में प्रगणक घर-घर जाकर कार्य करेंगे। सभी छह जोनों के अंदर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अलग ट्रेंनिंग शेड्यूल है। इसमें जोनल अधिकारी ही चार्ज ऑफिसर है। किसी कारणवश कुछ लोग प्रशिक्षण के लिए उपस्थित नही हों रहे है, उनके लिए दोबारा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। साथही संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को लिखित रूप से सूचित भी किया जाए कि किन कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नही किया गया है।

पनकी भवसिंह स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के निरीक्षण में धर्मकांटा मशीन का देखी। बैरीकेट टूटा मिला, सीसीटीवी बंद मिले और कंप्यूटर न होने से पर्ची नहीं प्रिंट हो रही थी। कंप्यूटर आपरेटर द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका।

## कलावती की 318 रन से बड़ी जीत

कानपुर। शहर में पहली बार खेले गए मल्टी डे क्रिकेट चैंपियनशिप में कलावती सुपर किंग्स ने 318 रनों के बड़े अंतर से यशी एकादश को पराजित किया। सुपर किंग्स की ओर से दोनों पारियों में गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले सार्थक को मैन आफ द मैच चुना गया। किदवई नगर स्थित राष्ट्रीय मैदान में खेले गए मल्टी डे क्रिकेट की पहली पारी में सुपर किंग्स ने 34.2 ओवर में 10 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में यशी एकादश 32.4 ओवर में 124 रन ही बना सकी।

# गर्भवती समेत पूरे परिवार को लाठी-रॉड से पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- मारपीट में घायल महिला का चल रहा है इलाज, बर्रा पुलिस को तहरीर का इंतजार

अमृत विचार। बर्रा की कच्ची बस्ती में रास्ते में ऑटो खड़ा करने के विवाद में दबंग परिवार के एक दर्जन से अधिक लोगों ने 5 माह की गर्भवती महिला समेत उसके पूरे परिवार को लाठी डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीट दिया। जिसमे महिला बेहोश होने के साथ गर्भपात की बात बताई गई। घटना में अन्य कई लोग भी घायल हो गए। घटना से संबंधित वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

जे, ब्लॉक स्थित कच्ची बस्ती निवासी अर्जुन नागर ऑटो चालक है। उसके बड़े भाई अतुल ने बताया कि रविवार को अर्जुन की 22 वर्षीय पत्नी ज्योति जो 5 माह की गर्भवती है घर पर थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले गोविंद का परिवार के सभी बेटों समेत करीब डेढ़ दर्जन लोग एकजुट होकर पहुंचे और सभी गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि सभी ने लाठी डंडों और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार किए। जिसमे ज्योति गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। उसे बचाने पहुंची उसकी जेठानी सोनी और उसकी बहन को भी नहीं बख्शा गया और उन्हें भी पीट दिया गया। फिर बीच बचाव में पहुंचे परिवार के अन्य सदस्यों को भी दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। आरोप है कि दबंगों ने गर्भवती के पेट पर भी लात मारी, जिससे गर्भपात होना बताया गया। घटना के दौरान कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो भी बना लिया। वायरल वीडियो में एक महिला सड़क पर लौट लौट कर रोती बिलखती दिखाई दे रही है। 112 की सूचना पर पुलिस पहुंचने से पहले आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनका इलाज चल रहा है इसलिए अभी तहरीर नहीं दी जा सकी है। वहीं थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मारपीट का मामला है। गर्भपात की पुष्टि नहीं हुई है। कार्रवाई की जाएगी।

# जेईई मेंस 2026 के टॉपर्स की सफलता का जश्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कृष्णा बंसल पीडब्ल्यू विद्यापीठ के प्रमुख सफल छात्रों में शामिल रहे

अमृत विचार। फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने जेईई मेंस 2026 सेशन 2 के नतीजों के बाद देशभर के अपने विद्यापीठ केंद्रों पर टॉपर्स की सफलता का जश्न मनाया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रमों में छात्रों की उपलब्धियों को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। इस वर्ष परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में भायंदर (मुंबई) के साहिल प्रधान (एआर94), गुराशीश सिंह चड्ढा (एआर 112, उत्तराखंड स्टेट टॉपर) और हरियाणा के नमन वर्मा (एआर 243) प्रमुख रहे।

नमन वर्मा ने ऑनलाइन ड्रॉपर बैच के माध्यम से कुछ ही महीनों की तैयारी में यह सफलता हासिल कर प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। इसके अलावा, हेमाक्षी कुमार (अंडमान-निकोबार), विष्णु भारद्वाज उपाध्याय (मेघालय) और रोहित शर्मा (हिमाचल प्रदेश) ने अपने-अपने राज्यों में टॉप कर संस्थान का नाम रोशन किया। कानपुर के कृष्णा बंसल (99.90 पर्सेंटाइल, एआर 1570) भी पीडब्ल्यू विद्यापीठ के प्रमुख सफल छात्रों में शामिल रहे।

इस मौके पर अलख पांडे संस्थापक व सीईओ फिजिक्सवाला ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। संस्थान के मुताबिक इन छात्रों ने विद्यापीठ (ऑफलाइन), पाठशाला (हाइब्रिड) और ऑनलाइन बैच जैसे विभिन्न लर्निंग प्रोग्राम्स के माध्यम से तैयारी की, जो पीडब्ल्यू के एकीकृत शिक्षा मॉडल को दर्शाता है।

महत्वपूर्ण पहल | टाई यूपी और सीएसजेएमयू के बीच एमओयू, स्वास्थ्य, कृषि, ड्रोन तकनीक व ग्रामीण विकास में नवाचार को बढ़ावा

# कानपुर में स्टार्टअप इकोसिस्टम-शोध को मिलेगा नया आधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



एएमयू पर हस्ताक्षर किए गए। अमृत विचार

अमृत विचार। प्रदेश में स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए टाई यूपी और सीएसजेएमयू इनोवेशन फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ।

इस साझेदारी का उद्देश्य अकादमिक जगत और उद्योग के बीच मजबूत सेतु बनाना है, जिससे छात्रों, शोधकर्ताओं और उभरते उद्यमियों को मेंटरिंग, इन्क्यूबेशन, ज्ञान आदान-प्रदान और व्यावसायिक अनुभव मिल सके। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक मुख्य अतिथि रहे, जबकि टाई यूपी के अध्यक्ष डॉ. राव विक्रम सिंह की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान डॉ. अतुल कपुर और विश्वनाथ गुप्ता सहित कई उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन के सीईओ डॉ दिव्यांश शुक्ला ने एमओयू के प्रावधानों की जानकारी दी। डॉ. राव विक्रम सिंह ने इसे स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए मील का पत्थर बताया, वहीं कुलपति प्रो. पाठक ने स्वास्थ्य, कृषि, ड्रोन तकनीक और ग्रामीण विकास में नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उन्होंने स्टार्टअप मेला आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा। यह पहल क्षेत्रीय आर्थिक विकास के साथ युवाओं को रोजगार सृजन की दिशा में प्रेरित करेगी।

# राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में आस्तिक चौधरी प्रथम

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रदर्शनी का आयोजन कला समिति भिवानी, हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय एवं पीटी सीताराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

देशभर से करीब 100 प्रतिभागियों के बीच सीएसजेएमयू के 12 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीएफए तृतीय वर्ष के छात्र आस्तिक चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं तृतीय स्थान पर बीएफए तृतीय वर्ष (पेंटिंग) के छात्र मुकुल और बीएफए द्वितीय वर्ष (पेंटिंग) की छात्रा कनिष्का को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के सहायक प्रोफेसर डॉ. मंतोष यादव को उनके उत्कृष्ट समन्वय और नेतृत्व के लिए बेस्ट कोऑर्डिनेटर सम्मान से नवाजा गया। संस्थान के निदेशक डॉ. मिठाई लाल ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी।

# आसमान से बरस रही आग, पारा 42 पार, बच्चे-बूढ़े सभी बेहाल

## सूरज के तीखे तेवरों से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** सूरज के तीखे तेवरों ने इन दिनों जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिले के तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण अब दोपहर में सड़कों पर निकलना दुश्वार हो गया है। आसमान से बरसती आग व गर्म थपेड़ों ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

सबसे अधिक परेशानी उन स्कूली बच्चों को हो रही है जिन्हें चिलचिलाती धूप में घर वापस लौटना पड़ता है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि छुट्टी के बाद घर जाते समय छात्राएं खुद को धूप से बचाने के लिए दुपट्टे का सहारा ले रही हैं। सिर ढककर व झुंड में चलते हुए ये बच्चे किसी तरह लू के थपेड़ों से बचते हुए गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। दोपहर 12 बजे के बाद तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा है। जिससे सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं।


दुपट्टे से सिर ढककर गर्मी से बचाव करती छात्राएं। ● अमृत विचार

### पाइप लाइन शिफ्टिंग से थमी शहर की रफ्तार, गर्मी व जाम में बेहाल हुए नौनिहाल

**उन्नाव:** शहर के बड़े चौराहे के चौड़ीकरण कार्य ने अब जोर पकड़ लिया है। लेकिन इसके साथ शहर वासियों के लिए दुश्वारियों का दौर भी शुरू हो गया है। जल निगम द्वारा पाइप लाइन को अंडरग्राउंड करने के चलते प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिससे पूरे शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। चौड़ीकरण के रास्ते में आ रही जल निगम की पाइप लाइन को शिफ्ट करने के लिए बड़े चौराहे पर दो जगह बड़ा गड्ढा खोदा गया और बैरियर लगाकर एक तरफ मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया है। आईबीपी जाने वाले वाहनों को अब कचहरी पुल से होकर हरदोई पुल की ओर डायवर्ट किया गया है। इस बदलाव व सीमित वैकल्पिक रास्तों के कारण बड़े चौराहे, छोटे चौराहे व कचहरी पुल पर वाहनों का भारी दबाव बना है। जिससे रह-रहकर लंबा जाम लग रहा है। आसमान से बरस रही आग व सड़कों पर घंटों लग रहे जाम ने राहगीरों की कड़ी परीक्षा ले ली है। चिलचिलाती धूप में फंसे लोग सड़क पर रेंगने को मजबूर हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और गंभीर हो गई है। जिन्हें तपती दोपहर में सिर छिपाने की जगह तक नहीं मिल रही। जाम में फंसी स्कूली बसों व वैन में बैठे बच्चे पसीने से तर-बतर और बेहाल नजर आए। घंटों तक जाम न खुलने के कारण नौनिहालों को इस भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।


यातायात रोकने को लगाई गई बैरिकेडिंग।


शहर के बड़ा चौराहा पर लगा जाम। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### वैष्णवी ने जी मैंस में सामान्य वर्ग में 9297 रैंक ला नाम किया रोशन



**उन्नाव, अमृत विचार:** सेंट लॉरेंस कॉलेज पीडी नगर से हाईस्कूल व इंटर में जिले की टॉपर रही वैष्णवी गुप्ता ने जी मैंस में 98 परसेंटाइल अंक लाकर सामान्य वर्ग में 5297 रैंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। वैष्णवी के पिता सुभाष चंद्र गुप्ता एलआईसी एजेंट व माता अर्चना गुप्ता ग्रहिणी है। प्रेरणास्रोत बड़े भाई अक्षत गुप्ता है। वैष्णवी ने आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 2023 में 98 प्रतिशत व इंटर में 2025 में 97.5 प्रतिशत अंक लाकर जिले की टॉपर रही थीं। वह सेल्फ स्टडी करती रही और जी की मैंस परीक्षा में प्रथम अटेम्प्ट में ही सामान्य वर्ग में 5297 रैंक प्राप्त की। उनकी ऑल इंडिया रैंक 36904 रही। वह अच्छे अंकों का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को देती हैं।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव निवासी तवरेज मंगलवार करीब डेढ़ बजे स्कूटी से मरहला चौराहा जा रहे थे। जैसे ही वह फोरलेन स्थित गोपीनाथ पुरम के सामने पहुंचे तभी अनियंत्रित कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि हादसे में युवक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया।

## 'वीर स्मारिका' का हुआ विमोचन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले के अमर शहीदों के बलिदान को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिशा में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। डीएम गौरांग राठी ने वीर स्मारिका पुस्तक का विमोचन किया। जो जिले के 30 अमर शहीदों के जीवन व उनके सर्वोच्च बलिदान पर आधारित है।

विमोचन समारोह में डीएम ने कहा कि यह पुस्तक मात्र पन्नों का संकलन नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए, एक मार्गदर्शक व प्रेरणापुंज सिद्ध होगी। कहा कि शहीदों की गाथाओं को लिपिबद्ध करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा के निर्देश में यह लेखन कार्य संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों को याद रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने घोषणा की कि वीर नारियों व सैनिक परिवारों के सम्मान में जिले में जल्द ही शहीदों की मूर्तियों की स्थापना व तोरण द्वारों का निर्माण होगा। इस पुस्तक का संकलन व संपादन राजकीय बालिका हाईस्कूल सोहरामऊ की प्रधानाचार्य डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने किया है। उनके इस उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान व स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा के प्रशासनिक समन्वय की सराहना करते हुए डीएम ने दोनों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

● डीएम ने 30 अमर शहीदों की शौर्य गाथा को सराहा


वीर स्मारिका पुस्तक का विमोचन करते डीएम गौरांग राठी।

### गैंगस्टर को तीन साल की सजा, 5 हजार जुर्माना

**उन्नाव, अमृत विचार:** क्षेत्र में भय व्याप्त कर व गैंग बनाकर अपराध करने के दोषी को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। वहीं, न्यायाधीश ने उस पर 5 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। बता दें कि धनोपार्जन के लिए गैंग बनाकर विभिन्न प्रकार के अपराध करने के आरोप में अचलगंज पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के डीह गांव निवासी सोनू सिंह पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाई की थी। पुलिस ने 1 नवंबर 2019 को उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। तभी से मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को हुई मुकदमे की अंतिम सुनवाई में न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष से विश्वास त्रिपाठी, अलंकार द्विवेदी व हरीश रावत की दलील व साक्ष्य के आधार पर गैंगस्टर सोनू सिंह को 3 साल की सजा सुनाई है।

## 'फूल नहीं चिंगारी हैं, हम भारत की नारी हैं'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** संसद में महिला आरक्षण बिल पारित न होने को लेकर भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में जिला भाजपा कार्यालय से सदर विधायक पंकज गुप्ता व जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में महिलाएं जनाक्रोश रैली में शामिल होने लखनऊ रवाना हुईं।

20 बसों व दर्जनों चौपहिया वाहनों के काफिले के साथ जब महिलाएं लखनऊ के लिए निकलीं तो मातृशक्ति जिंदाबाद व फूल नहीं चिंगारी हैं, हम भारत की नारी हैं जैसे नारे लगाए गए। रैली को रवाना करते समय जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने विपक्ष के रवैये की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति ने नारी शक्ति के अधिकारों को रोकने का प्रयास किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सपा, बसपा व कांग्रेस को लेकर कहा इन दलों ने हमेशा महिला हितों पर डाका डालने का काम किया है। जब-जब महिलाओं को सशक्त बनाने की बात आती है ये दल एकजुट होकर रुकावट डालते हैं। यह रैली उन ताकतों को जवाब देने के लिए है।

● जनाक्रोश रैली में लखनऊ कूच करने के दौरान बोलीं महिलाएं


लखनऊ जातीं महिलाएं व मौजूद विधायक व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार

## आरक्षित वर्ग के उद्यमियों को 10 लाख का ब्याज मुक्त ऋण

**उन्नाव, अमृत विचार:** । उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों को अधिकतम 10 लाख तक की वित्तीय सहायता बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि सामान्य वर्ग के लाभार्थी को बैंक से पूंजीगत ऋण पर लिये जा रहे ब्याज में 4 प्रतिशत ब्याज उद्यमी वहन करेगा व शेष ऋण का ब्याज विभाग बैंक को देगा। आरक्षित वर्ग को पूंजीगत (सावधि) ऋण पर ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा दिलाई जायेगी। बताया कि लाभार्थी की उम्र 18 से 50 वर्ष होनी चाहिये। आईटीआई/तकनीकी योग्यता/परमपरागत कारीगरों/सेवायोजन में पंजीकृत उद्यमियों को वरीयता मिलेगी। योजना के तहत शहरी क्षेत्र में रहने वाले उद्यमी जो गावों में उद्योग लगाना चाहते हैं वह भी आवेदन कर सकते हैं। उद्यमियों का चयन निर्धारित स्कोर कार्ड के अनुसार स्क्रूटनी कर स्कोर कार्ड में पूर्णांक 100 में 50 या उससे अधिक अंक लाने वाले आवेदक का आवेदन पत्र बैंकों को अग्रसारित किया जायेगा। इच्छुक लाभार्थी विभागीय वेबसाइट https://mmgrykhadi.upsdc.gov.in/ पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## 8वें वेतन आयोग की सीमा में रखें

**उन्नाव, अमृत विचार:** वित्त विधेयक-2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाते हुए पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाए जाने की मुख्य मांग को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर एसोशिएशन उप्र की जिला शाखा द्वारा प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आनंद नायक को प्रेषित किया। ज्ञापन देने से पहले जिले के पेंशनरों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर बैठक में ज्ञापन के पूर्व पूरा समर्थन किया। मुख्य मांग के अतिरिक्त पेंशन के राशिकरण की कटौती 15 के बजाय 10 वर्षों के बाद बंद किए जाने, कोरोना काल के लंबित 18 माह के डीए की किश्तों का भुगतान किए जाने आदि मांगें सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम का नेतृत्व एसोशिएशन अध्यक्ष हृदयेशपाल सिंह, मंत्री बालगराम, पीडीएस रिटायर्ड एसोसिएशन के महामंत्री रामस्नेही यादव, वरिष्ठ पेंशनर केके त्रिपाठी ने किया। इसमें गिरीश चन्द्र, मदन मोहन, उत्तम लाल वर्मा, आरसी कनौजिया, माध्यमिक शिक्षक संघ के कौशल किशोर मिश्रा, टीसी भारती, सीएल सैनी आदि रहे। संचालन व संयोजन राजकीय पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स संघर्ष समिति संरक्षक केके मिश्रा ने किया।


ज्ञापन देते पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### 8 घंटे के मेगा ब्लॉक में 40 एचबीम स्लीपर डाले

**शुक्लागंज, उन्नाव:** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य में मंगलवार को मेगा ब्लॉक के दौरान 40 एचबीम स्लीपर डाले गए। कार्य को गति देने के लिए सुबह 9:25 बजे से शाम 5:25 बजे तक आठ घंटे का ब्लॉक लिया गया। जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल से शुरू हुए इस कार्य के 20वें दिन रेल अधिकारियों की निगरानी में कर्मचारियों ने तेजी से काम किया। जर्जर ट्रफ की लोहे की चादरों को गैस कटर से काटकर हटाया गया और उनकी जगह नई प्लेटें लगाई गईं। इसके बाद एचबीम स्लीपर बिछाने का कार्य किया गया। हालांकि तेज धूप के कारण कार्य की रफ्तार कुछ धीमी रही, जिससे निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 40 स्लीपर ही डाले जा सके। ब्लॉक समाप्त होने के बाद डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शुरू किया गया। इस बीच पूरी सावधानी बरती गयी थी।

### नारी शक्ति पदयात्रा में शामिल होने लखनऊ रवाना हुईं 300 महिलाएं



लखनऊ के लिये बस से रवाना होतीं भाजपा कार्यकत्रियां।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** मंगलवार सुबह गंगाघाट मंडल से करीब 300 महिलाएं लखनऊ में आयोजित नारी शक्ति पदयात्रा में शामिल होने के लिए रवाना हुईं। यह पदयात्रा मुख्यमंत्री आवास, कालिदास मार्ग से विधानसभा तक प्रस्तावित है, जिसमें अवध क्षेत्र की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सुबह करीब पांच बजे तीन बसों से महिलाएं गंगाघाट से लखनऊ के लिए निकलीं। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पदयात्रा में शामिल होकर महिलाओं ने नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करने की बात कही। महिलाओं ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि उसने इस बिल को लोकसभा में पारित नहीं होने दिया, जिसका विरोध करने के लिए वे एकजुट हुई हैं। उन्होंने कहा कि नारी अब अबला नहीं, बल्कि सशक्त है और आने वाले चुनावों में इसका जवाब दिया जाएगा। इस मौके पर कल्पना तिवारी, अर्चना गुप्ता, पल्लवी बाजपेई, संगीता साहू, ज्योति तिवारी, रेनू सोनकर, गीता कोरी और साधना दीक्षित सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

## गंगा पुल निर्माण: 47 घर अधिग्रहण की जद में

**शुक्लागंज, उन्नाव:** गंगा नदी पर बन रहे नए पुल के निर्माण को लेकर मिश्रा कॉलोनी और सीताराम कॉलोनी के 47 मकान अधिग्रहण की जद में आ रहे हैं। मुआवजे को लेकर क्षेत्रीय लोगों में असंतोष देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार दोपहर प्रशासनिक और तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और लोगों से वार्ता कर स्थिति स्पष्ट की।

मौके पर नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, राज्य सेतु निगम के एई एके सागर, जेई कुंदन और लेखपाल प्रशांत अवस्थी पहुंचे। अधिकारियों ने अधिग्रहण की जद में आ रहे मकानों के स्वामियों से आवश्यक दस्तावेज मांगे और उन्हें प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्रीय निवासी शिवकुमार अग्निहोत्री, आशीष दीक्षित, बालगोविंद चतुर्वेदी, कल्लू सविता, राहुल शुक्ला, बऊवन गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, राघवेन्द्र सिंह ठाकुर, अरुण तिवारी, सागर चतुर्वेदी, आशीष पांडे, मुकेश जैन, अरुण गुप्ता, मुन्नी देवी, प्रदीप पांडेय, नीलू साहू, वेद चतुर्वेदी, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह यादव, अमर सिंह यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें पुराने सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा दिया जा रहा है, जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई। नायब तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि यह गलतफहमी है और सभी प्रभावितों को नए सर्किल रेट के अनुसार ही मुआवजा दिया जाएगा।


नए सर्किल रेट की जानकारी देते नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

### फोरलेन पर अनियंत्रित टेंपो पलटा, 4 घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार:** मंगलवार की सुबह उन्नाव से शुक्लागंज आ रही अनियंत्रित टेंपो अचानक पलट गई। इससे टेंपो सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखा टेंपो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसमें 4 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे टेंपो उन्नाव से शुक्लागंज आ रही थी। तभी चालक संतुलन खो बैठा और वाहन पलट गया। इसमें पोनी रोड निवासी सचिन, कानपुर निवासी अतुल सिंह व दो अन्य घायल हो गए। सचिन के चाचा उन्नाव बड़ा चौराहा निवासी सुशील कुमार ने बताया कि सचिन रोज की तरह फैक्ट्री से लौट रहे थे। सूचना पर वह वहां पहुंचे। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर लोगों की मदद से टेंपो सीधा कराया। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए भेजा गया। घटना के बाद मौके पर काफी लोग जुट गये।

## बरात से पहले खुली दूल्हे की पोल कोतवाली पहुंचते ही उतर गया सेहरा

**नवाबगंज, उन्नाव:** शादी का सेहरा बांधकर दूसरी दुल्हन लाने की तैयारी में जुटे दूल्हे की 'दोहरी जिंदगी' ऐन मौके पर उजागर हो गई। पहली पत्नी एक साल की बच्ची को गोद में लेकर कोतवाली पहुंची तो पूरे मामले का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने बरात निकलने से पहले ही दूल्हे को कोतवाली बैठा दिया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दिरगज खेड़ा गांव निवासी प्रवेश कुमार साहू ने घरवालों से अपनी पहली शादी छुपाकर दूसरी शादी तय कर ली थी। मंगलवार को रायबरेली के लालगंज बरात जानी थी। लेकिन इससे पहले ही उसकी पहली पत्नी ने कोतवाली पहुंचकर खेल बिगाड़ दिया। महिला ने पुलिस को कोर्ट मैरिज के दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि 16 जनवरी 2026 को उसने प्रवेश से शादी की थी और दोनों साथ रह रहे थे। आरोप है कि इसी बीच युवक चुपके से दूसरी शादी की तैयारी में लग गया। भनक लगते ही महिला अपनी बच्ची को लेकर थाने पहुंच गई और दूल्हे की सच्चाई सामने रख दी। कोतवाली प्रभारी मुकुल दुबे ने बताया कि युवक ने पहली शादी की बात परिजनों से छुपाई थी, जिससे घरवालों ने दूसरी शादी तय कर दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरात रुकवा दी और दूल्हे को कोतवाली ले आई।

### पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने को हुई बैठक


बैठक में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार:** जिले में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप्र होमगाड्र्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा 25, 26 व 27 अप्रैल को रोज दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे तक व दोपहर 3 से 5 बजे तक जिले के 9 केंद्रों पर होनी है। यह परीक्षा पारदर्शी, निष्पक्ष व शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिये मंगलवार को पुलिस लाइन उन्नाव में एसएसपी जय प्रकाश सिंह, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव व एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने प्रशासनिक व पुलिस अफसरों व कर्मियों के साथ बैठक की। इसमें उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से जारी निर्देश पुस्तिका के बिंदुओं के तहत दिए गए दिशा-निर्देश सभी को बताए गए। बैठक में सभी को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की हर व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध व त्रुटिरहित संपन्न कराएं। जिससे परीक्षा की निष्पक्षता व विश्वसनीयता बनी रहे।

**समस्या** — क्षतिग्रस्त डंपर के हाईवे पर फंसने से लोगों को करीब 2 घंटे जाम से जूझना पड़ा

# डंपर की टक्कर से पलटा लोडर, भीषण जाम लगने से लोग रहे परेशान

नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** अजगैन कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर देररात तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से लोडर सड़क किनारे खंती में पलट गया। वहीं क्षतिग्रस्त डंपर के हाईवे पर फंसने से लोगों को करीब 2 घंटे जाम से जूझना पड़ा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटना ग्रस्त डंपर को हटवाया। तब यातायात सामान्य हो पाया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोमवार रात वाहनों के तेज रफ्तार दौड़ने व लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। पक्षी विहार के पास अनियंत्रित डंपर ने लोडर में टक्कर मार दी। इससे लोडर सड़क किनारे खंती में पलट गया। वहीं क्षतिग्रस्त डंपर हाईवे पर फंस गया। इससे लखनऊ-कानपुर लेन पर 2 किमी तक वाहनों की कतार लग गई। पुलिस व एनएचएआई की टीम ने जेसीबी व हाइड्रा से 1 घंटे की मशक्कत के बाद डंपर को हटाया गया। बाद में खंती में गिरे लोडर को बाहर निकाला गया। हादसे में लोडर चालक संजय (30) पुत्र रजनेश, निवासी बिर्चो थाना माखी गंभीर घायल हो गया। जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। नवाबगंज चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे ने बताया कि डंपर की टक्कर से लोडर खंती में चला गया था। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराकर यातायात सामान्य कराया है।


लखनऊ-कानपुर हाईवे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### फोरलेन पर गिट्टियों के ढेर से पलटी बैंड बाजा ट्राली, टला बड़ा हादसा

**शुक्लागंज, उन्नाव:** सोमवार मध्य रात्रि फोरलेन मार्ग पर बड़ा हादसा टल गया, जब गिट्टियों के ढेर पर चढ़ने से बैंड बाजा की ट्राली बीच सड़क पर पलट गई। इस दौरान ट्राली को धक्का दे रहे और उस पर सवार चार लोग नीचे दबने से बाल-बाल बच गए। घटना श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम के सामने की है, जहां जल निगम द्वारा सड़क पर गिट्टियों का बड़ा ढेर डंप कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सहजनी से मरहला की ओर करीब एक दर्जन लोग बैंड बाजा ट्राली को धक्का देते हुए जा रहे थे। रात करीब साढ़े बारह बजे अंधेरे के कारण सड़क पर पड़ी गिट्टियां दिखाई नहीं दीं और ट्राली का एक पहिया उस पर चढ़ गया, जिससे ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद ट्राली बीच सड़क पर पड़ी रहने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया और न्यू आनंदपुरम के आगे तक लंबा जाम लग गया। राहगीरों और कार चालकों ने नीचे उतरकर ट्राली को सीधा किया, जिसके बाद करीब 45 मिनट बाद यातायात सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बिना संकेतक गिट्टियां डाले जाने से लगातार हादसे का खतरा बना हुआ है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।


बीच सड़क पर पलटी पड़ी बैंड बाजा ट्राली।

### गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पीआरएस को मिली स्थायी बिजली आपूर्ति

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण पीआरएस से टिकट बुकिंग में यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को रेलवे की तकनीकी टीम स्टेशन पहुंची और आवश्यक सुधार कार्य शुरू किया। टीम ने पीआरएस सिस्टम के लिए ओवरहेड इलेक्ट्रिक पावर से सीधी बिजली आपूर्ति जोड़ने का कार्य किया। इसके तहत इलेक्ट्रिक केबल डालकर सिस्टम को स्थायी बिजली सप्लाई से जोड़ा गया, जिससे अब टिकट बुकिंग प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सकेगी। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद यात्रियों को अब रिजर्वेशन कराने के लिए उन्नाव या कानपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर ही टिकट उपलब्ध होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।


रेलवे स्टेशन पर केबल डालते कर्मचारी।

भारतीय आदिवासी कला के इतिहास में सन् 1980 का दशक सदैव याद किया जाएगा, क्योंकि इस समय मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भवन की स्थापना हुई और भारतीय आदिवासी कला का तो जैसे पुनरुत्थान काल आरंभ हुआ। उस समय तक लोग आदिवासी चित्रकला के नाम पर महाराष्ट्र के वारली, मध्य प्रदेश के भील, गुजरात के राठवा और ओडिशा के सौरा आदिवासियों के चित्र ही जानते थे। इनमें भी वारली आदिवासियों के चित्र प्रसिद्धि के शिखर पर थे।

# आदिवासी कला का पुनरुत्थान


मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली



## कलाकारों की खोज का अभियान

भारत भवन की स्थापना के साथ ही प्रसिद्ध चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के विभिन्न आदिवासी समुदायों की कला परंपराओं और प्रतिभाशाली कलाकारों की खोज का एक सुविचारित अभियान आरंभ हुआ। इसका केंद्रबिंदु आदिवासी मानस की सृजन क्षमता की पहचान, परख और उसे पल्लवित होने के अवसर प्रदान करना था। परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश की परधान, गोंड, बैगा, मुरिया, भील, भिलाला, कोरवा, नगेसिया, बादी, कोरकू, भारिया, ओरांव जैसे अनेक आदिवासी समुदायों के कलाकार सामने आए। इनके साथ ही अनेक पिछड़े समुदायों के लोक कलाकारों को भी पहचान मिली। इस आभियान का फोकस समुदाय से अधिक व्यक्तिगत सृजनशीलता और संभावनाओं पर था। अत: किसी कलाकार के व्यक्तिगत सृजन को भी उसकी समूचि समुदायिक कला चेतना की अभिव्यक्ति का परिणाम मान लिया गया। यह स्थिति प्रधान–गोंड चित्रकार जनगढ़ सिंह श्याम के साथ रही और यही स्थिति बस्तर के मुरिया चित्रकार बेलगूर तथा झाबुआ की भील चित्रकार भूरी बाई और लड़ो बाई के साथ रही। उनकी व्यक्तिगत चित्रकारी क्षमताएं ही उनके समुदाय की प्रतिनिधि चित्रकला समझी जाने लगीं। यहां यह बता दूं कि मैं व्यक्तिगत तौर पर भारत भवन, भोपाल के इस अभियान का अंग रहा हूं और यह सब कुछ मेरी आंखों के सामने हो रहा था।

## बैगा जनजाति में विकसित होती कला

भोपाल में स्वामीनाथन के प्रयोगों की सफलता से प्रेरित और उत्साहित होकर अन्य स्थानों पर अन्य अनेक कलाकारों एवं कला संस्थाओं ने इसी प्रकार के प्रयोग करना आरंभ किए। कुछ प्रयोग सफल भी हुए और कुछ आगे नहीं बढ़ सके। सन् 1985 के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में ख्यातिप्राप्त चित्रकार हाकु भाई शाह ने गणेश जोगी और



उनकी पत्नी तेजल बेन के साथ ऐसा ही प्रयोग आरंभ किया और उनसे चित्र बनवाना आरंभ किया। गणेश जोगी मूलतः राजस्थान की घुमक्कड़ जोगी समुदाय से थे, जो गांव-गांव घूमकर भजन और लोक कथाएं गाते हैं। उस समय राजस्थान में सूखा पड़ा था और गणेश का परिवार मजदूरी की तलाश में अहमदाबाद आया था। वे और उनकी पत्नी सड़क किनारे गड्ढे खोदने का काम कर रहे थे, जहां से हाकु शाह उन्हें लाए थे। हाकु शाह का प्रयोग सफल रहा गणेश और तेजल दोनों ही प्रतिभा संपन्न निकले और उन्होंने लोक चित्रकला की एक नई जोगी चित्रशैली को जन्म दिया। बाद में भारत सरकार ने गणेश जोगी को जोगी चित्रकला में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्तमान में उनके कुटुंब के लगभग 15-20 सदस्य चित्रकारी कर रहे हैं और जोगी लोकचित्र, कला जगत में अपनी पहचान बना चुकी हैं। ऐसा ही एक अन्य प्रयोग आशीष स्वामी नाम के एक युवा चित्रकार ने मध्य प्रदेश के उमरिया क्षेत्र के बैगा आदिवासियों के गांव में आरंभ किया। आशीष भोपाल के भारत भवन से भी जुड़ा हुआ था और स्वामीनाथन जी से बहुत प्रभावित था। वह अपने व्यक्तिगत प्रयासों से बैगा आदिवासियों के लोढ़ा गांव में रहकर उन्हें कलाकर्म के लिए प्रेरित करने लगा। बैगा लोगों की अपनी पारंपरिक भित्ति अलंकरण और मिट्टी के काम तथा लकड़ी के मुखौटे बनाने की एक सीमित परंपरा थी। आशीष ने उन्हें कागज और रंग-ब्रश देकर चित्र बनाने के लिए उत्साहित किया। अंततः एक साठ वर्षीय बैगा महिला जुधैया बाई ने उसकी पहल को स्वीकार किया और अपनी व्यक्तिगत कला प्रतिभा के बल पर कुछ ही वर्षों में वे एक सफल बैगा चित्रकार के रूप में स्थापित हो गईं। जुधैया बाई को भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया और एक नई बैगा चित्रकला विश्व में विख्यात हो गई। वर्तमान में यह कला आसपास के कुछ गांवों के अनेक बैगा स्त्री-पुरुष कर रहे हैं।

## तेलंगना सरकार खरीदती है चित्र

राजस्थानी भील मांडना चित्रों का व्यवसायीकरण भी आरंभ किया गया था। सन् 1984 में जब उदयपुर के जनजातीय अनुसंधान संस्थान के सांस्कृतिक अधिकारियों को इस क्षेत्र में भेजा गया, तो उन्होंने गोमा परगी और फूला परगी नामक दो युवा भील कलाकारों को अपने पारंपरिक भित्तिचित्र मांडनो को कागज और कैनवास पर चित्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन दोनों चित्रकारों ने इन सामग्रियों का उपयोग करते हुए चित्रकारी की परंपरा को आगे बढ़ाया। परंतु इन चित्रकारों को आशातीत सफलता नहीं मिल सकी। संभवतः यह चित्रकार उतने प्रतिभशाली नहीं थे कि पारंपरिक चित्रों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकें।

वर्तमान में लगभग दस-पंद्रह भील चित्रकार इससे अपनी आजीविका कमा रहे हैं। इस समय यशपाल बरंडा प्रसिद्ध राजस्थानी भील चित्रकार हैं, वे उदयपुर जिले की नयागांव तहसील के कनबई गांव के रहने वाले हैं। बाद में दक्षिण भारत में भी इस प्रकार के प्रयास हुए। सन् 2016 में तेलंगाना के भद्राचलम स्थित इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी ने हैदराबाद स्थित नेहरू सेंटिनरी म्यूजियम के साथ मिलकर, कोया आदिवासियों के लिए जनजातीय चित्रकारी का एक ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया, जिसके अंतर्गत बीस कोया आदिवासी युवक-युवतियों को चित्रकारी की ट्रेनिंग दी गई। एक सप्ताह की इस ट्रेनिंग को वर्ष में तीन बार आयोजित किया गया। इसके परिणामस्वरूप कोया आदिवासी चित्रकला का उदय हुआ। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के मुखिया नेहरु सेंटिनरी म्यूजियम के क्यूरेटर डॉ. सत्यनारायण थे तथा चित्रकारी सिखाने के लिए





कला महाविद्यालय के शिक्षकों को लाया गया था। उन्होंने निश्चित किया कि चित्र केवल गेरू मिट्टी के लाल और सफेद मिट्टी के रंग से बनाए जाएंगे, जिनका प्रयोग कोया आदिवासी पहले से अपने घर पोतने के लिए करते रहे हैं। चित्रों के विषय भी कोया दैनिक जीवन की गतिविधियों से लिए गए। इनमें गौर सींघ नृत्य तथा सर पर लकड़ी का गट्ठर ले जाती महिला प्रमुख हैं। इस कार्यक्रम को स्वरोजगार योजना से भी जोड़ा गया है। अतः इन प्रशिक्षित चित्रकारों के बनाए चित्र प्रतिमाह राज्य सरकार खरीद लेती है। वर्तमान में कुछ कोया आदिवासी चित्रकार सक्रिय हैं।

## भारतीय कला के उन्नयन में योगदान

दक्षिण भारत में अनेक आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, लेकिन उनकी चित्रकला के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। सन् 2022 में तमिलनाडु के नीलगिरी क्षेत्र में रहने वाले कुरुंबा आदिवासियों द्वारा पूजा अनुष्ठानों के लिए बनाए जाने वाले भित्तिचित्रों के बारे में चेन्नई की एक संस्था सी.पी. रामास्वामी अय्यर फाउंडेशन को पता लगा और उन्होंने कुछ कुरुंबा चित्रकारों को कागज पर इन चित्रों को बनाने के लिए प्रेरित किया। इसका परिणाम बहुत उत्साहजनक रहा। बाला सुब्रमण्यन और कृष्णन नामक दो कुरुंबा आदिवासी चित्रकारों का आदिवासी कला जगत में उदय हुआ। चेन्नई स्थित दक्षिण चित्र संग्रहालय ने इन कुरुंबा चित्रकारों को अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित किया और इस प्रकार दक्षिण भारत की पहली आदिवासी चित्रकला से कला प्रेमियों का परिचय हुआ। इस प्रकार सन् 1982 में कला चिंतक और चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन द्वारा भारत भवन, भोपाल के माध्यम से आरंभ किए गए, आदिवासी कला की विभिन्न परंपराओं के पुनरुत्थान के अभियान के परिणामस्वरूप भारत के अनेक आदिवासी समुदायों के चित्रकार प्रकाश में आ सके और वे अब भारतीय कला के उन्नयन में अपना योगदान दे रहे हैं।

---

## लोकायन

# परंपरा, वीरता और उत्सव की जीवंत अभिव्यक्ति



नागालैंड के लोक नृत्य वहां की सांस्कृतिक पहचान का जीवंत और आकर्षक रूप हैं। ये नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सामूहिक जीवन की अभिव्यक्ति भी हैं। आमतौर पर ये नृत्य त्योहारों, धार्मिक अनुष्ठानों और विशेष अवसरों पर समूहों में प्रस्तुत किए जाते हैं। नागा समाज में पुरुषों का युद्ध नृत्य विशेष रूप से प्रसिद्ध है, जो साहस, शक्ति और वीरता का प्रतीक माना जाता है। इस नृत्य की शैली में मार्शल आर्ट जैसी ऊर्जा और एथलेटिक गति देखने को मिलती है, जिसमें नर्तक युद्ध–घोष और गीतों के साथ प्रदर्शन करते हैं।


नागालैंड की विभिन्न जनजातियों के अपने-अपने पारंपरिक नृत्य हैं, जिनमें कुछ समानताएं भी देखने को मिलती हैं। अधिकतर नृत्यों में शरीर को सीधा रखते हुए पैरों की लयबद्ध गतिविधि प्रमुख होती है। फसल कटाई के समय किए जाने वाले नृत्य विशेष रूप से उल्लासपूर्ण होते हैं, जिनमें समुदाय के लोग मिलकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं।

जेलियांग जनजाति का नृत्य इस दृष्टि से विशिष्ट है कि इसमें महिलाएं भी पुरुषों के साथ सक्रिय भागीदारी करती हैं। नृत्य की शुरुआत में प्रतिभागी धीमी गति से मंच पर प्रवेश करते हैं और फिर वृत्त या अन्य आकृतियां बनाते हुए लय में बंध जाते हैं। इसके बाद पैर पटकते हुए तालमेल के साथ नृत्य शुरू होता है। समूह में गाए जाने वाले शब्द, तालियां और सामूहिक स्वर इस नृत्य को एकजुटता और उत्साह से भर देते हैं। कई बार नर्तक काल्पनिक शत्रु पर आक्रमण का दृश्य प्रस्तुत करते हैं, जिसमें हाथों में लिए गए हथियारों को लयबद्ध ढंग से घुमाया जाता है। जेमी जनजाति के नृत्य भी अपनी विविधता के लिए प्रसिद्ध हैं। इन नृत्यों के नाम अक्सर पक्षियों, जानवरों या कीड़ों की चाल-ढाल से प्रेरित होते हैं, जैसे मुर्गा नृत्य या क्रिकेट नृत्य। कुछ नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किए जाते हैं और इनमें गीत-संगीत का साथ होता है, जिसमें झांझ जैसी वाद्य ध्वनियां भी शामिल होती हैं। नागालैंड के विभिन्न उत्सवों, विशेषकर फसल और सांस्कृतिक पर्वों के दौरान, ये नृत्य पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुत किए जाते हैं। पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण और सामूहिक भागीदारी इन प्रस्तुतियों को और भी आकर्षक बनाते हैं। इस प्रकार, नागालैंड के लोक नृत्य वहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जीवन की गहराई को दर्शाते हैं।

---

# सिनाई की 5000 वर्ष पुरानी शिलाकृति सत्ता, हिंसा और इतिहास का दृश्य दस्तावेज

सामान्यत : कला और साहित्य को प्रेम, सौंदर्य और शांति के वाहक के रूप में देखा जाता है, किंतु मानव इतिहास का यथार्थ इससे कहीं अधिक जटिल रहा है। विश्व की विभिन्न कला परंपराओं– चाहे वह भारतीय लघुचित्र हों या पाश्चात्य आधुनिक चित्रकला में, युद्ध, विजय और सत्ता– संघर्ष के दृश्य बार– बार उभरते हैं। भारतीय संदर्भ में मुगल और राजपूत शैली के लघुचित्रों में युद्ध और विजय के प्रसंग मिलते हैं, जबकि पशिचम में द्वितीय विश्वयुद्ध से प्रेरित अनेक कलाकृतियां निर्मित हुईं। स्पष्ट है कि विजेताओं की गाथाओं के साथ– साथ उनके दृश्यांकन की परंपरा भी उतनी ही पुरानी है। इसी परिप्रेक्ष्य में मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप से प्राप्त लगभग 5000 वर्ष पुरानी एक शिलाकृति ( पेट्रोग्लिफ ) ने पुरातत्वविदों का विशेष ध्यान आकर्षित किया है।




सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

जर्मनी के बॉन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी खामिला क्षेत्र में शैल-कला के एक सर्वेक्षण के दौरान मिस्र के पुरातत्वविद मुस्तफा नूर एल-दीन और बॉन विश्वविद्यालय के विद्वान लुडविग मोरेन्ज ने इस महत्वपूर्ण खोज को सामने रखा। यह शिलाकृति प्रारंभिक मिस्री राजवंशीय काल से जुड़ी मानी जा रही है और इसमें दक्षिणी सिनाई क्षेत्र पर एक प्रारंभिक फराओ की विजय का दृश्य अंकित है।

इस उत्कीर्णन में एक व्यक्ति को लंगोटी पहने खड़े हुए दर्शाया गया है, जिसके हाथ ऊपर उठे हैं मानो वह विजय या शक्ति का प्रदर्शन कर रहा हो। उसके सामने एक अन्य आकृति घुटनों के बल बैठी है, जिसके हाथ बंधे हुए हैं और उसके सीने में एक तीर धंसा हुआ दिखाई देता है। यह दृश्य केवल एक सामान्य चित्रण नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से हिंसा, दमन और सत्ता-प्रदर्शन का प्रतीक है। यही कारण है कि विद्वानों ने इसे 'क्रूर कथा' के रूप में अभिहित किया है। शैलीगत दृष्टि से यह चित्रण मिस्र के प्रथम राजवंश से जुड़े अन्य स्थलों विशेषतः नूबिया क्षेत्र में स्थित गेबेल शेख सुलेमान पर प्राप्त चित्रों से साम्य रखता है। इससे यह संकेत मिलता है कि उस समय मिस्रवासी अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहे थे और सिनाई जैसे क्षेत्रों पर नियंत्रण स्थापित करना चाहते थे। इस क्षेत्र का महत्व विशेष रूप से वहां उपलब्ध खनिज संसाधनों- जैसे तांबा और फिरोजा के कारण था।

इस शिलाकृति के साथ एक शिलालेख भी प्राप्त हुआ है, जिसका अनुवाद "देवता मिन, तांबे की खान/खनन क्षेत्र के शासक" के रूप में किया गया है। यहां मिन का उल्लेख अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिन प्राचीन मिस्र के ऐसे देवता थे, जिन्हें उर्वरता, प्रजनन, पुरुष शक्ति और यात्रियों के संरक्षक के रूप में पूजा जाता था। इस प्रकार यह शिलालेख न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि इस विजय को दैवीय संरक्षण के अंतर्गत वैध ठहराया गया। विद्वानों के अनुसार, इस प्रकार की शिलाकृतियां केवल कलात्मक अभिव्यक्ति नहीं होतीं, बल्कि वे एक प्रकार की 'राजनीतिक घोषणा' भी होती हैं। इस चट्टान पर उकेरा गया दृश्य संभवतः सिनाई क्षेत्र पर मिस्र के अधिकार की औपचारिक उद्घोषणा रहा होगा। उल्लेखनीय है कि बाद के काल में इस चित्र और शिलालेख के ऊपर नबातियन और अरबी लिपियों में लेख अंकित कर दिए गए, जिससे मूल विजेता शासक का नाम अस्पष्ट हो गया। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि अब तक वादी खामिला क्षेत्र को मुख्यतः नबातियन शिलालेखों के संदर्भ में ही जाना जाता था, जो इस खोज से लगभग 3,000 वर्ष बाद के हैं। ऐसे में यह नई खोज इस क्षेत्र के इतिहास को कहीं अधिक प्राचीन और जटिल बनाती है।

कला-इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से यह शिलाकृति इस बात का सशक्त प्रमाण है कि प्रारंभिक मानव समाजों में भी सत्ता, संघर्ष और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति विद्यमान थी। यह हमें यह भी समझाती है कि कला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सत्ता और भय के प्रदर्शन का माध्यम भी रही है। अंततः सिनाई की यह 5,000 वर्ष पुरानी शिलाकृति केवल एक पुरातात्विक खोज नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता के उस पक्ष का सजीव दस्तावेज है, जिसमें विकास के साथ-साथ हिंसा, वर्चस्व और राजनीतिक आकांक्षाएं भी अंतर्निहित रही हैं। यह खोज हमें अतीत के माध्यम से वर्तमान को समझने और मानव इतिहास के बहुआयामी स्वरूप पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करती है।

---

## अनोखी परंपरा

# प्रकृति और परंपरा का संगम मेंढकों की शादी



भारत की विविध लोक परंपराओं में कई ऐसे अनोखे रीति-रिवाज देखने को मिलते हैं, जो पहली नजर में आश्चर्यचकित कर देते हैं, लेकिन उनके पीछे गहरी आस्था और प्रकृति से जुड़ा सांस्कृतिक संबंध होता है। पेड़ों की शादी की परंपरा के बारे में तो आपने सुना ही होगा, लेकिन मेंढक और मेंढकी की शादी भी भारत के कुछ हिस्सों में विशेष महत्व रखती है। विशेष रूप से असम के जोरहाट जिले और अन्य पूर्वोत्तर क्षेत्रों के गांवों में यह परंपरा प्रचलित है। यहां के लोगों का मानना है कि जब लंबे समय तक वर्षा नहीं होती और सूखे जैसी स्थिति बन जाती है, तब मेंढकों की शादी कराने से वर्षा देवता प्रसन्न होते हैं और अच्छी बारिश होती है। यह मान्यता प्राचीन समय से चली आ रही है और आज भी लोग इसे पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाते हैं।

इस अनोखी शादी में सभी पारंपरिक हिंदू विवाह रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। सबसे पहले गांव के लोग एक नर और एक मादा मेंढक को पकड़ते हैं। इसके बाद उन्हें स्नान कराया जाता है और हल्दी लगाई जाती है। फिर छोटे-छोटे कपड़े या फूलों से उन्हें सजाया जाता है। शादी के लिए मंडप बनाया जाता है और बाकायदा एक पुजारी को बुलाया जाता है, जो मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराता है। विवाह के दौरान 'बारात' भी निकलती है, जिसमें गांव के लोग गीत गाते और नाचते हुए शामिल होते हैं। इस परंपरा का एक वैज्ञानिक पहलू भी माना जाता है। मेंढक आमतौर पर बारिश के मौसम में अधिक सक्रिय होते हैं और उनकी टर्र-टर्र की आवाज वर्षा के आगमन का संकेत मानी जाती है। इसलिए यह विवाह एक प्रतीकात्मक प्रयास भी हो सकता है, जिससे लोग मानसून के प्रति अपनी आशा और विश्वास व्यक्त करते हैं।

केवल असम ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी इस तरह की परंपराएं देखने को मिलती हैं। कहीं-कहीं इसे 'मेंढक विवाह' के रूप में त्योहार की तरह मनाया जाता है, जिसमें पूरे गांव की भागीदारी होती है। हालांकि आधुनिक विज्ञान इन मान्यताओं को अंधविश्वास मान सकता है, लेकिन सामाजिक दृष्टि से यह परंपरा लोगों को एकजुट करती है और संकट के समय सामूहिक आशा और सकारात्मकता का संचार करती है। इस तरह की लोक परंपराएं भारत की सांस्कृतिक विविधता और प्रकृति के साथ उसके गहरे संबंध को दर्शाती हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### रुपया 28 पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया शांति वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच अमेरिकी मुद्रा में स्थिरता और कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण रुपया मंगलवार को 28 पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के मुताबिक, घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख भी स्थानीय मुद्रा को सहारा नहीं दे पाया। इस पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हाल के कदम का भी असर पड़ा, जिसमें नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) बाजार में सट्टेबाजी से जुड़े प्रतिबंधों में ढील दी गई है।

### चांदी 700 रुपये मजबूत सोने में 300 की तेजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि वैश्विक अनिश्चितता और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने बताया कि घरेलू बाजारों में सोने की कीमत में मामूली तेजी देखने को मिली, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते निवेशक 'सुरक्षित निवेश' की ओर रुख कर रहे हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 753 अंक उछला

## प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों से ब्रेंट क्रूड 0.75% गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल

मुंबई, एजेंसी

कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.73 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में एफएमसीजी खंड सर्वाधिक 2.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि रियल्टी खंड में 2.17 प्रतिशत एवं निजी बैंक सूचकांक में 1.67 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,531 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,760 कंपनियों में गिरावट रही और 162 अन्य अपरिवर्तित रहीं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्धविराम की समयसीमा खत्म होने के पहले सबकी नजरें दूसरे दौर की शांति वार्ता पर टिक गई हैं।

बाजारों ने इससे उम्मीदें लगा रखी हैं लेकिन अगर तनाव बढ़ता है तो गिरावट का जोखिम भी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,059.93 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सेंसेक्स सोमवार को 26.76 अंक बढ़कर 78,520.30 और निफ्टी 11.30 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,364.85 अंक पर बंद हुए थे।



### कच्चे तेल की कीमतों में कमी से सुधार की संभावना

विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से आयात पर निर्भर भारत जैसे देश के लिए मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आती है और कंपनियों के मार्जिन में सुधार की संभावना बढ़ती है।

### ये रहे लाभ में

बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक

### गिरावट वाले शेयर

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी

### वर्तमान परिस्थितियों में मल्टी-एसेट में करें निवेश: बजाज फिनसर्व एएमसी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के बीच बजाज फिनसर्व एएमसी ने निवेशकों को एक ही तरह की परिसंपत्तियों की बजाय विविध परिसंपत्तियों (मल्टी-एसेट) में निवेश की सलाह दी है। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के प्रमुख (इक्विटी) सौरभ गुप्ता ने कहा कि इस माहौल में लार्ज-कैप इक्विटी आकर्षक वैल्यूएशन और अस्थिर परिस्थितियों में स्थिरता प्रदान करती है। साथ ही, मल्टी-एसेट रणनीति भू-राजनीतिक और कॅमोडिटी से जुड़ी अनिश्चितता के बीच झटकों को सहने में मददगार हो सकती है। उन्होंने स्मॉल-कैप में निवेश करने वालों को अल्पावधि की अस्थिरता से निपटने के लिए अनुशासित एसआईपी की सलाह दी है।

## प. एशिया संघर्ष के बीच दूध की आपूर्ति निर्बाध जारी, दाम स्थिर: सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देशभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग में निदेशक पूजा रुस्तगी ने पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयीय बैठक में कहा कि दुग्ध क्षेत्र को ईंधन, गैस तथा प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, डेयरी उद्योग को एलपीजी के स्थान पर पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

- डेयरी उद्योग को दी एलपीजी के स्थान पर पीएनजी का इस्तेमाल करने की सलाह

रुस्तगी ने संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के बीच भी देशभर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण एवं आपूर्ति बिना किसी बाधा के बनी हुई है।

दूध और दुग्ध उत्पादों के दाम स्थिर हैं। बाजार में किसी प्रकार की आपूर्ति बाधित नहीं हुई है और पश्चिम एशिया संकट की अवधि के दौरान डेयरी किसानों को भुगतान भी जारी रहा है।

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल दूध उत्पादन 24.787 करोड़ टन रहा।

## देश को 100% एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिए: नितिन गडकरी

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश को निकट भविष्य में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने देश के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-तीन मानकों का इलेक्ट्रिक और 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

गडकरी ने इंडियन फेडरेशनल ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई) के हरित परिवहन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नरेन्द्र मोदी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) की शुरुआत की थी और वर्तमान में वाहन मामूली बदलाव के साथ इस पर चल सकते हैं। ब्राजील जैसे देशों में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण पहले से लागू है। गडकरी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 87 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसलिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन का उत्पादन बढ़ाना जरूरी है।



- आईएफजीई के हरित परिवहन सम्मेलन में बोले गडकरी-ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी
- हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताया, कहा-एक डॉलर प्रति किलो होनी चाहिए कीमत

### क्या है फ्लेक्स फ्यूल वाहन

'फ्लेक्स फ्यूल' वाहन एक ऐसा वाहन है जिसमें पेट्रोल/डीजल इंजन लगा होता है और इसे एक से अधिक प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर पेट्रोल को एथनॉल या मेथनॉल के साथ मिलाकर 'फ्लेक्स फ्यूल' के रूप में इसका उपयोग किया जाता है।

हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताते हुए उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन पंप के संचालन की लागत कम करना जरूरी है, ताकि यह आर्थिक रूप से व्यवहारिक बन सके। हाइड्रोजन के परिवहन में भी चुनौतियां हैं और इसकी लागत घटाकर करीब एक डॉलर प्रति किलोग्राम करना होगा, ताकि भारत ऊर्जा निर्यातक बन सके।

## भारतीय वित्तीय संस्थानों में विदेशी शेयरधारकों की हिस्सेदारी सकारात्मक: फिच

नई दिल्ली, एजेंसी




विदेशी शेयरधारकों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी भारतीय वित्तीय संस्थानों के ऋण खंड के लिए सकारात्मक हो सकती है क्योंकि इससे दीर्घकालिक पूंजी मिलती है और कुछ मामलों में कामकाज के मानकों में सुधार होता है। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि हालांकि, केवल विदेशी रुचि को मजबूत ऋण आधार का विश्वसनीय संकेत नहीं माना जा सकता। वे लेनदेन जो आंतरिक नियंत्रण, जोखिम प्रबंधन एवं नेतृत्व की जवाबदेही को मजबूत करते हैं, केवल वित्तीय लाभ के लिए किए गए सौदों की तुलना में अधिक ऋण-संबंधी महत्व रखते हैं।

फिच ने कहा कि हाल के समय में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि भारत की दीर्घकालिक विकास संभावनाओं, वित्तीय क्षेत्र के नियमन एवं निगरानी तथा बेहतर जोखिम प्रबंधन ढांचे पर उनके बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि निवेशक ऐसे मंच की तलाश करेंगे जिनमें विस्तार योग्य वितरण क्षमता और स्थानीय विशेषज्ञता हो।

इसमें कहा कि विकसित बाजारों का अनुभव रखने वाले अधिग्रहणकर्ता जोखिम नियंत्रण और निगरानी में सुधार ला सकते हैं। साथ ही प्रतिष्ठित रणनीतिक शेयरधारकों की मौजूदगी पूंजी की लागत को कम करने में सहायक हो सकती है। ये कारक वित्तीय संस्थानों की स्वतंत्र ऋण खंड को मजबूत करने में योगदान दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट | 'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' के अनुसार 2025 में वृद्धि दर बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई

# भारत की अर्थव्यवस्था इस वर्ष 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा।

'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई।

इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा।

इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा। देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

रिपोर्ट में साथ ही कहा गया कि सरकारें ऊर्जा बदलाव का उपयोग पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ अर्थव्यवस्था की दिशा में नए घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने और सहायक समूहों का निर्माण करने के लिए कर सकती हैं।

इसमें भारत की उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार व्यापक आर्थिक नीतियां एवं फोटोवोल्टिक, बैटरी व हरित हाइड्रोजन के घरेलू विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन देकर हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकती हैं।




### भारत ने आकर्षित किया सर्वाधिक एफडीआई

इसमें कहा गया कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया... वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं... जहां क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव — महासंग्राम



# तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में प्रचार थमा, मतदान 23 को

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में 142 सीटों पर दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा।

चुनाव आयोग के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला वर्तमान सत्तारूढ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंदी अन्नाद्रमुक, गैर-भारतीय जनता पार्टी बीच है। अभिनेता सी जोसफ विजय की नई पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये हैं और संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की सघन तैनाती की गयी है। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं।




- तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल के पहले चरण में 152 सीटों पर पड़ेंगे वोट

## तृणमूल कांग्रेस फिर लौटेगी: ममता

**हल्दिया, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस लगातार चौथी बार राज्य की सत्ता में आएगी और कोई नहीं चाहता कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाए। पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने विपक्षी दलों का आह्वान किया कि केंद्र से भाजपा नीत राजग सरकार को हटाने के लिए सब साथ में आएं।

उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव नहीं जीतेगी। तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनाएगी। हम 2026 में ही दिल्ली से भी भाजपा को हटा देंगे।

### विजय का रोड शो



तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने चेन्नई में रोड शो कर वोट मांगे। विजय की नई पार्टी ने राज्य में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

## पीएम मोदी हैं ममता सरकार के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर: अभिषेक बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को नरेन्द्र मोदी को पश्चिम बंगाल की मौजूदा सरकार का 'सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर बताया। कहा कि प्रधानमंत्री का झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है कि टीएमसी ने इस क्षेत्र को माओवादी हिंसा से बचाया है। उन्होंने भाजपा पर जमीनी हकीकतों को नजरअंदाज करते हुए टीएमसी सरकार पर निराधार राजनीतिक हमले करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि जो लोग बंगाल की कानून व्यवस्था की आलोचना करते हैं और राज्य को गुजरात, उत्तर प्रदेश या मध्य प्रदेश में बदलने का वादा करते हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि 2011 से पहले यहां जीवन कैसा था। ममता बनर्जी की टीएमसी ने 2011 में पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय झाड़ग्राम, गोपीबल्लभपुर, लालगढ़, बिनपुर और निताई में लोग दोपहर के बाद घर से बाहर नहीं निकल सकते थे। उस समय प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर भी झाड़ग्राम में नहीं उतर पाता। लेकिन आज की स्थिति देखिए।



- उनका झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है टीएमसी ने खत्म की माओवादी हिंसा

## प्रचार थमने से पहले अन्नाद्रमुक ने किए 10 और वादे

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थमने से कुछ ही घंटे पहले, मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने मतदाताओं को लुभाने के लिए 10 नये चुनावी वादों की घोषणा की है। 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले, पार्टी ने अपने पहले से घोषित विस्तृत घोषणापत्र के अतिरिक्त इन नयी योजनाओं को पेश किया है। अन्नाद्रमुक महासचिव और राजग के मुख्यमंत्री पद के चेहरे ई. के. पलानीस्वामी ने बयान जारी कर बताया कि सत्ता में आने पर कामकाजी युवाओं को दोपहिया वाहन खरीदने के लिए 10,000 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी, जिससे करीब 10 लाख युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा श्री पलानीस्वामी ने आम उत्पादक किसानों के लिए एमएसपी निर्धारित करने की घोषणा की। साथ ही निर्माण श्रमिकों और ताड़ के पेड़ों पर चढ़ने वाले किसानों के लिए मुआवजे की राशि में भारी बढ़ोतरी का वादा किया है। श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में मृतक के परिवारों को क्रमशः 25 लाख और 20 लाख रुपये का मुआवजा देने की बात कही गयी है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 24x7 'वार रूम' स्थापित करने और कुड्डालोर व विल्लुपुरम जैसे जिलों में काजू उद्योग में लगी महिलाओं के लिए मुफ्त उपकरण देने की घोषणा की है। सरकारी केबल टीवी के शुल्कों में 50% की कटौती का वादा किया है।

## घुसपैठियों को बचा रहीं ममता : शाह

शालबनी (प. बंगाल), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घुसपैठियों को संरक्षण, और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं। राज्य में बाबरी मस्जिद के समान मस्जिद बनाने के प्रयासों का समर्थन कर रही हैं, जिसे भाजपा किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी।

शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी में चुनाव के पहले चरण से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए इस चुनावी मुकाबले को सीधे भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव घुसपैठ और भ्रष्टाचार से पश्चिम बंगाल को मुक्त कराने का लेकर है। बोले- मैं आपसे कह रहा हूं, 23 अप्रैल को ईवीएम पर कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) का बटन दबाइए और भाजपा की सरकार बंगाल से हर घुसपैठिये को बाहर निकाल देगी। कहा कि ममता जी अपने भतीजे को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा, जो बंगाल में जन्मा और पला-बढ़ा होगा और बांग्ला बोलेगा। निश्चित रूप से वह भाईपो नहीं, भाजपा का कार्यकर्ता होगा।



पश्चिम बंगाल में एक जनसभा के दौरान पारंपरिक बांग्ला ढोलक बजाते अमित शाह।

- शालबनी में केंद्रीय गृहमंत्री बोले-हम पश्चिम बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस ने किया यूक्रेन के लुगांस्क क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण का दावा

**मॉस्को।** रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव ने मंगलवार को घोषणा की कि रूसी सेना ने लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। गेरासिमोव ने कहा कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक की मुक्ति का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। इस समय रूसी सेना सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं और उनका अभियान जारी है। लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) यूक्रेन के लुहान्स्क क्षेत्र में एक स्वघोषित अलगाववादी क्षेत्र है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र समेत अधिकांश देश इसे यूक्रेन का ही हिस्सा मानते हैं। रूसी सैन्य प्रमुख ने यूक्रेनी कमान पर निशाना साधते हुए कहा कि वे फरवरी और मार्च में अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सूचना अभियान चला रहे हैं।

### इमरान खान के साथ जेल में अमानवीय व्यवहार का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें पर्याप्त चिकित्सीय सुविधा नहीं दी जा रही। अलीमा द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इमरान खान को 16 अक्टूबर 2025 से एकांत कारावास में रखा गया है। उन्होंने 2025 में केवल दो बार और फरवरी 2026 में एक बार वह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, अपने बेटों से बात की थी। उन्हें पढ़ने के लिए किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं और जो किताबें भेजी गईं, उनमें से केवल तीन ही उन्हें मिल पाईं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी तरह स्वस्थ खान की आंख में अचानक खून का थक्का बन गया, लेकिन उन्हें समय पर चिकित्सा नहीं दी गई।

### शहबाज और मुनीर के लिए नोबेल पुरस्कार का प्रस्ताव पेश किया

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मंगलवार को पेश किए गए एक प्रस्ताव में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को कूटनीति के जरिए क्षेत्रीय तनाव कम करने में उनकी भूमिका के मद्देनजर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया गया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की विधायक फराह खान ने यह प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय को दिया। इसमें वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव के समय पाकिस्तान की जिम्मेदार, विवेकपूर्ण और सक्रिय कूटनीतिक भागीदारी की सराहना की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर शांति को बढ़ावा देने और उसे बनाए रखने में पाकिस्तान के योगदान को स्वीकार किया गया है।

# कांग्रेस ने बिरला को दिया प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

## राष्ट्र के नाम संबोधन में संसद में हुई चर्चा को अपने उद्देश्यों के लिए सड़कों पर ले जाने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि सदन में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने के बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में विपक्षी दलों पर आक्षेप लगाया, जो सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 222 के तहत बिरला को दिए नोटिस में यह आग्रह भी किया कि संसद की गरिमा और इसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाया जाए ताकि इस तरह के उल्लंघन को न दोहराया जा सके।

लोकसभा सदस्य वेणुगोपाल ने दावा किया कि गत 17 अप्रैल को लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 के पारित नहीं होने के बाद 18 अप्रैल 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित किया था और 29 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने विधेयक को रोकने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की, साथ ही विपक्ष के सदस्यों के मतदान के तरीके का प्रत्यक्ष रूप से उल्लेख किया और इसमें निहित उद्देश्यों को जोड़ दिया। वेणुगोपाल के मुताबिक यह एक स्थापित परंपरा है कि संसद सदस्यों की ओर से संसद में दिए गए भाषणों के संबंध में सदन के बाहर उन पर बात करना, आक्षेप लगाना या किन्हीं उद्देश्यों को लेकर दोषारोपण विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन के साथ सदन की अवमानना भी है।

बिरला को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, वह विशेषाधिकार हनन का यह नोटिस उन्हें सौंप रहे हैं ताकि इस गंभीर घटना और जानबूझकर किए गए विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का संज्ञान लिया जा सके तथा मामले को विस्तृत जांच के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जा सके ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार कार्यवाही शुरू की जा सके। उन्होंने बिरला कहा कि वह संसद की गरिमा और उसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाएं ताकि इस तरह के उल्लंघनों को न दोहराया जाए।



### राष्ट्र के नाम संबोधन में कांग्रेस पर साधा 59 बार निशाना प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड में यह स्थायी दाग बनकर रहेगा

वेणुगोपाल के पत्र को टैग करते हुए, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, मेरे वरिष्ठ सहयोगी, केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रधानमंत्री के नापाक मंसूबों के नाकाम होने के बाद राष्ट्र के नाम उनके संबोधन के लिए प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। एक प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन हमेशा राष्ट्रीय एकता और विश्वास निर्माण के सर्वोपरि उद्देश्य के लिए समर्पित होता है। रमेश ने कहा, इस संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने पक्षपातपूर्ण ढंग से बात की, कांग्रेस पार्टी पर 59 अलग-अलग बार नाम लेकर हमले किए। यह प्रधानमंत्री के रूप में उनके रिकॉर्ड पर एक और स्थायी दाग होगा।

### संसद में बहुमत न जुटा पाने को लेकर राष्ट्र को संबोधित करना बेहद अनैतिक

वेणुगोपाल ने कहा, मौजूदा मामले में यानी 16 व 17 अप्रैल 2026 को विपक्षी दलों के संसद सदस्य अपनी वास्तविक चिंताएं व्यक्त कर रहे थे। इसके तहत उन्होंने उक्त संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ संसद में अपना वोट डाला। वेणुगोपाल ने कहा, पहले देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय चिंता के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर राष्ट्र को संबोधित करते रहे हैं। इसलिए, प्रधानमंत्री के ऐसे संबोधन बहुत कम होते हैं। सरकार के संसद में अपेक्षित बहुमत न जुटा पाने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को संबोधित करना अभूतपूर्व है जो अनैतिक और सत्ता का खुला दुरुपयोग है। देश के प्रधानमंत्री का इस तरह का बयान देना सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।


- वेणुगोपाल ने कहा कि इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर अपना कर्तव्य निभाने को लेकर सवाल उठाया जाना न केवल एक व्यक्तिगत हमला है, बल्कि संसद के अधिकार और भारत के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

### विपक्ष की शिकायत की जांच करेगा निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा है कि वह विपक्ष की इस शिकायत की जांच करेगा कि प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन था। वामपंथी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर यह शिकायत की थी। विभिन्न क्षेत्रों के 700 प्रमुख लोगों ने भी चुनाव आयोग से यही शिकायत की है।

# पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विवेक बंजारा और राजवीर।

- दिल्ली में ग्रेनेड हमलों और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की थी साजिश

दिल्ली पुलिस ने आईएसआई के लिए काम करने वाले पाकिस्तानी गैंगस्टर शाहज़ाद भट्टी से जुड़े आपराधिक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए उसके दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इन गिरफ्तारियों से शाहजाद भट्टी की ओर से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गोलीबारी/ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याएं करने के लिए रची गई एक आपराधिक साजिश का खुलासा हुआ है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी 21 वर्षीय राजवीर और 19 साल के विवेक बंजारा के तौर पर हुई है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शाहजाद भट्टी और आईएसआई के अन्य एजेंट भारत के कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की आपराधिक साजिश रच रहे हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पता चला कि एक आरोपी बंजारा ग्वालियर जिले के डबरा में है, 16 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। बंजारा से पूछताछ के आधार पर राजवीर को 18 अप्रैल को दिल्ली के सराय काले खां इलाके से गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि राजवीर शाहजाद भट्टी के निर्देशानुसार दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के किसी प्रमुख होटल पर गोलीबारी करने की फिराक में था। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और छह कारतूस तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए जिनमें आपत्तिजनक वीडियो और वाइस नोट मिले। जांच में पता चला कि राजवीर को सोशल मीडिया पर शाहजाद भट्टी के सहयोगी राणा भाई ने भर्ती किया था और बाद में, राजवीर ने बंजारा को राणा भाई और भट्टी से मिलवाया।

## केरलः पटाखा गोदाम में आग, 8 की मौत, 40 घायल

**त्रिशूर।** केरल में त्रिशूर के समीप मुंडाथिकोड में पटाखे गोदाम में मंगलवार शाम भीषण आग लग जाने से आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 40 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर है। केरल में प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम के लिए गोदाम में पटाखे तैयार किए जा रहे थे। घटना के बाद धान के खेत में कई शव बिखरे पड़े दिखाई दिए। पुलिस ने बताया कि दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आग की लपटों के कारण घटनास्थल के पास नहीं पहुंच सके। घायलों को पास के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कनाडा में गाजियाबाद के छात्र के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**गाजियाबाद/टोरंटो, एजेंसी**

- आरोपी की मानसिक विकार के कारण अपराध करने की दलील अदालत ने खारिज की

टोरंटो की एक अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई और उसकी यह दलील खारिज कर दी कि मानसिक विकार के कारण वह आपराधिक रूप से जिम्मेदार नहीं है।

न्यायमूर्ति जेन केली की अध्यक्षता वाली टोरंटो की सुपीरियर कोर्ट ने सोमवार को रिचर्ड एडविन को सात और नौ अप्रैल 2022 को दो अजनबियों की हत्या के लिए फर्स्ट-डिग्री मर्डर (साजिश के तहत की गई हत्या) के दो मामलों में दोषी ठहराया। एडविन ने गाजियाबाद निवासी एवं सेनेका कॉलेज के 21 वर्षीय छात्र वासुदेव को गोली मारने की बात स्वीकार की लेकिन बचाव पक्ष ने दलील दी कि आरोपी मानसिक बीमारी से ग्रस्त था और सही-गलत में फर्क नहीं कर सकता था, इसलिए उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। अदालत ने माना कि घटना के समय एडविन सिजोफ्रेनिया से पीड़ित था, लेकिन दलील खारिज करते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अदालत के आदेश के अनुसार, वासुदेव शेरबोर्न स्टेशन से ब्लूर स्ट्रीट ईस्ट की सीढ़ियों की ओर जा रहा था, तभी एडविन उसके पास से गुजरा, फिर पीछे मुड़कर वासुदेव की पीठ पर कई गोलियां दाग दीं।

# शहीद अग्निवीर की मां की याचिका पर केंद्र ने चार महीने बाद भी नहीं दिया जवाब

**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए एक अग्निवीर की मां की याचिका का चार महीने बाद भी जवाब न देने पर मंगलवार को केंद्र पर नाराजगी जताते हुए भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। अग्निवीर की मां ने अग्निवीरों के लिए भी सैनिकों के समान मरणोपरांत लाभ देने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति हितेन वेनेगांवकर की पीठ ने केंद्र को अग्निवीर मुरली नाइक की मां की याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने के लिए 6 मई तक का समय दिया। नाइक पिछले साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू कश्मीर में सीमा पार से हुई गोलाबारी में मारे गए थे। अदालत ने कहा कि केंद्र को पिछले साल दिसंबर और फिर जनवरी में नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन आज तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति घुगे ने चेतावनी दी, यह याचिका पिछले साल से लंबित है। याचिका में उठाए गए मुद्दों पर याचिकाकर्ता ने पिछले साल जुलाई में सरकार को लिखे एक पत्र में भी बात की है। अगर अगली तारीख तक जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया, तो हम भारी जुर्माना लगाएंगे।



- बंबई हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी
- याचिका में की गई थी सैनिकों के जैसे मरणोपरांत लाभ की मांग

अदालत ने कहा कि अब और कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 18 जून को करना तय किया। मुरली नाइक की मां ज्योतिबाई नाइक ने अपनी याचिका में कहा कि केंद्र की अग्निपथ योजना अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच मनमाना फर्क पैदा करती है। उन्होंने परिवार को मरणोपरांत मिलने वाले पूरे लाभ नहीं दिए जाने में भेदभाव का आरोप लगाया।

## मेक्सिको में गोलीबारी, कनाडाई नागरिक की मौत

- हमलावरों ने पर्यटकों को बनाया निशाना, कई देशों के पर्यटक घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राजधानी के उत्तर में स्थित ऐतिहासिक टियोटिहुआकन पिरामिडों में से एक के ऊपर खड़े एक हथियारबंद व्यक्ति ने पर्यटकों पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक कनाडाई नागरिक की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुरक्षा अधिकारियों को घटनास्थल से एक बंदूक, एक चाकू और गोला-बारूद मिला है। इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराए गए लोगों में छह अमेरिकी, तीन कोलंबियाई, एक रूसी, दो ब्राज़ीलियाई और एक कनाडाई नागरिक शामिल है। वीडियो और तस्वीरों में एक व्यक्ति पिरामिड पर बंदूक लिए खड़ा दिख रहा है, लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं।

## पाकिस्तान को सऊदी अरब से मिले एक अरब डॉलर

**कराची।** पाकिस्तान को सऊदी अरब से एक अरब डॉलर की दूसरी एवं अंतिम किस्त प्राप्त हुई है। यह तीन अरब डॉलर के सहायता पैकेज का हिस्सा है जिसका उद्देश्य उसके विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाना है। सऊदी अरब ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान के लिए तीन अरब डॉलर जमा करने का भरोसा दिलाया था और अपनी मौजूदा पांच अरब डॉलर की सुविधा को तीन वर्ष के लिए बढ़ा दिया था। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की और लिखा कि उसे सऊदी अरब से दूसरी किस्त प्राप्त हो गई है।

## क्रूर हमले की यादें




जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले की मंगलवार को पहली बरसी पर यादें फिर ताजा हो गईं। मुंबई में एक कलाकार ने इस हमले में मारे गए लोगों को चित्र बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों पर हवाई प्रतिबंध बढ़ाया


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) में कहा है कि सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

# मैंडलसन को दबाव में बनाया गया था अमेरिका में राजदूत

**लंदन, एजेंसी**

पीटर मैंडलसन को अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लेने वाले एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं को जताने के बावजूद उन पर मैंडलसन की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरी करने का राजनीतिक दबाव बनाया गया। हालांकि ये चिंताएं यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन के साथ मैंडलसन के संबंधों से अलग थीं।

विदेश कार्यालय के पूर्व प्रमुख ऑली रॉबिन्स ने सांसदों की ओर से पूछे जाने पर उन्होंने यह बताने से इन्कार कर दिया कि सरकारी जांच एजेंसी ने मैंडलसन को संभावित सुरक्षा जोखिम के रूप में क्यों चिह्नित किया। रॉबिन्स ने कहा कि जांच एजेंसी ने मैंडलसन को संदिग्ध मामला माना और उसका मत उन्हें सुरक्षा मंजूरी देने के खिलाफ सिफारिश करने का था। विदेश कार्यालय ने फिर भी उन्हें मंजूरी देने का फैसला किया। इस फैसले को लेकर प्रधानमंत्री केयर स्टार्मर ने पिछले हफ्ते रॉबिन्स को बर्खास्त कर दिया। स्टार्मर को इस नियुक्ति को लेकर अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ रहा है और उनसे इस्तीफे की मांग भी की जा रही है। रॉबिन्स ने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स की विदेश मामलों की समिति को बताया कि स्टार्मर कार्यालय से दबाव का माहौल बनाया जा रहा था। उनसे बहुत प्रबल अपेक्षा की गई थी कि मैंडलसन को जल्द पदभार ग्रहण करके अमेरिका में होना चाहिए।



- ब्रिटेन के पूर्व अधिकारी के बयान से एप्स्टीन मामले में फिर घिरे स्टार्मर

## परमाणु हथियारों की होड़ कर रहे हैं ब्रिटेन और फ्रांसः रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिटेन और फ्रांस अपनी परमाणु क्षमता में वृद्धि करके परमाणु हथियारों की होड़ को आगे बढ़ा रहे हैं जो परमाणु अप्रसार संधि के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। रूस ने इसे क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए अतिरिक्त रणनीतिक जोखिम करार दिया है।

रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने एक साक्षात्कार में कहा कि फ्रांस के नए सैद्धांतिक दृष्टिकोण कई मायनों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की विस्तारित परमाणु निवारण नीति की याद दिलाते हैं और वे खुले तौर पर नाटो के संयुक्त परमाणु मिशनों में सहायक बनने की योजनाओं को भी उजागर करते हैं। ग्रुशको ने कहा, ऐसे कदम नाटो के सदस्य देशों की उकसाने वाली सैन्य-परमाणु गतिविधियों के सामान्य पैटर्न के अनुरूप हैं।

## इराक-सीरिया सीमा मार्ग एक दशक के बाद फिर खुला

**बगदाद।** इराक और सीरिया के बीच एक अहम सीमा पार मार्ग एक दशक से अधिक समय तक बंद रहने के बाद पुनः खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्रीय व्यापार और तेल निर्यात को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सीरिया ने इस मार्ग को तेल निर्यात के लिए सुरक्षित जमीनी विकल्प के रूप में पेश किया है, खासकर ऐसे समय में जब होर्मुज जलडमरूमध्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। इराक में राबिया और सीरिया में यारुबियाह के नाम से जाना जाने वाला यह मार्ग 2011 में सीरियाई गृहयुद्ध शुरू होने के बाद बंद कर दिया गया था। बाद में 2014 में इस क्षेत्र पर इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने कब्जा कर लिया, जिसे इराकी कुर्द बलों ने फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया।

**खतरे की घंटी** — देश के हथियार उद्योग को मजबूत करने और रक्षा साझीदारों से सहयोग मजबूत करने की इच्छा जताई

# जापान ने शांतिवादी रुख छोड़ा, हथियारों का निर्यात करेगा

**टोक्यो, एजेंसी**

जापान ने मंगलवार को घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने को मंजूरी देते हुए साफ किया कि देश हथियार उद्योग को मजबूत करने के साथ अपने रक्षा भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करना चाहता है। जापान के इस फैसले को उसकी युद्धोत्तर शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री साने ताकाइची के मंत्रिमंडल की ओर से नए दिशा-निर्देशों को मंजूरी मिलने के साथ ही जापान के युद्धोत्तर हथियार निर्यात के रास्ते में मौजूद अंतिम बाधाएं भी दूर हो गई हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच देश अपनी सैन्य क्षमता को तेजी से मजबूत करने में जुटा है। जहां इस नीति बदलाव की चीन ने आलोचना की है, वहीं ऑस्ट्रेलिया जैसे जापान के रक्षा सहयोगी देशों ने इसका स्वागत किया है, और दक्षिण-पूर्व एशिया तथा यूरोप के देशों में भी इसके प्रति रुचि देखी जा रही है। विरोधियों का कहना है कि यह बदलाव जापान के शांतिवादी संविधान की भावना के खिलाफ है और इससे वैश्विक तनाव बढ़ सकता है, साथ ही जापानी नागरिकों की सुरक्षा पर भी खतरा हो सकता है। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरु किहारा ने कहा, तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच नई नीति जापान की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



### दूसरे विश्वयुद्ध के बाद बना था शांतिवादी संविधान

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अपने शांतिवादी संविधान के तहत जापान लंबे समय तक अधिकांश हथियारों के निर्यात पर रोक लगाए रहा। हालांकि, हाल के वर्षों में वैश्विक और क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के कारण इसमें कुछ ढील दी गई, लेकिन निर्यात को बचाव, परिवहन, सतर्कता, निगरानी और बारूदी सुरंग हटाने के केवल पांच क्षेत्रों तक सीमित रखा गया था। नए दिशा-निर्देश इन सीमाओं को समाप्त करते हैं और लड़ाकू विमान, मिसाइल और विध्वंसक जैसे उपकरणों के निर्यात को अनुमति देते हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। किसी भी स्थिति को समझकर निर्णय लें। जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज सही प्लानिंग करने पर आगे चलकर लाभ मिलेगा। आपका ध्यान धन और स्थिरता पर रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**मिथुन** — आज आप एक्टिव और निर्णायक रहेंगे। फोकस बनाए रखना जरूरी है। सही दिशा में प्रयास करेंगे, तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** — आज शांत रहकर काम करना बेहतर रहेगा। हर बात में शामिल होने की जरूरत नहीं है। अपनी ऊर्जा सही जगह इस्तेमाल करें।

**सिंह** — आज नया अवसर मिल सकता है। नेटवर्क मजबूत करने का दिन है। लोगों से जुड़कर काम करने का फायदा मिलेगा।

**कन्या** — आज काम को लेकर गंभीरता रखें। कोई जिम्मेदारी आपके ऊपर आ सकती है, उसे टालने के बजाय पूरा करना ही बेहतर रहेगा।

**तुला** — आज बदलाव आपके लिए अच्छा साबित होगा। आपको नया सीखने का मौका मिलेगा। पुराने तरीका छोड़कर नया अपनाना फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक** — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी से बचें।

**धनु** — आज रिश्तों और सहयोग पर ध्यान देना होगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। बातचीत में स्पष्टता रखें।

**मकर** — आज काम का दबाव रहेगा। आपको लगातार व्यस्त रहना पड़ेगा। सही प्राथमिकता तय करेंगे तो दिन आपके पक्ष में जाएगा।

**कुंभ** — आज रचनात्मक सोच आपके काम आएगी। कुछ अलग करने का मन करेगा। अपने तरीके से काम करें।

**मीन** — आज किसी बात को सुलझाने का समय है। बाहर से ज्यादा अंदर की स्थिति पर फोकस करें। निजी मामलों पर ध्यान दें।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 22 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 22.49 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-आर्द्रा 22.13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 |

### सुडोकू -127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 4 | | 5 | | |
| | 5 | | | 6 | 1 | | | |
| | | 9 | | | 3 | | | |
| | 6 | 3 | | 7 | | 2 | | |
| | 8 | | 3 | | 9 | | 4 | |
| | | 2 | | | 6 | 8 | 9 | |
| | | | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 2 | 3 | | | | |
| | | 5 | | 9 | | 1 | | |







**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

लखनऊ सुपर जॉयंट्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-283 रन
- शुभमन गिल गुजरात-251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु-247 रन

**पर्पल कैप**



- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 11 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ- 11 विकेट

# लखनऊ सुपर जॉयंट्स के टॉप आर्डर को जोफ्रा आर्चर से रहना होगा सावधान

**लखनऊ, एजेंसी**

आईपीएल 2026 में हार की हैट्रिक लगा चुकी लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) अपने घर में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना करेगी। लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने वाली आरआर ने भी पिछले दो मैचों में लगातार हार झेली है। हालांकि, इसके बावजूद आरआर की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, लेकिन एलएसजी नौवें स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए छह में से चार मैच आरआर ने जीते हैं। इकाना स्टेडियम में दोनों टीमों की अब तक एक ही भिड़ंत हुई है जिसमें आरआर ने आसानी से जीत दर्ज की थी।

आईपीएल 2025 से अब तक एलएसजी ने अपने घर में नौ में से सात मैच गंवाए हैं तो आगामी मैच से पहले उनके ऊपर भारी दबाव होगा। एलएसजी के टॉप ऑर्डर की परीक्षा लेंगे आर्चर इस सीज़न लगातार तीन मैच हो चुके हैं जिनमें जोफ्रा आर्चर ने पहली गेंदों पर ही विकेट निकाले हैं। अब उनका सामना एलएसजी के उस टॉप ऑर्डर से होगा जो इस सीजन काफ़ी संघर्ष करती दिख रही है। इस सीजन पावरप्ले में आर्चर ने छह पारियों में 8.6 की इकॉनमी के साथ छह विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक-रेट 11 का रहा है। एलएसजी का टॉप आर्डर इस सीजन काफ़ी ख़राब फ़ॉर्म में दिख रहा है। मिचेल मार्श ने इस सीज़न 134 और ऋषभ पंत ने 136 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। मार्श ने छह पारियों में 155 रन बनाए हैं और अब तक एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। पंत ने एक अर्धशतक तो लगाया है, लेकिन इस सीजन अब तक केवल 147 रन ही बना पाए हैं। एडन मारक्रम टीम के सबसे अच्छे बल्लेबाज़ नजर आए हैं जिन्होंने छह पारियों में 160 की स्ट्राइक-रेट से 162 रन बनाए हैं। क्या आरआर के ओपनर्स को परेशान करेंगे प्रिंस? आरआर के ओपनर बल्लेबाज़ों ने इस सीजन धमाकेदार प्रदर्शन किया है और ख़ास तौर से पावरप्ले में उन्होंने काफ़ी तेज़ी से रन बनाए हैं। अब उनका सामना प्रिंस यादव से होगा जो इस सीजन शानदार गेंदबाज़ी कर रहे हैं।

## मैच में चप्पे-चप्पे पर होगी निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे स्टेडियम परिसर को तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में विभाजित कर हर स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की गई है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्ध गतिविधियों, अराजकतत्वों और टिकट ब्लैक करने वालों पर नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम से अधिकारी लगातार सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था बबलू कुमार के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था में एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस), एंटी माइन टीम, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वायड, अर्धसैनिक बल और पुलिस मिलाकर 2000 से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। इसके तहत तीन पुलिस उपायुक्त, छह अपर पुलिस उपायुक्त, 16 सहायक पुलिस आयुक्त, 35 इंस्पेक्टर, 254 दरोगा और 465 सिपाही ड्यूटी पर रहेंगे।



अभ्यास के दौरान एक दुसरे से मिलते एलएसजी व राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी।

# अभिषेक बने हैदराबाद की जीत के सूरज

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से दी शिकस्त



**हैदराबाद, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के 10 चौकों और 10 छक्कों से सजे नाबाद 135 रन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को 47 रन से करारी शिकस्त दे दी। हैदराबाद ने दो विकेट पर 242 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद दिल्ली को नौ विकेट पर 195 रन पर थाम लिया। हैदराबाद सात मैचों में अपनी चौथी जीत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि दिल्ली छह मैचों में तीसरी हार के साथ पांचवें स्थान पर है।

विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की तरफ से नीतीश राणा ने 57, समीर रिजवी ने 41, के एल राहुल ने 37 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 27 रन बनाए। हैदराबाद की तरफ से ईशान मलिंगा ने 32 रन देकर चार विकेट झटके। हर्ष दुबे ने पारी के आखिरी ओवर में तीन विकेट हासिल किये। इससे पहले टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरे अभिषेक ने मात्र 68 गेंदों में अपनी नाबाद शतकीय पारी खेली। यह उनका आईपीएल में दूसरा शतक और ओवरआल टी 20 में नौंवां शतक है जिसके साथ ही वह टी 20 में सर्वाधिक शतक बनाने में रन मशीन विराट कोहली की बराबरी पर आ गए हैं। यह आईपीएल इतिहास में पांचवां सर्वाधिक स्कोर भी है। अभिषेक शर्मा ने एकदम सही समय पर धमाकेदार शुरुआत की और अपना दूसरा आईपीएल शतक पूरा किया। 135 रन बनाकर नाबाद रहे-जो टूर्नामेंट में उनका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था-उन्होंने पूरी पारी में बल्ला चलाते हुए 10 लंबे छक्के मारे। हालांकि हेड और क्लासेन ने बहुत अच्छा साथ दिया, लेकिन अभिषेक की पारी शानदार थी; 49 रन पर उन्हें एक लाइफलाइन मिली जब राहुल ने एक आसान रन-आउट का मौका गंवा दिया। उन्हें 87 रन के स्कोर पर नीतीश राणा ने भी बॉउंड्री पर जीवनदान दिया। इन दो मौकों को छोड़कर उनकी पारी पूरी तरह बेदाग़ रही। ट्रेविस हेड 26 गेंदों पर 37 रन में दो चौके और दो छक्के मारे। क्लासेन ने मात्र 13 गेंदों पर नाबाद 37 रन में तीन चौके और तीन छक्के मारे। कप्तान ईशान किशन ने 13 गेंदों पर 25 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया। 243 रन के टारगेट का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स कभी ठीक से चल नहीं पाई। राहुल और नीतीश राणा ने 50 से ज़्यादा रन की पार्टनरशिप करके टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन वे तब आउट हुए जब इनिंग्स ने थोड़ी रफ़्तार पकड़नी शुरू की थी।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 2 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### ऑरेंज आर्मी के सामने परफॉर्म करना स्पेशल : शर्मा

आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 135 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा ने कहा कि ऑरेंज आर्मी के सामने परफॉर्म करना हमेशा स्पेशल होता है। अभिषेक ने शतकीय पारी खेलने के बाद कहा कि पिछले साल के शतक की तुलना इस साल के शतक से कर सकते हैं। हर कोई जानता है कि इस ग्राउंड के लिए मेरा प्यार बेमिसाल है। लेकिन हाँ, जिस तरह से उन्होंने डेथ ओवर्स में बॉलिंग की, मुझे लगा कि वे असल में अपने प्लान पर काम कर रहे थे और बस, मुझे लगता है कि मैंने डेथ बैटिंग की ठीक से प्रैक्टिस नहीं की है। यही सिचुएशन थी। लेकिन जिस तरह से क्लासी ने इनिंग्स खत्म की, मुझे लगता है कि इससे वहां के टोटल में सच में मदद मिली।

# तिलक काफी प्रतिभावान बल्लेबाज : हार्दिक पंड्या

**अहमदाबाद, एजेंसी**

सोमवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) पर मिली जीत को मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने "टीम के लिए बहुत जरूरी" बताया। हार्दिक ने गेंद से जॉस बटलर को आउट किया और इससे पहले तिलक वर्मा के साथ 81 रनों की साझेदारी भी की। इससे आईपीएल 2026 में उनके लगातार चार हार का सिलसिला भी टूट गया। तिलक इस मैच के सबसे बड़े सितारे रहे। उनकी 45 गेंदों में नाबाद 101 रन की पारी ने एमआई को आख़िरी चार ओवरों में 73 रन बनाने में मदद की और उन्होंने जीटी के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। हार्दिक ने मैच के बाद ब्रॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि तिलक के पास जितनी प्रतिभा है, उन्हें ज़्यादा चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। मैं उन्हें बस यही कहता रहा कि गेंद को देखो और मारो। क्योंकि मुझे सच में लगता है कि उनके बल्ले से गेंद जिस तरह निकलती है, वह बहुत ख़ास है। समय आ गया था कि वह आकर प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि मैं डगआउट में इतना ज़ोर से चिल्लाया कि मुझे थोड़ा चक्कर आ गया। लेकिन यह टीम के लिए जरूरी था, तिलक के लिए जरूरी था, मुंबई इंडियंस के लिए जरूरी था। एक कप्तान के तौर पर भी मुझे उस तरह की ऊर्जा चाहिए थी ताकि चीज़ें बदली जा सकें।



## नरवाल को स्वर्ण, चिराग को कांस्य पदक

**काहिरा।** भारत के शीर्ष निशानेबाज शिवा नरवाल ने लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार वापसी करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। चिराग शर्मा ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पनाह भुगरा ने रजत पदक जीतकर देश के पदकों की संख्या तीन कर दी। नरवाल ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 241.8 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चिराग ने 218.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि एक अन्य भारतीय निशानेबाज अभिनव देशवाल 136.7 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। पनाह भुगरा ने महिला 10 मीटर एयर राइफल में क्वालीफिकेशन में 629.4 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने लगातार स्थिर प्रदर्शन करते हुए 250.6 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

**हाईलाइट**

## आयुष म्हात्रे आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है। म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें छह से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने सोशल मीडिया पर कहा कि आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।

## हेडन ने गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों को लताड़ा

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के हाथों मिली 99 रन की हार के लिए अपने खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना करते हुए इसके लिए अपने बल्लेबाजों के 'भयावह प्रदर्शन' और डेथ ओवरों में खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया। इस मैच में मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने अंतिम चार ओवर में 73 रन बनाकर पांच विकेट पर 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 100 रन पर ढेर हो गई, जिसमें वाशिंगटन सुंदर के 26 रन सर्वोच्च स्कोर रहा।

## हॉकी इंडिया के महासचिव अवमानना के दोषी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को जानबूझकर उसके आदेश की अवहेलना करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि वह चार मई को सजा के मुद्दे पर सुनवाई करेंगे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने भोलानाथ सिंह को 'उचित समझे जाने वाले उपाय' करके अवमानना को 'सुधारने' की स्वतंत्रता दी। कोर्ट ने हॉकी इंडिया की निर्वाचित उपाध्यक्ष सईद असीमा अली द्वारा दायर अवमानना से संबंधित याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाया।

# अंतरराष्ट्रीय संस्था ने भारतीय वॉलीबॉल महासंघ की मान्यता की रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

विश्व वॉलीबॉल महासंघ (एफआईवीबी) ने 'कानूनी और प्रशासनिक मानकों' के उल्लंघन का हवाला देते हुए भारतीय वॉलीबॉल महासंघ की मान्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब कुछ दिन पहले ही दो अनुभवी खिलाड़ियों ने 'खराब सुविधाओं' तथा चयन में 'राजनीति' का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय शिविर छोड़ दिया था।

एफआईवीबी ने बयान में कहा कि उसके नियमों के अनुरूप आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक शर्तों का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण भारतीय संघ की अंतरिम मान्यता वापस ले ली गई है। एफआईवीबी ने देश में खेल की निरंतरता और खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए एक संचालन समिति गठित की है, जिसमें विश्व संस्था और भारतीय ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि शामिल हैं। संचालन समिति का मुख्य उद्देश्य बदलाव के इस दौर में खेल संचालन में स्थिरता, पारदर्शिता और सुशासन सुनिश्चित करना है। इसके तहत खिलाड़ियों के हितों की सुरक्षा, एथलीट आयोग का गठन, राज्य संघों के चुनाव और संविधान को कानूनी मानकों के अनुरूप बनाना शामिल है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की नजरें स्मृति व दीप्ति पर

**तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच**

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत की राह पर लौटकर श्रृंखला में अपनी दावेदारी बरकरार रखना चाहेगी। इसके लिए उसे स्मृति मंधाना व ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। तीसरे मैच को जीतकर श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाना चाहेगी।

टीम की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज स्मृति शुरुआती दो मैच में 13 और 12 रन ही बना पाई हैं। भारतीय टीम इन मुकाबलों में 157 और 147 रन ही बना सकी जिन्हें मेजबान टीम ने आसानी से जीत लिया। टीम के लिए दीप्ति की फॉर्म अधिक चिंता का विषय है। पहले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने नाबाद एक रन बनाया जबकि दूसरे मैच में छठे नंबर पर खेलते हुए भी एक रन बनाकर आउट हुईं।

दोनों ही मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारतीय पारी काफी हद तक स्मृति की तेजतर्रार शुरुआत पर निर्भर करती है और बाएं हाथ की यह बल्लेबाज पहले दो मैच के खराब प्रदर्शन की भरपाई करना चाहेंगी।



## महिला टी20 में भारतीय खिलाड़ियों के रैंकिंग में उछाल

**दुबई।** भारत की ओपनर शेफाली वर्मा डरबन में दूसरे टी20 में 38 बॉल में 57 रन बनाने के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिंग रैंकिंग में दो स्लॉट ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गई हैं। ओपनर ने दो छक्के और चार चौके मारे, लेकिन यह उनकी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने मैच आठ विकेट से जीत लिया। मेजबान टीम वीकेंड की शुरुआत में छह विकेट से मिली जीत के बाद पांच मैचों की सीरीज़ में 2-0 से आगे है, इस हफ्ते मैच डरबन से जोहान्सबर्ग शिफ्ट हो रहे हैं। वर्मा की तरक्की से वेस्टइंडीज की कैप्टन हेली मैथ्यूज एक स्लॉट ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गई हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले मैच में 33 बॉल में नाबाद 47 रन बनाए थे, जिससे उन्हें दो स्लॉट ऊपर चढ़कर जॉइंट 11वें नंबर पर जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कैप्टन लॉरा वोल्वार्ट अब तक सीरीज़ में सबसे ज़्यादा 105 रन बना चुकी हैं, उन्होंने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। वह बैट्समैन में पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। लिस्ट में दूसरी रैंकिंग में एनेरी डर्कसेन और सुने लुस शामिल हैं।

**लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाइर्स**

**लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई यह सेरेमनी**

# अल्काराज़ और सबालेंका को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**मैड्रिड, एजेंसी**

स्पेनिश टेनिस प्लेयर कार्लोस अल्काराज को सोमवार रात 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स में वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया। अल्काराज ने साइकिलिस्ट तादेज पोगाकर, जिन्होंने 2025 में अपना चौथा टूर डी फ्रांस जीता था, और कई दूसरी रेस जीती थीं, और अपने मुख्य टेनिस राइवल, जानिक सिनर जैसे कैंडिडेट्स को हराया।

टेनिस को एक और कामयाबी तब मिली जब आर्यना सबालेंका को वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर चुना गया। उन्होंने कहा कि इस समय स्पोर्ट्स में बहुत सारी मजबूत, महान और इंस्पायरिंग महिलाएं हैं। उन्होंने एक ऐसे कमरे में शुक्रिया अदा किया जहां "बहुत सारे स्टार्स" थे।

यह सेरेमनी लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई, जिसमें टेनिस प्लेयर नोवाक जोकोविच और चीनी फ्रीस्टाइल स्कीयर गु ऐलिंग प्रेजेंटिंग ड्यूटी पर थे। गु ने अपनी नई भूमिका की तुलना स्कीइंग से करते हुए कहा कि दोनों से उनके पेट में "तितलियाँ" दौड़ जाती हैं। एफसी बार्सिलोना के स्पेन इंटरनेशनल खिलाड़ी लैमिन यामल को वर्ल्ड यंग स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर चुना गया, गु ने अपनी जीत का एक कारण यह बताया कि उनका "पूरी पीढ़ी पर" असर पड़ा है। एक और फुटबॉल जीत हुई जब यूरोपियन चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन को लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड मिला, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम और भारत महिला क्रिकेट टीम जैसे अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वर्ल्ड कमबैक ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड मौजूदा यूएस मास्टर्स गोल्फ चैंपियन रोरी मैक्लरॉय को मिला, जिन्होंने यूरोप को यूनाइटेड स्टेट्स में राइडर कप जीतने में भी मदद की थी। मैक्लरॉय ने कहा, "मैं कई बार बाल-बाल बचा, लेकिन इससे मुझे और मेहनत करना और कभी हार न मानना सिखाया और पिछले साल ऑगस्टा में इसका इनाम मिला।"



उन्होंने दो हफ़्ते से भी कम समय पहले अपना मास्टर्स टाइटल बरकरार रखा था। फ़ॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन लैंडो नोरिस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ़ द ईयर के विनर रहे, इस कैटेगरी में चीन के यू ज़िदी भी नॉमिनीज़ में से एक थे। वर्ल्ड स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर विद अ डिसेबिलिटी ब्राज़ील के पैरालंपिक स्विमर गैब्रियल अराउजो बने, जबकि क्लोई किम को 2019 और 2020 में लगातार जीत के बाद तीसरी बार वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर चुना गया। स्पोर्टिंग इंस्पिरेशन अवॉर्ड रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख के पूर्व मिडफील्डर टोनी क्रूस के लिए था, जिनकी एक एकेडमी है और वे अपने देश जर्मनी में बीमार बच्चों के साथ काम करते हैं। उन्होंने अपनी एक्सेप्टेंस स्पीच में कहा, "अगर हम सब एक हो जाएं और मिलकर काम करें, तो हम सब एक बड़ा कदम आगे बढ़ा सकते हैं।" जबकि फुटबॉल मास प्रोजेक्ट को स्पोर्ट फ़ॉर गुड अवॉर्ड मिला।

# सूर्यकुमार यादव स्केचर्स क्रिकेट टीम में हुए शामिल

**मुंबई, एजेंसी**

स्केचर्स, द कम्फर्ट टेक्नोलॉजी कंपनी, सूर्यकुमार यादव को साइन करके अपने क्रिकेट सफर को तेज कर रही है-जो इंडियन क्रिकेट टीम के सबसे काबिल और असरदार बैट्समैन में से एक हैं और हाल ही में 2026 टी 20 वर्ल्ड कप चैंपियन बने हैं। अपनी कंसिस्टेंसी, शांत और मैच जिताने वाले परफॉर्मेंस के लिए मशहूर, सूर्यकुमार यादव अब स्केचर्स क्रिकेट फुटवियर में खेल रहे हैं और क्रिकेट और दूसरे परफॉर्मेंस फुटवियर कलेक्शन को सपोर्ट करने वाले ब्रांड के मार्केटिंग कैंपेन में शामिल होंगे।

इस एसोसिएशन पर बात करते हुए, टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप कैप्टन, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि क्रिकेट के सबसे ऊंचे लेवल पर, आराम आपको फोकस्ड और कंसिस्टेंट रहने में मदद करने में अहम रोल निभाता है। आराम को परफॉर्मेंस के साथ जोड़ने का स्केचर्स का तरीका सच में सबसे अलग है और इसी वजह से यह ब्रांड मेरे लिए एकदम सही है। चाहे मैच का दिन हो या ट्रेनिंग, उनके जूते खेल की ज़रूरतों को पूरा करते हैं, और मैं स्केचर्स परिवार का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। मुंबई में जन्मे, सूर्यकुमार यादव ने 35 साल की उम्र में खुद को एक डाइनैमिक राइट-हैंडेड टी20 बैट्समैन के तौर पर स्थापित किया है।